सच, सिर्फ सच *

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 18 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 18, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## ओडिशा को मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

ओडिशा सरकार ने कहा कि कोलकाता में आयोजित निवेशक सम्मेलन और रोड-शो के दौरान उसे एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। } 14

## ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर समर्थन नहीं करने वाले देशों को दी चेतावनी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका के नियंत्रण का समर्थन न करने वाले देशों को वह शुल्क लगाकर दंडित कर सकते हैं। } 16

## मौनी अमावस्या से पहले 1.5 करोड़ ने संगम में लगायी डुबकी

### श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा



जिला संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में जारी माघ मेले में मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व शनिवार को शाम छह बजे तक करीब 1.5 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या स्नान के लिए आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है। इससे पूर्व, मकर संक्रांति स्नान पर्व पर 1.03 करोड़ स्नानार्थियों ने जबकि एकादशी पर लगभग 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल को दीं कई सौगात

### 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल व सड़क परियोजनाओं की शुरुआत

एजेंसी

मालदा (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हावड़ा एवं गुवाहाटी के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा पश्चिम बंगाल में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल एवं सड़क परियोजनाओं की शुरुआत की।

मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई, जो न्यू जलपाईगुड़ी को नागरकोइल और तिरुचिरापल्ली तथा अलीपुरद्वार को एसएमवीटी बेंगलुरु और मुंबई (पनवेल) से जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री ने मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच देश की सबसे उन्नत और पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की पहली जोड़ी का उद्घाटन किया। उन्होंने गुवाहाटी-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को भी यहीं से डिजिटल तरीके से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूरी तरह वातानुकूलित स्लीपर



ट्रेन से हावड़ा-गुवाहाटी मार्ग पर यात्रा समय लगभग 2.5 घंटे कम होने की उम्मीद है। फिलहाल ट्रेन से हावड़ा से गुवाहाटी जाने में 18 घंटे लगते हैं। मोदी ने उद्घाटन समारोह में कहा कि नयी परियोजनाएं, विशेष रूप से नयी ट्रेन क्षेत्र के युवाओं को सशक्त बनाएंगी। मोदी ने कहा एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### रिश्वत लेने के आरोप में तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

बहराइच। कोलकाता से एक लड़की के अपहरण के मामले में हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति को रिहा करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। कथित अपहरणकर्ता के बहनोई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में जिन तीन पुलिस कर्मियों के नाम बताए गए हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्वाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने जिस समय पीड़िता को बचाया, उस समय कथित अपहरणकर्ता ने उसे अपने बहनोई के घर में रखा था। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने शनिवार को बताया कि गजेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति ने कोलकाता से एक लड़की का कथित तौर पर अपहरण किया और उसे बहराइच ले आया। लड़की को धनौली गौरा गांव में गजेंद्र के बहनोई मुनीजर सिंह के घर पर रखा गया था। यह गांव मटेरा थाने की सीमा में आता है। लड़की के परिवार ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के एक थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज कराया।

### दिल्ली के कई इलाकों की हवा बेहद खराब

नयी दिल्ली। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक आज शाम चार बजे 400 दर्ज किया गया था, जो बढ़कर रात आठ बजे 428 हो गया। पश्चिमी विक्षोभ, प्रतिकूल मौसम और प्रदूषकों के फैलाव में कमी जैसे कारकों के कारण एक्यूआई में यह तेजी देखी गई। जिसके बाद दिल्ली एनसीआर में ग्रैप 4 लागू हो गया है। यह कदम मौजूदा ग्रैप के स्टेज 1, 2 और 3 के तहत एनसीआर में पहले से लागू किए जा रहे उपायों के अतिरिक्त है। ग्रैप-4 में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को नियंत्रित करने के लिए और अधिक कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। इन उपायों में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर रोक, औद्योगिक गतिविधियों पर अंकुश, और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल हो सकता है।

# सशक्त लोकतंत्र के लिए मजबूत न्यायपालिका जरूरी

### चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया जिलों के एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास







जिला संवाददाता

चंदौली (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र के सशक्तीकरण के लिए मजबूत न्यायपालिका जरूरी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने चंदौली में योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया जिलों के एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधान न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में न्यायपालिका के एक नये पृष्ठ का सृजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा उप्र सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़ा कोई भी कार्य आता है तो उसे पूरा होने में कोई देर नहीं लगती है। हमें न्यायिक सुविधाओं को और सुदृढ़ करने में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। उप्र इस दिशा में बहुत आगे बढ़ चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये छह जिले न्यायपालिका के विस्तार के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होंगे, जिसका उद्देश्य यह है कि न्याय हर नागरिक तक पहुंच सके। आदित्यनाथ ने कहा आज धन की कमी नहीं है, इच्छा शक्ति की कमी जरूर दिखती है। आप दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कार्य करिए सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। इन न्यायालय परिसरों के निर्माण में करीब 1,500 करोड़ रुपये का खर्च आने की संभावना है। चंदौली में बनने वाले अदालत ...शेष पृष्ठ 14 पर

### जिला अदालत की स्थापना से पूरा होगा न्याय तक पहुंच का सपना : सूर्यकांत

चंदौली (उप्र)। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसरों का शनिवार को शिलान्यास किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस मौके पर कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाले ये छह एकीकृत न्यायालय परिसर पूरे देश के लिए एक उदाहरण एवं मानक स्थापित करेंगे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यहां चंदौली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया जिलों के एकीकृत न्यायालय परिसरों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलान्यास (भूमि पूजन) किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शिलान्यास करने से पहले अपने संबोधन में कहा एक बार जब ये (एकीकृत न्यायालय परिसर) बन जाएंगे, तो मुझे लगता है कि उत्तर प्रदेश पूरे भारत के लिए एक उदाहरण स्थापित करेगा। ये परिसर पूरे देश के लिए एक मानक बनेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा मैं जिस भी राज्य में जाऊंगा, गर्व और खुशी के साथ उत्तर प्रदेश का उदाहरण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सहायक अध्यापक की नियुक्ति के लिए बीएड की योग्यता अनिवार्य

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि बीएड की योग्ता नहीं रखने वाले किसी भी व्यक्ति की सहायक अध्यापक/ प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) के पद पर नियुक्ति नहीं की जाएगी।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) परीक्षा-2014 के लिए इस पद का विज्ञापन निकाला गया था। हालांकि, अदालत ने प्रतिवादियों को चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की पीठ ने विनोद कुमार यादव और चार अन्य द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह आदेश पारित किया। अदालत ने प्रदेश के महाधिवक्ता को नोटिस जारी करते हुए राज्य सरकार, उप्र लोक सेवा आयोग और अन्य को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 13 मार्च, 2026 तय की। उल्लेखनीय है कि उप्र लोक सेवा आयोग ने उक्त पदों के लिए बीएड की डिग्री को तरजीही योग्ता बनाई थी। याचिकाकर्ताओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अल-फलाह ने आरोपी डॉक्टरों को बिना पुलिस जांच के दी थी नियुक्ति

एजेंसी

नयी दिल्ली। फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय ने अन्य विशेषज्ञों सहित तीन चिकित्सकों की नियुक्ति बिना किसी पुलिस जांच या सत्यापन के की थी। इन तीन चिकित्सकों में से दो को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गिरफ्तार किया है और तीसरा लालकिला के पास नवंबर 2025 में हुए धमाके का कथित आत्मघाती हमलावर था। प्रवर्तन निदेशालय की जांच से यह जानकारी सामने आयी है।

❍ ईडी की जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा

समझा जाता है कि विश्वविद्यालय के प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत एजेंसी ने विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षकों के बयानों को दिल्ली की अदालत में शुक्रवार को दाखिल आरोपपत्र में संलग्न किया है।

अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी (61) और विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) धाराओं के तहत दर्ज शिकायत में दो आरोपियों के रूप में नामजद हैं। लगभग 260 पन्नों के आरोपपत्र में सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट पर छात्रों द्वारा भुगतान की गई फीस से अवैध धन जुटाने और साथ ही अपने संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आत्मनिर्भर राज्य की नींव रखना लक्ष्य : धामी

### सीएम ने उत्तराखंड में संभावनाओं का नया द्वार कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार की नीतियों का लक्ष्य केवल वर्तमान को संवारना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर राज्य की नींव रखना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड : संभावनाओं का नया द्वार संवाद कार्यक्रम में सरकार की दूरदर्शी सोच और निर्णायक फैसलों को विस्तार से रखा।

संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिको को सम्बोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ऐसे फैसले लिए हैं, जिनकी दृष्टि दूरगामी है। ये निर्णय न केवल वर्तमान की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते



हैं, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य को स्थायित्व और सुरक्षा प्रदान करते हैं।

धर्मांतरण विरोधी कानून पर बोलते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जबरन, लालच या किसी साजिश के तहत किए जाने वाले धर्मांतरण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कानून समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से लागू किया गया है, ताकि प्रत्येक नागरिक को अपनी आस्था के चयन की पूर्ण स्वतंत्रता मिल सके।

रोजगार के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते साढ़े चार वर्षों में 27 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी गई है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और नकल विरोधी कड़े कानूनों के चलते युवाओं का शासन प्रणाली पर विश्वास मजबूत हुआ है। सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार सृजन नहीं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये कई भारतीय ईरान से लौटे

एजेंसी

नयी दिल्ली। ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर जारी व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये स्वदेश लौट आए हैं।

❍ हालात बेहद खराब इंटरनेट बंद होने से बढ़ी दिक्कतें

अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय नागरिकों को लेकर आने वाली कई वाणिज्यिक उड़ानें शुक्रवार रात दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरीं। हालांकि, फिलहाल यह ज्ञात नहीं है कि इन उड़ानों से कितने भारतीय स्वदेश लौटे हैं। अली नकवी उन 12-13 यात्रियों के समूह में शामिल थे, जो एक वाणिज्यिक उड़ान से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें ईरान में कोई समस्या झेलनी पड़ी, नकवी ने कहा, हमें किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। नकवी ने कहा, हम तेहरान से लौट आए हैं। पहले हम इराक में थे, फिर ईरान गए। वहां आठ दिन रुकने के बाद हम भारत लौट आए हैं। शिराज के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने कहा, इंटरनेट काम नहीं कर रहा था। इसलिए, हमें ठीक से पता नहीं था कि देश में क्या हो रहा है। छात्रा ने बताया कि वह जिस शहर में रह रही थी, वहां हालात ठीक थे। उसने कहा, हम भारत सरकार की ओर से किए गए इंतजाम के तहत नहीं, बल्कि खुद से एक वाणिज्यिक उड़ान के जरिये वापस ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 7.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ जीरो पावर्टी अभियान को धार देंगे यूनिवर्सिटी-कॉलेज (पृष्ठ-02)
❍ इंडी गठबंधन सरकारों का रवैया लोकतंत्र वरोधी (पृष्ठ-02)
❍ मुंबई में महापौर पद को लेकर फंसा पेंच (पृष्ठ-14)
❍ इंडिगो एयरलाइन पर 22.20 करोड़ का जुर्माना (पृष्ठ-14)
❍ 28 से हैदराबाद में होगी विमानन प्रदर्शनी विंग्स इंडिया (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये अलाव, लोगों ने ली राहत की सांस

# गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए जलवाते रहेंगे अलाव : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए रविवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले मुसाफिरों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापे।

रविवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते दिखे। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर







दास की इस मानवीय पहल का मुक्त कंठ से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की।

गौरतलब है कि जाड़े में रात काटना गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ता है। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत सारे गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। शहर के हर गली-मोहल्लों व चौराहों पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग रविवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मंदिरों को तोड़ने का झूठ फैला रही है कांग्रेस : मुख्यमंत्री

## निशाने पर कांग्रेस, सीएम बोले: मंदिरों को तोड़ने के एआई जेनरेटेड वीडियो दिखाकर फैलाया जा रहा भ्रम

विशेष संवाददाता (vol)



**काशी।** जब काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो रहा था, तब भी कुछ लोगों ने साजिशें रची थीं। यहां तक कि जिन वर्कशॉप में मूर्तियां बनती हैं, वहां से टूटी हुई मूर्तियों के अवशेष लाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए और सफेद झूठ फैलाया गया कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं।

कांग्रेस पर यह सीधा हमला बोला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। मुख्यमंत्री शनिवार को वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

दरअसल पिछले एक-दो दिनों से सोशल मीडिया पर काशी के मंदिर व मणिकर्णिका घाट को तोड़ने के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन्हीं आरोपों का जवाब देने के लिए सीएम खुद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने इन वीडियो की सत्यता को सिरे से खारिज करते हुए कहा, यहां पर पिछले 11 वर्षों में हुए समग्र विकास की परियोजना को बाधित करने के लिए जो साजिशें रची जा रही हैं और जिस प्रकार का दुष्प्रचार किया जा रहा है, इसके बारे में सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसीलिए मुझे आज यहां पर आना पड़ा।

उन्होंने कहा कि काशी के प्रति हर सनातन धर्मावलम्बी व हर भारतवासी अपार श्रद्धा का भाव रखता है, लेकिन स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था, काशी का जो विकास होना चाहिए था, वो नहीं हुआ। पिछले 11 वर्षों में काशी एक बार फिर अपनी आध्यात्मिक व सांकृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उनका संवर्धन कर रही है और भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को भी प्राप्त कर रही है।

### देश की जीडीपी में काशी का योगदान 1.3 लाख करोड़

कॉरिडोर बनने के बाद काशी में आए परिवर्तन को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने से पहले यहां प्रतिदिन औसतन पांच हजार से 25 हजार श्रद्धालु आते थे। कॉरिडोर बनने के बाद प्रतिदिन सवा लाख से डेढ़ लाख श्रद्धालु यहां दर्शन कर रहे हैं। विशेष अवसरों पर यह संख्या 6 से 10 लाख तक पहुंचती है। गतवर्ष 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन किए। बाबा विश्वनाथ धाम बनने के बाद से अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपए का योगदान किया है।

### मंदिर तोड़े नहीं गये, पुनरुद्धार हुआ

सीएम ने सीधे-सीधे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब काशी विश्वनाथ धाम बन रहा था, तब भी कांग्रेस ने सफेद झूठ फैलाया कि मंदिर तोड़े गए, जो कि सरासर गलत है। उन मंदिरों का पुनरुद्धार हुआ है, वे आज भी वैसे ही हैं। फर्क इतना है कि पहले जीर्णशीण हालत में थे, अब उनका पुनरुद्धार हो चुका है।

### पीएम कहते हैं 'मेरी काशी'

सीएम योगी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की संसद में काशी का प्रतिनिधित्व स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं और वह अक्सर अपने भाषणों में कहते हैं, 'मेरी काशी'। प्रारम्भ से ही उन्होंने कहा है कि काशी की पुरानी काया को संरक्षित करते हुए उसे नए कलेवर के रूप में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए और उसी के अनुरूप काशी की परियोजनाएं तैयार हुईं।

### कांग्रेस क्यों वापस नहीं लायी मां अन्नपूर्णा की मूर्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौ वर्ष पहले माता अन्नपूर्णा की मूर्ति यहां से चोरी कर यूरोप पहुंचा दी गई थी। प्रधानमंत्री के प्रयास से वह मूर्ति वापस आई और काशी विश्वनाथ में उसकी स्थापना की गई। सीएम योगी ने कांग्रेस से सवाल किया कि 1947 से लेकर 2014 तक ज्यादातर समय केंद्र में कांग्रेस की सरकारें रहीं, आखिर उन्होंने यह प्रयास क्यों नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकारों में भारत की विरासत के प्रति सम्मान का भाव ही नहीं था। तुष्टीकरण की राह पर चलकर भारत की आस्था का अपमान करने वाली कांग्रेस कभी भी भारत की विरासत का सम्मान नहीं कर सकती।

**सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली :** सीएम योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान कैसे होता है, यह हमें कांग्रेस से पूछने की आवश्यकता नहीं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर 500 वर्षों के बाद मंदिर निर्माण का कार्य, काशी हो या अयोध्या, मां विंध्यवासिनी धाम हो या प्रयागराज, बौद्ध तीर्थस्थल हो या फिर भारत की विरासत से जुड़े सभी तीर्थस्थल, विरासत के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के सभी कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सकुशल संपन्न हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस द्वारा इस प्रकार की अनर्गल टिप्पणी और उसके नेताओं के इस प्रकार के बचकाने बयान और बचकानी हरकतों को देखकर उन पर हंसी भी आती है और दया भी। इनका यह कृत्य वैसे ही है जैसे 'सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'। जिन लोगों ने विरासत का सदैव अपमान किया, वो आज भी विकास के कार्यों में बाधा पैदा कर रहे हैं। यह स्थिति केवल मणिकर्णिका में ही नहीं है, सच्चाई तो यह है कि ये लोग विकास के हर उस कार्यक्रम में बाधा पैदा करेंगे, जो प्रदेश या देश के विकास से और लोक कल्याण से जुड़ा हो।

# माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा गोरखपुर और संतकबीर नगर में बन रहीं पायलट परियोजनाएं

- गोरखपुर व संतकबीर नगर में राप्ती और कुवानो नदी क्षेत्र में माइक्रो इरिगेशन का विकास
- जल संरक्षण के साथ किसानों को मिलेगा कम लागत में अधिक उत्पादकता का लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं व जल उपयोग दक्षता का विस्तार करने के उद्देश्य से माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इस दिशा में विभाग केंद्र सरकार की मॉडर्नाइजेशन ऑफ कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एमसीएडीडब्लूएम) परियोजना के तहत गोरखपुर और संत कबीर नगर जिलों में माइक्रो इरिगेशन की पायलट परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है।

ये पायलट परियोजनाएं गोरखपुर में कलपईचा/रामगढ़ ताल व राप्ती नदी क्षेत्र में, जबकि संतकबीर नगर में कुवानो नदी क्षेत्र में बनाई जा रही हैं, जो माइक्रो इरिगेशन की पीपीआईएन (प्रेशराइज्ड पाइप्ड इरिगेशन नेटवर्क) तकनीक के जरिए जल उपयोग की दक्षता में लगभग 75 प्रतिशत की वृद्धि लाएंगी। पायलट परियोजनाओं के सफल संचालन के आधार पर इसका विस्तार प्रदेश के अन्य जनपदों में भी किया जाएगा, जो किसानों के लिए लाभप्रद होने के साथ प्रदेश में कृषि क्षेत्र में सतत विकास सुनिश्चित करेगी।

### गोरखपुर और संतकबीर नगर में हो रहा निर्माण

सिंचाई विभाग केंद्रीय परियोजना के तहत गोरखपुर और संत कबीर नगर में कुल छह पायलट परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। इनमें चार परियोजनाओं के फाइनल डीडीआर तैयार हो चुके हैं, जबकि शेष दो परियोजनाओं के कमांड एरिया को लेकर विचार चल रहा है, जिस पर जल्द ही स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना है। परियोजनाओं का कुल सीसीए (कल्चरेबल कमांड एरिया) 2149 हेक्टेयर है, जिसमें गोरखपुर के बांसगांव, मलांव व मझगवां, राजधनी, बरगदवां, जंगल गौरी-1 तथा संतकबीर नगर जिले में प्रजापतिपुर क्लस्टर शामिल हैं। इनमें से गोरखपुर के बांसगांव और जंगलगौरी-1 क्लस्टरों के कमांड एरिया को स्वीकृति मिलते ही, फरवरी 2026 के अंत तक सभी क्लस्टरों में परियोजनाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे क्षेत्र के हजारों किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्हें रबी व खरीफ, दोनों फसलों के उत्पादन में लाभ मिलेगा।

### जल उपयोग दक्षता में होगी 75 प्रतिशत वृद्धि

■ माइक्रो इरिगेशन की ये परियोजनाएं पीपीआईएन तकनीक के जरिए पानी को जलस्त्रोत से सीधे खेतों तक पहुंचाती है, जिससे पानी की बबार्दी में कमी आने के साथ जल उपयोग दक्षता में लगभग 75 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी। परियोजना के तहत पीपीआईएन के जरिए क्षेत्र के सभी जलस्त्रोतों का एकीकरण कर उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही किसानों को माइक्रो इरिगेशन के यंत्र, ड्रिप और स्प्रिंकलर के लिए सहायता भी प्रदान की जाएगी। प्रत्येक क्लस्टर में गठित वाटर यूजर सोसाइटी सिंचाई नेटवर्क के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगी। इन पायलट परियोजनाओं के सफल संचालन के आधार पर परियोजना का विस्तार प्रदेश के अन्य जिलों में भी किया जाना है, जो प्रदेश में माइक्रो इरिगेशन के विकास से पीडीएमसी (पर ड्राप मोर क्रॉप) अवधारणा को सफल बनाएंगी। माइक्रो इरिगेशन की ये परियोजनाएं एक ओर किसानों को कम लागत पर बेहतर उत्पादकता और दीर्घकालिक जल-सुरक्षा प्रदान करेंगी, साथ ही मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश में सतत कृषि के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# मीटर प्रीपेड किए जाने पर नियामक आयोग में होगी अपील

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- पोस्टपेड मीटर को प्रीपेड बनाने पर उपभोक्ताओं में आक्रोश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन अपनी मर्जी से बिजली मीटर का दाम नही बढ़ा सकता है। लेकिन फिर भी मीटर का दाम बढ़ाने पर उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने दावा किया है कि इसके विरोध में नियामाक आयोग में अपील किया जायेगा।

उपभोक्ताओं से सहमति के बिना बिजली मीटर प्रीपेड किए जाने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। विद्युत अधिनियम और कनेक्शन की दरें तय करने वाले आदेश यानी, कॉस्ट डाटा बुक का उल्लंघन बताते हुए इसे नियामक आयोग ले जाने की तैयारी है।

प्रदेश में अब तक 47.43 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बिना उनकी सहमति के प्रीपेड किए जा चुके हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विद्युत अधिनियम की धारा 47(5) उपभोक्ताओं को अधिकार देती है कि वे प्रीपेड मीटर चुनें या पोस्टपेड। उन्हें कोई बाध्य नहीं कर सकता है। कनेक्शन के नए आदेश में भी साफ है कि उपभोक्ताओं के पास पोस्टपेड मीटर चुनने का अधिकार है। प्रदेश में लगभग 31,79,011 उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड किए जाने के बाद बैलेंस नेगेटिव हो गया है। इन पर कुल बकाया राशि 1097 करोड़ रुपये है। उपभोक्ता असमंजस में हैं कि वे पोस्टपेड व्यवस्था में थे और अचानक बिना किसी सूचना या सहमति के उन्हें प्रीपेड मोड में डाल दिया गया। उनके खातों में रकम भी उनकी समझ में नहीं आ रही।

# जीरो पावर्टी अभियान को धार देंगे यूनिवर्सिटी और कॉलेज

## जीरो पावर्टी परिवार के सदस्यों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम पंचायतों को लेंगे गोद

विशेष संवाददाता (vol)

- पायलट प्रोजेक्ट के तहत राजधानी लखनऊ से होगी ग्राम पंचायतों को गोद लेने की शुरुआत
- पायलट प्रोजेक्ट के सफल परिणाम के बाद इसे पूरे प्रदेश में किया जायेगा लागू

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके तहत योगी सरकार जीरो पावर्टी अभियान से प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को जोड़ने पर विचार कर रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय और कॉलेज से एमओयू साइन किया जाएगा।

यह विश्वविद्यालय और कॉलेज जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित निर्धन परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेंगे। इन संस्थानों के एनएसएस, एनसीसी, एमएसडब्ल्यू समेत विभिन्न कोर्स के छात्र जीरो पावर्टी परिवार के सदस्यों को आजीविका, कौशल विकास, रोजगार व सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों में इन्हे जोड़ने के लिए वालंटियर्स के रूप में काम करेंगे। इसकी शुरूआत पायलेट प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले राजधानी लखनऊ से होगी। वहीं सफल परिणाम के बाद चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### संस्थानों के स्तर पर नोडल शिक्षक की होगी तैनाती

प्रमुख सचिव नियोजन एवं जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत के चिन्हित परिवारों को विश्वविद्यालय और कॉलेज के छात्रों द्वारा आजीविका संवर्धन, कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सर्वे करेंगे। इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संस्थानों के स्तर पर नोडल शिक्षक की तैनाती की जाएगी, जो पूरे अभियान की निगरानी करेंगे और ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करेंगे। युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के एनएसएस, एनसीसी और एमएसडब्ल्यू (सोशल वर्क) समेत विभिन्न कोर्स में अध्यनरत छात्रों को भी जोड़ा जाएगा। ये छात्र गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों के सदस्यों की जरूरतों का आकलन करेंगे।

### एमओयू और त्रैमासिक समीक्षा बैठकें की जायेंगी

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए माइक्रो-प्लानिंग की जाएगी। युवाओं को स्किलिंग, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट लिंकेंज से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा जीरो पावर्टी परिवार के युवाओं को आवेदन प्रक्रियाओं में सहायता दी जाएगी ताकि पात्र परिवार किसी भी योजना से वंचित न रहें। इतना ही नहीं योग्य लाभार्थियों की नियमित मेंटरिंग और प्रगति की ट्रैकिंग भी की जाएगी। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का 100 प्रतिशत कवरेज मिले। इसे प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का समन्वय किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी स्तर पर एमओयू और त्रैमासिक समीक्षा बैठकें आयोजित होंगी, ताकि कार्यों की प्रगति का आकलन किया जा सके और आवश्यक सुधार किए जा सकें।

# एक करोड़ लखपति दीदी बनाने की कार्ययोजना तैयार

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने त्रिस्तरीय समितियां गठित करने के दिये निर्देश | लक्ष्य आवंटित कर समूहों से सदस्यों को जोड़ना और लखपति दीदी की श्रेणी में लाना होगा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में महिला सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता और गरीबी उन्मूलन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अन्तर्गत तीन करोड़ पात्र महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किए गए विस्तृत एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि नए स्वयं सहायता समूहों के गठन, नए सदस्यों को जोड़ने तथा लखपति दीदी बनाए जाने के लिए जनपदवार लक्ष्य आवंटन से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी योजना में धनराशि का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अवगत कराया अब तक प्रदेश में 9,06,225 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर 99,39,191 परिवारों की महिलाओं को योजना से आच्छादित किया जा चुका है। निर्देश दिये हैं कि विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शेष पात्र परिवारों को भी अभियान के माध्यम से जोड़ा जाना आवश्यक है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जानकारी दी गयी है कि जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत ऐसे 6,67,075 परिवार चिन्हित किए गए हैं, जो अभी तक समूहों से नहीं जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 2.90 करोड़ राशन कार्डधारक परिवारों में से अवशेष 2.10 करोड़ परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 19,39,967 अवशेष लाभार्थी, 17,38,489 अवशेष विधवा पेंशन लाभार्थी तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना से आच्छादित परिवारों में से छूटे हुए पात्र निर्धन परिवारों की महिलाओं को विशेष अभियान एवं आईईसी गतिविधियों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। इससे महिलाओं को बैंकिंग, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन एवं सामाजिक-सामुदायिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे।

लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा मण्डल, जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं।

# कांग्रेस ने मंदिरों और प्रतिमाओं को ध्वस्त करने पर जताया विरोध

विशेष संवाददाता (vol)



- अभय दुबे बोले, भाजपा सरकार ने मणिकर्णिका घाट पर विध्वंस कर भगवान शंकर और अहिल्याबाई होल्कर का किया अपमान

**नई दिल्ली/लखनऊ।** कांग्रेस ने वाराणसी (काशी) के मणिकर्णिका घाट पर मंदिरों और प्रतिमाओं को ध्वस्त किए जाने पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि विकास के नाम पर विरासत का विनाश किया जा रहा है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने कहा कि विकास और सुंदरीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी (काशी) के हजारों साल पुराने मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और घाटों को तबाह किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता अजय राय ने मणिकर्णिका घाट के सौंदर्यीकरण के नाम पर बुलडोजर चलवाए जाने पर निशाना साधते हुए कहा कि 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा घाट का सुंदरीकरण करने के लिए शिलान्यास किया गया था, लेकिन सौंदर्यीकरण के नाम पर घाट को पूरी तरह तबाह कर दिया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा जीर्णोद्धार किए गए इस घाट पर उनकी मूर्तियों, सैकड़ों साल पुराने मंदिरों और शिवलिंग को ध्वस्त करने के साथ-साथ जिस स्थान पर माता पार्वती की मणि गिरी, उस जगह को भी तोड़ दिया गया है।

मणिकर्णिका घाट की महत्ता का जिक्र करते हुए अजय राय ने कहा कि दुनिया भर में यह घाट मोक्ष प्राप्ति का प्रमुख केंद्र है। हिंदू समाज के लोग अपनी अंतिम इच्छा में यहीं पर दाह-संस्कार चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इस घाट की आग कभी नहीं बुझती है और ऐसी मान्यता है कि यहां अंतिम संस्कार होने पर आत्मा को मोक्ष मिलता है। उन्होंने कहा कि हर साल पंचकोशी यात्रा का आरंभ मणिकर्णिका घाट से होता है और करोड़ों श्रद्धालु इस घाट पर बने कुंड में स्नान करके यात्रा का संकल्प लेते हैं।

अजय राय ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर हजारों साल पुराने मंदिर तोड़े जाने और अक्षय वटवृक्ष को काटकर खत्म किए जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मुक्तेश्वर महादेव के मंदिर, कसौटी वाले पत्थर से बने दुर्लभ लक्ष्मीनारायण मंदिर व शनि भगवान के मंदिर को तोड़ दिया गया और कॉरिडोर के नाम पर वहां एक आधुनिक मॉल बना दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे हिंदू समाज की गहरी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। अजय राय ने गंगा नदी की दुर्दशा को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गंगा में चलाए जा रहे क्रूज से मल-मूत्र पवित्र नदी में गिराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उस क्रूज का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखा है लेकिन उस क्रूज से गंगा को अपवित्र करना उनका अपमान है। उन्होंने बनारस की दालमंडी में सैकड़ों साल पुराने थोक बाजार को ध्वस्त करने और पुनर्वास की कोई व्यवस्था न होने को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इससे लाखों लोग बेरोजगार और छोटे व्यापारी बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ हिंदुत्व का दिखावा करती है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नास्तिक है। वहीं अभय दुबे ने कहा कि काशी वह अलौकिक भूमि है जिसे स्वयं भगवान शंकर ने सृजित किया, लेकिन भाजपा सरकार ने यहां इतना बड़ा विध्वंस किया जितनी कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मणिकर्णिका घाट पर विध्वंस कर भगवान शंकर और अहिल्याबाई होल्कर का अपमान किया है। उन्होंने सरकार द्वारा बजरंगबली को जारी नोटिस सामने रखते हुए इसे शर्मनाक बताया।

# इंडी गठबंधन की सरकारों का रवैया लोकतंत्र वरोधी : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

## प्रदेश मुख्यालय पर बोले राज्यसभा सांसद, तमिलनाडु में कोर्ट के हस्तक्षेप की घटनाओं को लोकतंत्र के लिए बताया खतरा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि भाजपा ने दिल्ली, केरल और महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में मजबूत उपस्थिति दर्ज की, तिरुवनंतपुरम में पहली बार मेयर बनाया और 40 वर्षों के कम्युनिस्ट शासन को हटाया। भाजपा सांसद ने इंडी गठबंधन की विफलता, पश्चिम बंगाल में बीएलओ अशोक चंद्र दास की आत्महत्या, पंजाब में मीडिया पर दमन और तमिलनाडु में न्यायालयिक हस्तक्षेप की घटनाओं को लोकतंत्र के लिए खतरे के रूप में बताया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि देश के सामने दो विकल्प हैं, एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सामाजिक समरसता और दूसरी ओर बिखरी हुई, असंगठित विपक्षी दलों का इंडी गठबंधन।

डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विगत वर्ष में दिल्ली और उसके बाद केरल के नगर निगम चुनावों में भाजपा ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी। तिरुवनंतपुरम में पहली बार भाजपा का मेयर बना है और 40 वर्षों से कम्युनिस्टों के शासन को हटाया गया। साथ ही महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में शानदार सफलता हासिल करते हुए भाजपा जिस स्थिति में पहुंची है, उससे एक बात स्पष्ट है कि विपक्षी दल, जो लगातार हार से कुंठित हैं और वोटों के लालच में घुसपैठिया परस्त हैं, अब निरंतर ध्वस्त होते चले जा रहे हैं लेकिन इसके साथ ही, इंडी गठबंधन की सरकारों का रवैया घनघोर लोकतांत्रिक विरोधी है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया इस समय पूरे देश में चल रही है और आज पश्चिम बंगाल से एक दुखद खबर आई कि वहां के बीएलओ अशोक चंद्र दास ने आत्महत्या की। उनकी पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उनके ऊपर भारी दबाव था कि किसी का भी नाम न काटा जाए, जो संदिग्ध मतदाता हैं और जिनके पास आधिकारिक और औपचारिक दस्तावेज नहीं हैं, उनके नाम भी न काटे जाएं। पश्चिम बंगाल की सरकार द्वारा दी गई मानसिक प्रताड़ना के कारण यह घटना हुई। यह दर्शाता है कि स्वस्थ और पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विपक्षी दलों की आस्था नहीं है। दूसरी ओर, पंजाब में यदि मीडिया ने कोई प्रतिकूल खबर प्रकाशित की, तो वहां के न्यूजपेपर और मीडिया संस्थानों पर जिस तरह रेड की गई, लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई और कार्रवाई की गई, वह अपने आप में लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। आज देश में यह स्पष्ट है कि संविधान खतरे में है। उत्तर प्रदेश में 1994 में, आज से लगभग 30-32 साल पहले, जब सपा की सरकार थी, तब यहां के दो बड़े समाचार पत्रों के कार्यालयों पर विधिवत हमला किया गया था। इसका कारण केवल यह था कि उन समाचार पत्रों में प्रकाशित कुछ समाचार उस समय की मुलायम सिंह की सरकार को अच्छे नहीं लगे थे। वही प्रवृत्ति और वही फितरत आज 30-32 साल बाद भी यथावत दिखाई पड़ती है। जहां एक ओर तमिलनाडु में कोर्ट के निर्णय के बावजूद केवल एक स्तंभ के पास दीप जलाने की अनुमति देने में वहां की सरकार असमर्थ थी और न्यायाधीश को आतंकित करने के लिए उनके विरुद्ध महाभियोग लाने का नोटिस तक दे दिया गया। वहीं पश्चिम बंगाल में कोर्ट की सुनवाई के दौरान इतना उपद्रव किया गया कि उच्च न्यायालय को अपनी कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी और उसने कहा कि ऐसे वातावरण में न्यायालय की प्रक्रिया नहीं चल सकती।

भाजपा सांसद ने कहा कि विपक्षी दलों बतायें कि 2024 के बाद जितने भी चुनाव हुए हैं, यह तथाकथित इंडी गठबंधन एक के बाद एक बिखरता जा रहा है। लोकसभा और राज्यसभा में इंडी गठबंधन नाम की कोई भी चीज फ्लोर ऑफ द हाउस पर मौजूद नहीं है जब हमारे एनडीए के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं और सभी एनडीए सहयोगी दलों ने बाकायदा मीटिंग करके नेता चुनकर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को दे रखा है। मगर इंडी गठबंधन ने कोई पत्र राज्यसभा के सभापति या लोकसभा अध्यक्ष को नहीं दिया है कि सदन के पटल पर यह एक गठबंधन है और इसका नेता कोई व्यक्ति है यानी यह गठबंधन वैसे ही हवा में निराधार था।

# बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदेश के कई जिलो में विरोध प्रदर्शन जारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन की 18 जनवरी को कोलकाता में हो रही आम सभा (फेडरल काउंसिल) में पॉवर सेक्टर में बिजली के निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे एवं सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने बताया कि फेडरल काउंसिल की बैठक में उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और केन्द्र सरकार द्वारा निजीकरण हेतु वित्तीय पैकेज जैसे ब्लैकमेल पर विशेष तौर पर चर्चा होगी और इसके विरोध में देश व्यापी आन्दोलन के कार्यक्रम तय किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेण्डमेंट) बिल लोक सभा में पांच बार रखे जाने के बावजूद बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के विरोध के चलते केन्द्र सरकार इसे पारित नहीं करा पाई है। अब केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय ने इलेक्ट्रिसिटी (अमेण्डमेंट) बिल 2025 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट रूल्स के माध्यम से बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया विभिन्न प्रान्तों में चला रखी है। ट्रांसमिशन के क्षेत्र में टैरिफ बेस्ड कम्पटीटिव बिडिंग के नाम पर नये बनने वाले पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों को स्टेट सेक्टर से छीना जा रहा है। इसी प्रकार उत्पादन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निजी घरानों को बिजली उत्पादन परियोजनायें सौंपी जा रही हैं और सरकारी क्षेत्र में स्थापित ताप बिजली परियोजनाओं को ज्वाइंट वेन्चर कम्पनी के नाम पर स्टेट सेक्टर से छीना जा रहा है। कुल मिलाकर विद्युत वितरण, पारेषण और उत्पादन सभी क्षेत्रों में निजीकरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है। ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन की कोलकाता में हो रही फेडरल काउंसिल की मीटिंग में मुख्यतया निजीकरण के विरोध में विभिन्न राज्यों के विद्युत अभियन्ता संघों के पदाधिकारी विस्तृत विचार-विमर्श कर संघर्ष की रणनीति तय करेंगे।

संक्षेप

## वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। बीते अटठाईस मई को सराय चौबाहिन ढ़िगवस में जमीन के विवाद में हुई मारपीट की घटना के दर्ज मुकदमें में गांव के रोहित पटेल पुत्र मोती लाल पटेल वांछित थे। दरोगा अरूण कुमार सिंह ने फोर्स के साथ गश्त के दौरान आरोपी को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## चालक पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने को लेकर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के चांदीपुर भदारी कला गांव निवासी सोनू सरोज पुत्र मोहाई लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह जनवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे उसका भतीजा देव सरोज पुत्र धर्मेश सरोज घर लौट रहा था। घर के समीप पूरे कलंदर निवासी बलवंत वर्मा पुत्र संतलाल वर्मा ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उसका इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में हुई मारपीट, तीन पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मिश्रन का पुरवा रोहाड़ा गांव की रेखा मिश्रा पत्नी अनूप मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह जनवरी की रात करीब दस बजे परिवार के चंदन, अन्तिमा व गीता देवी ने एकराय होकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पीड़िता का पति गुजरात से घर पहुंचा। इसके बाद पीड़िता ने सोलह जनवरी को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जमीन के विवाद में आठ पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। जमीन की पैमाइश के बाद लगाए गए पत्थर को क्षतिग्रस्त करने को लेकर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कम्भीट गांव की रामकली पत्नी नन्हें लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीन की पैमाइश के बाद लगाए गए पत्थर को विपक्षी समई, सीतापति, कमला, बबिता, दीपा, दीपांशु, हिमांशु समेत आठ लोगों ने एकराय होकर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भजन संध्या कार्यक्रम आज

भरथना, इटावा। ऊँ पागलबाबा गंगासागर धाम मोढी के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आगामी 18 जनवरी दिन रविवार को छप्पन भोग एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी ऊँ पागलबाबा गंगासागर धाम मोढी के मुख्य न्यासी व कार्यक्रम संयोजक श्याम सुन्दर चैरसिया ने देते हुए बताया कि वार्षिकोत्सव के अवसर पर 18 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से छप्पन भोग एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# डीएम-एसपी ने सुनी जन फरियाद

## 52 में 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण



**सिद्धार्थनगर** । जिले के इटवा तहसील में आयोजित सम्पन्न समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने किया । इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी ने तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस इटवा में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित कानूनगो व लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना लेवे । जिससे किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 52 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-22, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-09, विकास-06, विधुत-05, लोक निर्माण विभाग-2, अन्य-08 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 07 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पहलवानों ने दिखाया दम राजेश पहलवान ने मारी बाजी



**सिद्धार्थनगर**- मौनी अमावस्या के अवसर पर राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में शनिवार को शुरू हुए इस पारंपरिक मेले के दौरान नेपाल सहित देश के कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लिया। हजारों की संख्या में दर्शक दूर-दराज के क्षेत्रों से दंगल देखने पहुंचे। दंगल का शुभारंभ शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन और पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पूजन एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद पुरुष वर्ग की पहली कुश्ती जौनपुर के राजेश पहलवान और महिला वर्ग की पहली कुश्ती गोंडा की शिवांगी सिंह व राजस्थान की हिमांशु यादव के बीच हुई। पुरुष वर्ग में अयोध्या के राजेश पहलवान और महिला वर्ग में शिवांगी सिंह विजेता रहीं। इस दंगल में नेपाल, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, अयोध्या, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा और केरल सहित विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश केसरी सर्वेश तिवारी (संतकबीरनगर) ने ठाकुर जल्लाद सिंह (राजस्थान) को कुछ ही मिनटों में चित कर दिया। मोनू मेरठ बनाम सूरज सिंह सहारनपुर और मोनू सहारनपुर बनाम भूरा पंजाब के मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। अन्य विजेताओं में पंडित थापा (काठमांडू, नेपाल), लक्की थापा (नेपाल), चिम चिम डोगरा (भूटान), नम्रता पहलवान (गोरखपुर), बाबा शक्तिमान, शास्त्री पहलवान, भूरा पहलवान (अयोध्या), नरेश पहलवान, मुन्ना पहलवान (गाजीपुर) और संदीप पहलवान (गाजीपुर) शामिल रहे।

## समाधान दिवस में आयी 148 शिकायतें, 13 निस्तारित



प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को तहसील सभागार लालगंज में एसडीएम व एएसपी पश्चिमी ने फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई की। समाधान दिवस में कुल आयीं एक सौ अड़तालिस शिकायतो मे से अफसरो ने मौके पर तेरह शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी इक्यान्वे व पुलिस विभाग की उन्नीस, विकास की नौ आदि रही। एसडीएम ने शिकायतों के निस्तारण के लिए मातहतों को पारदर्शिता से कार्य करने के कड़े निर्देश दिये। पुलिस से जुड़ी शिकायतो पर सुनवाई करते हुए एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय ने लंबित शिकायतों पर थानाध्यक्षों को कर्रा किया। समाधान दिवस में तहसीलदार गरिमा वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर किया घेराव, की नारेबाजी



प्रतापगढ़। जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना पर फर्जी मुकदमा दर्ज किये जाने का आरोप व मुकदमें की वापसी की मांग को लेकर शनिवार को बडी संख्या में ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यही नही ग्रामीणों ने समाधान दिवस में पहुंचे एएसपी पश्चिमी के वाहन के समक्ष आकर भी विरोध जताया। लालगंज कोतवाली के दौलत का पुरवा अमावां गांव में दो पक्षों में जमीन का विवाद है। मामले में बीते तेरह जनवरी को हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के खानापटटी निवासी रमेश व उमेश मौर्य समेत आठ तथा दूसरे पक्ष के रामरतन पटेल, द्रोपदी समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इससे नाराज एक पक्ष के रामरतन पटेल समेत दर्जन भर से अधिक ग्रामीण शनिवार को कोतवाली पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि विपक्षियों ने वहां पहुंचकर आगजनी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। वे कई वर्षो से उस जमीन पर काबिज हैं। विपक्षी उन्हें हटाना चाहते हैं। पुलिस ने बिना सही जांच किये मुकदमें की कार्रवाई कर दी। ग्रामीणों ने समाधान दिवस में पहुंचे एएसपी पश्चिमी के वाहन के समक्ष आकर भी विरोध प्रदर्शन जताया। पुलिस के काफी देर तक समझाने के बाद लोग किसी तरह माने। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों द्वारा की गयी मारपीट की घटना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विरोध जताने वाले ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया। मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एडीएम ने बांसी माघ मेले का किया शुभारंभ



**बांसी सिद्धार्थनगर** । जिले के बांसी कस्बा स्थित मांघ मेला मैदान में मौनी अमावस्या नहान के अवसर पर राप्ती नदी तट स्थित लगने वाले मेले का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने , एस0 डी0 एम0 बांसी निखिल चक्रवर्ती , सी ओ रोहिनी यादव व नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने गत शनिवार को मेला के मुख्य द्वार पर विधि विधान पूजन कर मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मेला मैदान के मध्य में लगे मेला संस्थापक पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मेला का ध्वज फहराया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि मेले का सफल आयोजन और भव्यता को बरकरार रखने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की पर्याप्त व्यवस्था किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने लोगो से अपील किया कि मेले को सजाने और संवारने में सहयोग करने की अपेक्षाओं सहित अपील भी किया। सीओ बांसी रोहिनी यादव ने कहा कि उनका भरसक प्रयास होगा कि कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने व जन सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है तथा जनसुरक्षा हेतु सम्बंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने कहा कि उनका हर सम्भव प्रयास होगा की दूर दराज से आने वाले आम जनमानस व नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाएं इस हेतु उन्होंने सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पूर्व नपा0 अध्यक्ष मो0 इद्रीश राईनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग की अपेक्षाओं सहित अपील किया गया, इस अवसर पर बांसी नपा 0 के अधिशाषी अधिकारी जय प्रकाश सिंह यादव का भी कार्य योगदान सराहनीय रहा, इस अवसर पर नपा 0 वरिष्ठ लिपिक जमील अहमद, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, माधुर्य यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# इस जिंदगी से कोई शिकायत नहीं मुझे...

# द कल्चरल हेरिटेज ऑफ इण्डिया एंड इजिप्ट कार्यक्रम में पहुंची मिस्र की शायरा



प्रतापगढ़। यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्मा नगर में शनिवार को द कल्चरल हेरिटेज ऑफ इण्डिया एण्ड इजिप्ट विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मिस्र की एसोसिएट प्रोफेसर व अन्तर्राष्ट्रीय वला जमाल एवं विशिष्ट अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय कवि डॉ0 कुमार मनोज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने हिन्दी, अरबी व उर्दू में शायरी पढ़कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि की रचना इस जिंदगी से कोई शिकायत नही मुझे, सच की झूठ की आदत नहीं मुझे ने खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन कवि लवलेश यदुवंशी ने किया। संस्थापक यमुना प्रसाद यादव ने अतिथियों का स्वागत एवं प्रबन्ध निदेशक अभिषेक यादव ने आभार जताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा, प्रदीप गुप्ता, अनुज कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, रोशन सिंह, सुरेन्द्र विमल, रूपनाथ यादव, रामप्रकाश यादव, सचिन यादव, खुशी गुप्ता व सुधा यादव आदि मौजूद रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण नामावली की पठन बैठक संपन्न



श्रावस्ती। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार 18 जनवरी 2026 को बूथों पर आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़े जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रविवार को जनपद की सभी विधानसभाओं के प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर संबंधित बीएलओ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बीएलओ द्वारा 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली, गणना अवधि में अप्राप श्रेणी में चिन्हित निर्वाचकों की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूचियों का पठन कर सुनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि दावे एवं आपत्तियों से संबंधित फॉर्म-6 (घोषणा पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा पत्र सहित) की पर्याप्त उपलब्धता सभी बूथों पर सुनिश्चित की जाए। नामावली पठन एवं संबंधित सूचियों के वाचन की कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी हेतु नामित अधिकारी स्वयं बूथों का निरीक्षण करेंगे तथा संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण भी किया जाएगा। नोडल अधिकारी एवं विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी अनुश्रवण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। बैठक में समाजवादी पार्टी से जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, भाजपा से पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती, बहुजन समाज पार्टी से दिनेश कुमार पासवान, कांग्रेस से यशोदा नन्दन शर्मा सहित अन्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य एवं संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 से श्रावस्ती में महिला सुरक्षा सशक्त



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेजझ्र5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता एवं साइबर अपराधों से संरक्षण हेतु व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में यह अभियान निरंतर एवं प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं के सुरक्षित, निर्भीक एवं सम्मानजनक आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों की सक्रिय तैनाती की गई है। ये टीमें बाजारों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, बस स्टैंडों एवं प्रमुख चौराहों पर नियमित गश्त कर संदिग्ध एवं आपत्तिजनक गतिविधियों पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई कर रही हैं। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की सजग एवं संवेदनशील उपस्थिति से महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना प्रबल हुई है तथा पुलिस के प्रति विश्वास में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया उत्पीड़न, साइबर स्टॉकिंग एवं डिजिटल ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं ऑनलाइन शिकायत प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान



आजमगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर शनिवार को यहां दीवानी तथा कलेक्टेªट परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। वही अधिवक्ताओं ने जिले के सीआरओ को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी सौपा। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को विधेयक के रूप में पारित कराए जाने को लेकर एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में यहां हस्ताक्षर अभियान शुरू हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं मण्डलीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के साथ नारेबाजी करते अधिवक्ता कलेक्टेªट कार्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कक्ष में मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा को सौपा गया। अधिवक्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं को न्यायिक पैरवी के तहत जीवन का भय बना हुआ है। उन्होने बतौर उदाहरण कहा कि हाल ही में बाराबंकी के हैदरगढ़ टोलप्लाजा तथा बलरामपुर शहर में अधिवक्ताओं पर अराजकतत्वों द्वारा प्राणघातक हमला किया गया। उन्होने कहा कि इस प्रकार के हमले से यह साबित हो गया है कि उ0प्र0 में सरकार व पुलिस प्रशासन अधिवक्ताओं की सुरक्षा करने में विफल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिला मुख्यालयों पर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान की प्रतियां बजट सत्र के दौरान नई दिल्ली में राष्ट्रपति को सौपा जाएगा। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि यूपी सरकार अभी तक एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू नही कर सकी है। उन्होने कहा कि बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन व वकीलों के लिए पांच लाख का कैशलेस हेल्थ बीमा सरकार अविलम्ब प्रदान करें। आमसभा की अध्यक्षता एसोसिएसन के आजमगढ़ मण्डल इकाई अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व संचालन अधिवक्ता अमित दुबे ने किया। इस मौके पर बार एसोसिएसन के पूर्व मंत्री अनिल कुमार सिंह, संजय सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, रामआसरे यादव, अमित दुबे, राकेश सिंह, सुनील सिंह, अरविन्द उपाध्याय, अतुल उपाध्याय आदि अधिवक्ता रहे।

# क्लीनिकल एविडेंस के साथ रिसर्च कर होम्योपैथी को लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति बनायेंगे : डॉ. भास्कर शर्मा



**सिद्धार्थनगर**। जनपद के सुप्रसिद्ध डा. भास्कर शर्मा ने कहा कि होम्योपैथी से रोगों को जड़ से मिटाया जा सकता है' क्रॉनिक डिजीज के सफल उपचार के लिए मरीज के वर्तमान हिस्ट्री लक्षणों के विवरण के साथ मरीज के इलाज के पहले दिन से लेकर इलाज पूर्ण होने तक की सभी रिपोर्ट, उपचार का रिकॉर्ड के साथ ही इलाज से पूर्व करायी गयी जांच रिपोर्ट से लेकर रोगमुक्त होने तक की जांच रिपोर्ट अनिवार्य रूप से शामिल करें, क्योंकि यही रिपोर्ट्स वे सबूत होते हैं जो आप द्वारा किये गये इलाज की सफलता की वैज्ञानिक रूप से पुष्टि करते हैं। उक्त आशय की महत्वपूर्ण बातें शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के चीफ कन्सल्टेंट डॉ 0 भास्कर शर्मा ने कहा , उन्होंने कहा कि होम्योपैथी के दम को साइंटिफिक कसौटी पर खरा साबित करने के लिए रोगी के दस्तावेजों को सबूत के तौर पर रखना होगा। डा. भास्कर शर्मा ने यह भी बताया कि सिर्फ रोगी के कथन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सबूत नहीं माना जा सकता है। ज्ञात हो डॉ 0 भास्कर शर्मा के रिसर्च वर्क का सफर उनकी होम्योपैथी शिक्षा के दौरान ही प्रारम्भ हो गया था। अब तक विभिन्न प्रकार के रोगो में एक्सपेरिमेंटल रिसर्च कर डॉ 0 भास्कर शर्मा देश ही नहीं विदेशों में भी अपने कार्य का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि कई रोगी उनके पास किडनी में पथरी की शिकायत लेकर आया, मैंने उसका अल्ट्रासाउंड कराया तो पथरी होने की पुष्टि हुई, उसका उपचार शुरू किया गया, कुछ दिन बाद आकर रोगी ने कहा कि उसकी पथरी निकल गयी, उसने एक पत्थर दिखाते हुए कहा कि यह पेशाब में निकला है। मैंने उससे कहा कि एक अल्ट्रासाउंड करा लीजिये तो मरीज का कहना था कि मुझे अब आराम है, मैं कह रहा हूं तो इसकी क्या आवश्यकता है, इस पर मैंने उस रोगी को अल्ट्रासाउंड जांच का शुल्क देते हुए उससे जांच कराने को कहा, उसने जांच करायी तो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में देखा कि पथरी नहीं थी, यह एक वैज्ञानिक सबूत हुआ कि उपचार से पूर्व अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में जो पथरी दिख रही थी, वह अब नहीं है। डॉ. भास्कर शर्मा ने कहा कि इस तरह डॉक्यूमेंटेशन करने के बाद इन्हें प्रतिष्ठित जर्नल में छपवाने के लिए भी आवेदन करें।

# संस्कृति उत्सव में छात्र-छात्राओं, कलाकारों को मिला सम्मान

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती**। उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचानह्न के अंतर्गत तथागत सभागार में संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप तथा जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में शास्त्रीय एवं लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमरेन्द्र कुमार वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित अनेक कलाकारों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि उत्तर प्रदेश शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत एवं लोक नाट्य की समृद्ध परंपराओं से परिपूर्ण है। इन विधाओं से जुड़े कलाकारों को मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे कला एवं संगीत की मुख्य धारा से जुड़कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि संस्कृति उत्सव का उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं की खोज कर राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को और अधिक सशक्त बनाना है।

प्रतियोगिता परिणामों में एकल गायन में प्रिया मिश्रा प्रथम, मनीषा द्वितीय एवं कंचन चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। लोक नृत्य (सामूहिक) में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुरानी ग्रुप प्रथम, इकौना ग्रुप द्वितीय तथा अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। लोकगीत गायन में शमीम अंसारी प्रथम, ऋतम्भरा सिंह द्वितीय एवं रामकुमार गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. अमरनाथ यति, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

श्रावस्ती। उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवाएं। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों की डिजिटल पहचान है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सरल एवं शीघ्रता से प्राप्त किया जा सकता है तथा किसानों के अभिलेखों का डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित होता है। उन्होंने जानकारी दी कि जनपद श्रावस्ती में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कुल 1,96,459 लाभार्थियों में से अब तक 1,25,837 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बन चुकी है। शेष किसानों की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि विभाग, राजस्व विभाग, रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। किसान भाई इन कैम्पों में जनसेवा केन्द्र, कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की सहायता से अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि संबंधी दस्तावेज (खतौनी नकल) तथा मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य है। ग्राम स्तर पर रोजगार सेवक, पंचायत सहायक एवं कोटेदार किसानों को रजिस्ट्री कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही ग्राम प्रधानों से भी अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए प्रेरित करें। उप कृषि निदेशक ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री से कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना एवं राजस्व विभाग की योजनाओं का लाभ बिना अतिरिक्त सत्यापन के मिल सकेगा। इसके साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की बिक्री, फसल बीमा के अंतर्गत क्षति पूर्ति तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करना और अधिक सरल हो जाएगा।

# 67 मामलों में हुआ मात्र सात का निस्तारण



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा कुल 67 मामले आये। जिसमें मात्र 07 मामलों का निस्तारण हो सका।शेष मामले समाधान दिवस पर आये संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को त्वरित निस्तारण के लिए प्रेषित कर दिया गया। बताते चलें कि शनिवार को सुबह 10 बजे से तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम राजस्व की अध्यक्षता में किया गया था।हर बार की भांति इस बार भी समाधान दिवस पर कुल 65 मामले समाधान के लिए आये थे। जिसमें से मात्र सात मामलों का निस्तारण किया जा सका।शेष मामले संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को निस्तारण के लिए सुपुर्द कर दिया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व व चकबंदी विभाग के ही थे। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर सिंह,नायब तहसीलदार चौरीचौरा संजय सिंह,नायब तहसीलदार राजधानी, तथा राजस्व निरीक्षक रामानंद यादव, आदि सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में जमीन कब्जे व अवैध निर्माण का बड़ा मामला, एक ही व्यक्ति पर कई आरोप



गोला,गोरखपुर। गोला तहसील पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीन कब्जा, अवैध निर्माण से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया, जिसमें एक ही व्यक्ति पर अलग-अलग शिकायतकताओं ने जबरन कब्जा करने और निर्माण कराने के आरोप लगाए। प्रकरण ने प्रशासनिक व पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शनिवार को गोला तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम गोला अमित कुमार जायसवाल ने की।कुछ विलंब से एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्र एवं एसपी साउथ डी.के. पूरी भी कार्यक्रम में पहुंचे।समाधान दिवस में कुल 55 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से मौके पर मात्र तीन मामलों का निस्तारण हो सका।जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंप दिया गया।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

चरगांवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट गोरखपुर के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जुटे शिक्षकों ने गोरखपुर फैजाबाद (अयोध्या) शिक्षक स्नातक निर्वाचक नामावली में तमाम विसंगति होने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंप, जल्द से जल्द विसंगतियों को दूर करने की मांग किया। शनिवार को प्रांतीय पदाधिकारी देवेंद्र सिंह गौतम व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में जुटे शिक्षकों ने गोरखपुर फैजाबाद (अयोध्या) शिक्षक स्नातक निर्वाचक नामावली में व्यापत विसंगतियों को लेकर भरत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश सिंह को सौंपा और जल्द से जल्द विसंगतियों को दूर करने की मांग किया।

## प्रदेशव्यापी अभियान में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही: भाजपा अध्यक्ष



इटावा। मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहें तीन दिवसीय विशेष अभियान के दूसरे दिन पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता व नेतागण अपने अपने प्रभार वाले बूथों पर डोर टू डोर जनसंपर्क के लिए निकलें। सदर विधायक सरिता भदौरिया सदर विधानसभा के इटावा प्रथम मंडल की तहसील पोलिंग स्टेशन अन्तर्गत बूथ संख्या 265, 268 व 269 तथा नगरपालिका पोलिंग स्टेशन अन्तर्गत बूथ संख्या 308, 309, 312 व 314 पर उपस्थित रहकर नए मतदाता पंजीकरण करवाए। उन्होंने कहा कि कि मतदाता लोकतंत्र कि सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना बेहद आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने एसआईआर जिलासंयोजक व जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी के साथ जसवंतनगर विधानसभा के जसवंतनगर द्वितीय मंडल अन्तर्गत जगसौरा शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 147 व 148 तथा सिरहौल शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 135 व 136 में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर नए वोटर पंजीकरण करवाकर नव-मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहें इस प्रदेशव्यापी अभियान में कार्यकताओं और पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहीं है और इसे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## नेशनल साइंस ओलंपियाड में वर्टेक्स के बच्चों का जलवा, जीते 44 गोल्ड मेडल




चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र के सरदार नगर स्थित वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल के बच्चो ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड की परीक्षा में स्कूल के बच्चो ने परचम फहराते हुए 44 गोल्ड मेडल पर किया कब्जा एवं जोनल लेबल पर भी अपनी सीट सुरक्षित किया।इसके साथ क्लास- 1से अक्षिता दुबे को गोल्ड मेडल ,दिवस मिश्रा, अद्विका, को गोल्ड मेडल क्लास -2से आस्था सिंह, प्रियल, सिद्धी शर्मा,अदिति शर्मा, अयांश त्रिपाठी को गोल्ड मेडल,क्लास -3 से अनंत यादव, दिशा चौहान पृथ्वी सिंह, आहना त्रिपाठी को गोल्ड मेडल क्लास -4शुभांगी जायसवाल, आदित्री सिंघानिया, दिव्यांशी यादव को गोल्ड मेडल क्लास -5से कार्तिकेय जायसवाल, सर्वश्रेष्ठ प्रकाश, स्वरा दीक्षित को गोल्ड मेडल क्लास -6से अमित कुमार, उत्कर्ष चौधरी, दिव्यांश यादव,को गोल्ड मेडल क्लास -7 से अभिराज मल्ल,निलेश विश्वकर्मा,प्रांजल,यादव,अदिति शुक्ला, अनव सिंह को गोल्ड मेडल क्लास- 8से अनूप सिंह, प्रत्यूषा गुप्ता,प्रिंस कुमार,ऋषभ गुप्ता, संस्कार वर्मा, आर्या पाण्डेय को गोल्ड मेडल क्लास-9से अर्श भारद्वाज, शिखर दुबे, दिव्यांश राज कश्यप को गोल्ड मेडल क्लास- 10 से श्वेता चौरसिया, सुप्रिया चौहान, विश्वजीत विश्वकर्मा को गोल्ड मेडल क्लास- 11 से आर्यन चौहान, खुशी मद्धेशिया आयुज मणि त्रिपाठी को गोल्ड मेडल क्लास-12 से आस्था पाण्डेय , सिद्धार्थ यादव, तान्या कश्यप को गोल्ड मेडल दिया गया। स्कूल चेयरमैन ई. अरविंद त्रिपाठी स्कूल निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवम शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चों एवम अभिभावकों को बधाई दी।

## राप्ती नदी का दर्द : गगहा क्षेत्र में जहर उगल रही है जीवनदायिनी राप्ती नदी

सुनिल शाही



मझगांवा,गोरखपुर। ......कभी आस्था और जीवनदायिनी मानी जाने वाली राप्ती नदी आज गगहा क्षेत्र में जहर उगल रही है। गीडा क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले रसायनिक अपशिष्ट ने नदी को काले और बदबूदार नाले में तब्दील कर दिया है। नदी से उठती तेज दुर्गंध और प्रदूषित पानी ने आसपास के गांवों में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर दिया है। नदी का असर अब केवल जल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भूजल भी इसकी चपेट में आ गया है।कई गांवों में हैंडपंपों से निकल रहा पानी दूषित है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं।बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में त्वचा रोग, पेठ संबंधी बीमारियों और संक्रमण की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीण ज्वाला तिवारी, गुड्डू यादव, विजय प्रताप यादव, शेषनाथ यादव, दीपक गुप्ता, मनोज निषाद, राजू गुप्ता, विमलेश गुप्ता, सत्य प्रकाश तिवारी, दिनेश पांडे, शक्ति सिंह, संजय ओझा, राजन ओझा, संत प्रसाद द्विवेदी और भास्कर त्रिपाठी ने बताया कि नदी का पानी पीने से पशु-पक्षी भी बीमार हो रहे हैं और मछलियों की मौत हो रही है।उन्होंने प्रशासन से नदी की सफाई, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की मांग की है।

उप जिला अधिकारी बांसगांव प्रदीप सिंह ने मामले की जानकारी मिलने की बात कही है और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को रिपोर्ट भेजने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो राप्ती नदी का प्रदूषण आने वाले विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनेगा।

## डबल इंजन की सरकार व्यापारी हित में कार्य कर रही : विधायक




इटावा। उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार व्यापारियों की सरकार है सरकार ने सदैव व्यापारियों के हित में निर्णय लिए उक्त उधर सदर विधायक सरिता भदोरिया ने विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किया उन्होंने कहा कि आज जीएसटी विभाग के द्वारा यह व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है इसके लिए जनपद की अधिकारी बधाई के पात्र हैं सरकार की मंशा है कि व्यापारियों को किसी प्रकार की अशुद्धि ना हो पाए और ना ही कोई गुंडा माफिया उन्हें परेशान कर सके उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारियों का बीमा एक लाख से बढ़कर 10 लाख किया है इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है जिला अध्यक्ष संतोष चैहान ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की व्यापारी हित में किए गए कार्यों की प्रशंसा भी की। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला विधिक सलाहकार रूपेंद्र सिंह चैहान महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल बिना चैहान युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला महामंत्री रमेश यादव जिला उपाध्यक्ष बिना चैहान युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष दत्त तिवारी सदस्य गोपाल पांडे सरदार मोहन सिंह लक्ष्मी कुशवाहा सहित तमाम व्यापारीगढ़जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश पोरवाल एच पी राव दीखीत उपायुक्त प्रशासन राज्य कर सहित जीएसटी विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे चार भाई सेकता डोलुई, बुद्धदेव डोलुई, विवेकानंद डोलुई और राहुल डोलुई उर्फ गोवर्धन डोलुई से मेरा व मेरे परिवार और मेरे व्यवसाय से कोई संबंध नहीं है। उक्त चारों भाईयों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रमेश डोलुई पुत्र श्री कृष्णा धन डोलुई नि.- दुकान नं.- 3, भवन नंबर 133/101, गणेश गंज रोड, सुन्दर श्याम ज्वेलर्स, अमीनाबाद, लखनऊ।**

## बसंत पंचमी को चौरीचौरा में होगी मैराथन प्रतियोगिता : एसके. शर्मा

जिला संवाददाता

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** आर.पी. वेलफेयर ट्रस्ट के संयोजक और वरिष्ठ समाजसेवी एस.के. शर्मा ने शनिवार को अपने दिव्य नगर स्थित कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में बताया कि आगामी 23 जनवरी को चौरीचौरा में चौरीचौरा शहीद पूर्वांचल क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे महिला और पुरुष वर्ग में धावक अपने मेडिकल फिटनेस के साथ रजिस्ट्रेशन फार्म भरकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता शहीदों के बलिदान को याद करने के साथ साथ युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती और विद्या की देवी सरस्वती के पावन पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ 23 जनवरी को सुबह 7 बजे से देवीपुर स्थित दुबियारी पुल से चौरीचौरा के डुमरी खुर्द स्थित सिद्धि विनायक पार्टी लान तक होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग का दौड़ अलग अलग होगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी अपना आवेदन 22 जनवरी की शाम 5 बजे तक मेडिकल फिटनेश के साथ उनके कार्यालय दिव्य नगर गोल्ड, मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज, श्री हॉस्पिटल रानीडीहा गोरखपुर पर जमा करके इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग में विजेता होने वाले प्रथम स्थान के विजेता को एक लाख रुपए, द्वितीय को 75 हजार रुपए, तृतीय को 50 हजार रुपये और चतुर्थ, पंचम व षष्टम स्थान पाने वालों को दस दस हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## लूट की झूठी सूचना देना तीन युवकों को पड़ा महंगा, पुलिस ने की कार्रवाई

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर वाहन में तेल भरकर भाग रहे तीन युवकों को लूट की झूठी सूचना देना काफी महंगा पड़ गया। पुलिस जांच में लूट की घटना फर्जी निकलने पर पुलिस ने सूचना देने वाले तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, राधेश्याम यादव पुत्र गोबिन्द यादव निवासी गनपतपुर आजमगढ़ गीडा थाना क्षेत्र के बोक्टा निवासी आकाश यादव पुत्र पथरू यादव के वहाँ ड्राइवर का कार्य करता है। राधेशयम के साथ आजमगढ़ के गनपतपुर निवासी सूरज पुत्र रामबृक्ष भी खलासी का काम करता है। शुक्रवार को रात्रि में बाहन चालक राधेश्याम यादव न्यू जनता पेट्रोल पम्प चियुटहा से पेट्रोल भराने के बाद वाहन लेकर भागने लगा। जिसे पीछा कर वाहन को पकड़ पेट्रोल का पैसा आनलाइन पैसा जमा करा लिया। ड्राइबर राधेश्याम की सूचना पर बाहन मालिक आकाश यादव 112 न० पर चौवन हजार की लूट की सूचना दे दी। हरकत में आई चिलुआताल पुलिस की पड़ताल में लूट की सूचना झूठी निकलने पर तीनो आरोपियो को शान्ति भंग में चालान कर दिया।

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय कादीपुर जिला सुलतानपुर**
**वाद सं.- टी.201701685004784**
**पेशी तारीख - 19.01.2026**

राजमणि

**बनाम**

ग्राम पंचायत

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 19.01.2026 के दिवस को पूर्वांह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 13.01.2026 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

## मुठभेड़ में दो शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

### टॉप-10 अपराधी शामिल



इटावा। पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान दो शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक टॉप-10 अपराधी भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार, 16, 17 जनवरी की रात थाना चैबिया व थाना जसवंतनगर पुलिस संयुक्त रूप से मसनई पुल क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि दो अपराधी लूट की योजना बनाकर इटावा की ओर आ रहे हैं। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए और मौके से गिरफ्तार कर लिए गए। घायल अभियुक्तों की पहचान शिवम कंजड निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा तथा रिंकू उर्फ ब्रिगेडियर निवासी थाना जसवंतनगर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित अनेक गंभीर मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं। इस संबंध में थाना चैबिया पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना चैबिया व थाना जसवंतनगर के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## अखिल व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेन्द्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के निर्देशन पर मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय माँगो को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के मध्यम से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश सिंह को सौंपा। ज्ञापन में माँग करते हुए कहा गृह एवं चलकर की अनावश्यक नोटिस व्यापारियों को भेजी जा रही हैं जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और व्यापारी का उत्पीड़न बढ़ रहा है कृपया एक कदम पारदर्शी तरीके से गृहकर एवं इस्तेमाल किए गए पानी का ही विल लिया जाए जीएसटी विभाग द्वारा भी कई अनावश्यक नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिसकी आवश्यकता नहीं प्रतीत होती है कृपया इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करने की कृपा करें। अंग्रेज के जाने के बाद भी सभी व्यापारियों को बेईमान मिलावट खोर मानते हुए जिस प्रकारभ्रष्ट कर्मचारी अधिकारी सैंपल सर्वे छापे के नाम पर बाजारों में अपनी कमाई बढ़ाने में लगे रहते हैं इनके के लिए स्पष्ट निर्देश जारी हो कि बिना जिलाधिकारी की अनुमति के यह किसी भी दुकान पर नहीं जाएँगे। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र सिंह कुशवाह आलोक गुप्ता सर्वेश चैहान इकरार अहमद रजीत सिंह कुशवाह वर्षा दुवे अर्चना कुशवाह सुशीला राजावत रिचा कुशवाह पंकज कुशवाह लल्लू वारसी संजय वर्मा रिषी पोरवाल वरुण राज पूजा श्रीवास्तव सन्तोष कुमार गणेश प्रसाद अग्रवाल उमेश कुशवाह अभिषेक जैन हरि शंकर पटेल यामीन रिकू चैधरी वसीम राईन अब्दुल मन्नान हाजी गुड्डू मंसूरी डॉक्टर संतोष राठौर सत्येंद्र कुशवाह सोनू मिश्रा मुहम्मद उवैश मुस्तकीम राईन अशोक कुशवाह आकाश वर्मा इबादुर रहमान आदि व्यापारी शामिल रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुसहर नचना, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-17.01.2026**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत मुसहर-नचना, विकासखंड- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक-18.01.2026 से दिनांक- 23.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- मुसहर-नचना पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 23.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सेमरा हरिजन बस्ती से भुसैला तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 2.77 लाख रुपये। | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- मुसहर-नचना, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर।**

## बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शनिवार की सुबह नीलगाय की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने उन्हें आनन फानन में गोरखपुर शहर स्थित एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## समाधान दिवस आयोजितः शिकायतों का निस्तारण



जसवंतनगर, इटावा। तहसील सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। ग्राम सियापुर इटगांव निवासी सीता देवी ने सरकारी नल पर अवैध कब्जा किए जाने तथा विपक्षी द्वारा झगड़ा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं मोहम्मद इरसाद अहमद ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण में टालमटोल व घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। मोहल्ला कोठी कैस्त की विधवा ज्ञानबती ने अपनी पैतृक कृषि भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने को लेकर गुहार लगाई। नगला आशा निवासी ब्रजेश कुमार ने धरबार स्थित अपनी भूमि का पट्टा निरस्त किए जाने के संबंध में शिकायत की। खेड़ा बुजुर्ग निवासी शिवकांत दुबे ने निजी नलकूप में विद्युत कनेक्शन दिलाए जाने हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा। पूर्व सभासद ऋषिकांत ने कैस्त तिराहे से जीजीआईसी तक दोनों ओर नाले पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की मांग की। इस अवसर पर एसडीएम कुमार सत्यम जीत, सीओ आयुषी सिंह, तहसीलदार नेहा सचान सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

## घर के कूड़े को फेंकने पर कटेगा चालान



इटावा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी सतोष कुमार मिश्रा तथा डीपीएम सुनील कुमार व डॉ. हरीशंकर पटेल ब्रांड एम्बेसडर ने नत्थीलाल कुशवाह मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, विशाल मिश्रा की टीम के सहयोग से नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा वार्ड कटरा फतेह महमूद खां निरीक्षण करते हुए वार्ड में स्वच्छ सर्वेच्छण की सदर पलिका को प्रथम लाने के लिए डोर टू डोर जाकर कूड़े को इधर उधर ना फेकनें के प्रति जन जागरूकता अभियान के साथ इधर उधर कूड़ा डालने वालों को निर्देशित कर बताया कि यह शिकायत पुनः मिली तो चालान काटने का कार्य किया जायेगा। सफाई नायक विजय के साथ अन्य क्षेत्रों के सफाई नायक, आईईसी की टीम उपस्थित रही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-17.01.2026**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत बनकेगांव, विकासखंड- कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर में 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदार से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 18.01.2026 से दिनांक-23.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 23.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | भानु प्रताप के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 5 लाख। | ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 2. | खडण्जे से शरद कुमार के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 4 लाख। | जिग-जैग ईंट, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 3. | खडण्जे से धर्मराज के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 3 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 4. | रामनाथ के घर से करिया के घर तक नाली निर्माण। | 2 लाख। | ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- बनकेगांव, वि.ख.- कादीपुर**
**जनपद-सुलतानपुर।**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें सिंगगल पैकेट सिस्टम आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig/Tender/52/2025-26 |
| कार्य का नाम | कोम्प्रेहेसिव एनुअल मेंटेनेंस कांट्रैक्ट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग मेक सीमेंस वेस्ट्रेस ऐट 02 स्टेशन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्दन रेलवे फॉर 36 (thirty six) महीना। |
| अनुमानित लागत | रु.61,36,193.52 /- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.1,22,700.00 /- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05.02.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

- ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तों निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106-सिग/टेंडर/53/2025-26 दिनांक : 15.01.2026 176/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## मौनी अमावस्या पर सुबह 5 बजे से जलापूर्ति

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने विशेष व्यवस्था की है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि पर्व के दिन सुबह 5 बजे से नगर क्षेत्र में पानी की सप्लाई चालू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के स्नान के लिए पंप का पानी भी सुबह 5 बजे से खोला जाएगा, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ पहुंचते हैं, ऐसे में जलापूर्ति की व्यवस्था को प्राथमिकता पर रखा गया है। संबंधित कर्मचारियों को समय से ड्यूटी पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे व्यवस्था सुचारु बनी रहे। पालिका प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्नान के दौरान स्वच्छता बनाए रखें और नगर व्यवस्था में सहयोग करें।

## चाइनीज मांझा को लेकर किया जागरूक

जौनपुर। नगर के जोगियापुर स्थित शिव गोपाल घाट पर उषा जायसवाल प्रदेश सचिव समाजवादी महिला सभा ने चाइनीज मांझा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर प्रदेश सचिव उषा जायसवाल ने अभिभावक एवं बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि चाइनीज मांझा आज मौत का मांझा बन चुका है जिससे हमारे जनपद के दो नौजवानों संदीप तिवारी और डॉ. समीर नामक नवयुवक की मौत हो चुकी है। उनके परिवार बिखर गए। यह जनपद के लिए बहुत शर्मनाक घटना है। जिला प्रशासन इस चीनी मांझे को रोकने के लिए जो कदम उठाने चाहिए अब तक नहीं उठा पाया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि उक्त दोनों परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए जिससे उनके परिवार का जीवकोपार्जन सुचारू रूप से चल सके। हम सभी लोग इस बात के लिए सचेत रहें कि चाइनीज मांजे का उपयोग कहीं भी होता रहे तो उसे रोकने का काम करें। किसी भी दशा में हमें मानवता को ऊपर रखते हुए अपने थोड़े शौक पर रोक लगानी होगी। हमारा यह कार्यक्रम एक दायित्व के रूप में हमेशा चलता रहेगा। चाइनीज मांझा मौत का मांझा है, इस बात को जनपद जौनपुर के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना है। यही हमारा उद्देश्य है। इस मौके पर सुशीला यादव विधानसभा अध्यक्ष, पूनम यादव विधानसभा महासचिव, राधा यादव, शालिनी यादव, पिंकी गुप्ता, पूनम निषाद, रंजना निषाद, प्रीति जायसवाल सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

## लाइसेंस बनाये जाने लिए व्यापारियों को किया जागरूक

जौनपुर। लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल जौनपुर द्वारा वेंडिंग खाद्य व्यापारियों में फूड विभाग द्वारा लाइसेंस बनाए जाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजीव साहू ने संयुक्त रूप से फल सब्जी एवं चाट वेंडिंग विक्रेताओं को खाद्य लाइसेंस की अनिवार्यता को बताते हुए कहा कि फूड विभाग द्वारा बनाए गए गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने व्यापार को सुचारू रूप से करें। साफ सफाई का ध्यान रखें जिससे कम से कम जनहानि और संक्रामक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सके। इस दौरान सैकडों ठेला खुमचा व फुटपाथ के व्यापारियों को जागरूक किया गया।

# डीएम ने बूथ पर पहुंचकर परखी हकीकत

जिला संवाददाता(vol)



- नौरंगाबाद, सलेमपुर मतदान स्थल का लिया जायजा, बीएलओ से जानी प्रगति दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची को दुरुस्त करने की मुहिम ने शनिवार को जिले भर में रफ्तार पकड़ ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष अभियान दिवस में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं मैदान में उतरकर बूथों का औचक निरीक्षण किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ नरेंद्र बहादुर सिंह और ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल परिषदीय विद्यालय नौरंगाबाद (भाग संख्या 279-285) और सलेमपुर कोन (भाग संख्या 186-191) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम सीधे बीएलओ के हेल्प डेस्क पर पहुंचीं, जहां उन्होंने प्राप्त फॉर्म-6 व फॉर्म-8, संलग्न दस्तावेज और निस्तारण की स्थिति को स्वयं देखा। डीएम ने बीएलओ से दो टूक कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर आवेदन की मौके पर जांच कर सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने अभियान की प्रगति पूछते हुए बीएलओ को सक्रिय संपर्क, डोर-टू-डोर जागरूकता और समयबद्ध निस्तारण पर खास जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आमजन से भी संवाद किया और उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान तिथियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दें या voters.eci.gov.i»»f पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जबकि त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की। डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 18 जनवरी को भी विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं पदाभिहित स्थलों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम इस तरह बनाया जाएगा कि कोई भी बूथ छूटने न पाए। इसके तहत 18 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। साथ ही बीएलओ के पास अप्राप्त (वल्लूङ्क'ी३ुंी), अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध रहेगी, जिससे मतदाताओं को सही जानकारी दी जा सके। निरीक्षण के समय एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और तहसीलदार मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने की बैरियर लगाने की मांग

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के हौज ग्रामसभा के निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम को देकर अपने गांव की सड़कों से गुजर रही भारी वाहनों का आवागमन बंद करने के लिए बैरियर लगवाने की मांग किया। ग्रामीणों ने कहा कि हौज ग्राम सभा राष्ट्रीय राजमार्ग से सटकर है।जहां यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ता है वहां से कुछ दूरी पर टोल प्लाजा है।टोलटैक्स बचाने के चक्कर मे पिछले कुछ समय से हजारों वाहन जैसे ट्रक ट्रेलर, आदि इस संपर्क मार्ग से होकर गुजर रहे है।इन वाहनों के आवागमन से ग्राम वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन वाहनों के कारण गांव के अंदर धूल मिट्टी से किसानों की फसलों को काफी नुकसान होता है। दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है तथा महिलाएं, स्कूल जाने वाले बच्चों वृद्धजन स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त मार्ग के ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली के तार भी गुजर रहे है कई बार इन वाहनों से खंभे टूट चुके है जिस कारण गंभीर दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। हम ग्रामीणों द्वारा जो मना किया जाता है तो वाहन चालक मारपीट के लेते है।

# डॉ.आई ए खान ने पहलवानों को किया सम्मानित

पलियाकलां खीरी। संपूर्णानगर, खीरी में नशामुक्ति विराट दंगल में देश के कोने कोने से आए हुए पहलवानों एवं दंगल आयोजकों को संपूर्णानगर रत्न से सम्मानित



पर्यावरणप्रेमी एवं समाजसेवी डा आई ए खान ने सम्मानित किया। तथा उन्होंने कहा कि संपूर्णानगर में एक स्थाई अखाड़े की जरूरत है जिससे कि क्षेत्र के युवा नशे से दूर होकर खेल की तरफ अपनी रुचि दिखाएं तथा डा खान ने दंगल आयोजकों समाजसेवी राजन यादव एवं अजित मौर्य से कहा कि अखाड़ा बनाने के लिए हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। जल्द ही डा खान, राजन यादव, अजीत मौर्य आदि लोग मिलकर स्थाई अखाड़े के लिए लोगों का समर्थन हासिल कर ज्ञापन देंगे। इस मौके पर सम्मानित होने वाले पहलवान राहुल पांडे - हरियाणा, बाबा लाडी - हिमांचल प्रदेश, विवेक फौजी - हिमाचल प्रदेश, मोनू पहलवान - हरियाणा, बादल पहलवान - सहारनपुर तथा दंगल आयोजक समाजसेवी राजन यादव और अजित मौर्य सम्मानित हुए। डॉ. खान ने ये भी कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति विशेष का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का नाश करता है सम्पूर्ण नगर में अखाड़े निव नवजवानों को एक नई स्वस्थ दिशा की ओर अग्रेषित करेगी।

## तीसरी मंजिल के अवैध निर्माण पर नगर पालिका का नोटिस, मांगे दस्तावेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद ने धार्मिक शिव मंदिर कॉरिडोर के मुख्य मार्ग पर कराए गए अवैध निर्माण को लेकर सख्ती दिखाई है। पालिका प्रशासन ने वार्ड संख्या 19 निवासी संजय शर्मा पुत्र आशुतोष शर्मा को नोटिस जारी कर तीन कार्यदिवस के भीतर भवन से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अधिशाषी अधिकारी ने जारी नोटिस में कहा है कि शिव मंदिर कॉरिडोर क्षेत्र में शासन व जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि कॉरिडोर के पास बिना नक्शा पास कराए एवं दो मंजिला भवन के अतिरिक्त कोई भी निर्माण नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद संबंधित व्यक्ति द्वारा मुख्य मार्ग से सटे क्षेत्र में मकान का निर्माण कराया गया, जो नियमों के विपरीत है। पालिका के अनुसार यह निर्माण उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका परिषद की उपविधियों का उल्लंघन है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में भवन से जुड़े वैध दस्तावेज अधिशाषी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए तो नगर पालिका नियमों के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। नगर में धार्मिक कॉरिडोर क्षेत्र में लगातार हो रहे निर्माण को लेकर प्रशासन की सख्ती के बाद अन्य निर्माणकताओं में भी हलचल देखी जा रही है।

## झोपड़ी में आग लगाने से भारी नुकसान



धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के सुजईकुंड़ा गांव में शुक्रवार की रात एक छप्परनुमा घर में आग लगने से नकदी समेत गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिजन घर में सो रहे थे, शोर मचने पर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

राधेश्याम निवासी सुजईकुंड़ा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही दो लोग ने पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार रात करीब 10 बजे घर में आग लगा दी। किसी तरह पीड़ित अपने बच्चों को लेकर बाहर निकला तो देखा आरोपी लक्ष्मीकांत भाग रहा था।शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और किसी तरह आग पर काबू पा लिया। आग लगने से घर में रखी नकदी, कपड़े, अनाज व अन्य जरूरी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया जांच की जा रही जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने 7 शिकायतों का किया निस्तारण

निघासन खीरी। तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। दोपहर तक कुल 69 शिकायती पत्र प्राप्त हुए



जिनमें राजस्व, पुलिस और विद्युत समेत अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज हुई। प्रशासन ने इन शिकायतों में से 7 संवेदनशील प्रकरणों को चिह्नित किया, जिनका निस्तारण उसी दिन संभव था। सीडीओ ने इन मामलों को तत्काल समाधान के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन कर उन्हें निस्तारण करने को आदेशित किया ताकि 'सेम डे डिस्पोजल' सुनिश्चित किया जा सके।

समाधान दिवस में कई गंभीर मामले सामने आए। कई पीड़ितों ने शिकायत की कि उनकी भूमिधरी जमीन पर पड़ोसी द्वारा तीन महीने से कब्जा किया जा रहा है। इस पर सीडीओ ने भूमि की पुनः पैमाइश कराने के निर्देश दिए।इसी तरह, लुधौरी के एक किसान ने बताया कि हाईकोर्ट और तहसीलदार के आदेश के बावजूद खलिहान की जमीन खाली नहीं कराई गई है। कइयों किसानों ने अपनी जमीन पर कब्जे और विपक्षियों द्वारा लेखपाल की पैमाइश न मानने की शिकायत की। सीडीओ ने इन मामलों में कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं

मोहम्मदी खीरी। तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उदासीनता की भेंट चढ़ गया है। शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई न हो पाने के चलते फरियादियों ने ऐसे आयोजनों से अपना मुंह मोड़ लिया छोटी-छोटी शिकायतों को लेकर फरियादी जिला से लेकर राजधानी के अधिकारी और मुख्यमंत्री की शरण में जाने को मजबूर हुए हैं। एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुए आयोजित दिवस में महज 10 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई जिसमें सर्वाधिक शिकायतें 8 राजस्व विभाग की रही और 2 शिकायतें विद्युत विभाग की फरियादियों ने दी हैं।

## समाधान दिवस में 33 शिकायतें मौके पर सिर्फ दो का निस्तारण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शनिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 33 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन मौके पर महज दो मामलों का ही निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित रहीं, जिनकी संख्या 21 दर्ज की गई। इसके अलावा पुलिस विभाग की 6 शिकायतें प्राप्त हुईं। वहीं तीन मामलों को संयुक्त जांच के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। अन्य शिकायतों में चकबंदी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा चीनी उत्पादन एवं गन्ना विकास विभाग से एक-एक प्रकरण शामिल रहा। शिकायतों की संख्या अधिक होने के बावजूद निस्तारण बेहद सीमित रहने से फरियादियों में निराशा देखी गई।

# खीरी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा



आयोजित सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा शनिवार को दो पालिया मिलाकर जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक सतर्कता के बीच शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन माहौल में सम्पन्न हुई।

परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। प्रथम पाली में 14 केंद्र और द्वितीय पाली इन्हीं केंद्रों में से 11 केंद्रों पर परीक्षा हुई। जनपद के कुल 10,060 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 3202 तथा द्वितीय पाली में 2809 अभ्यर्थियों परीक्षा में सम्मिलित हुए। वहीं प्रथम पाली में 2260 और

- डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण, हर स्तर पर रहा प्रशासन मुस्तैद

द्वितीय पाली में 1789 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

परीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह स्वयं मॉनिटरिंग मोड में रहे। दोनों अधिकारियों ने जीआईसी, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो तथा परीक्षार्थियों को शांत, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण मिले। एसपी ने पुलिस बल को सतर्क और संवेदनशील रहने के निर्देश दिए।

## हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट की तैनाती, आयोग से भी रही निगरानी

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तैनात किए गए थे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षकों ने भी केंद्रों की सतत निगरानी की। वही इस पूरी परीक्षा में सहायक नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने अहम भूमिका निभाई।

# समस्त मतदेय स्थलों पर पढ़ी जायेगी मतदाता सूची

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में अवस्थित 09 विधानसभा क्षेत्रों (364-बदलापुर, 365 शाहगंज, 366-जौनपुर, 367-मल्हनी, 368-मुंगराबादशाहपुर, 369-मछलीशहर, 370-मड़ियाहूं, 371-जफराबाद एवं 372 केराकत) के समस्त मतदेय स्थलों पर ग्रामसभाध्शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र के पार्षद ग्राम प्रधान / वार्ड सदस्य ध्बूथ लेविल एजेण्ट ध्स्थानीय प्रतिनिधियों / नागरिकों की उपस्थिति में बी०एल०ओ० द्वारा 18 जनवरी को पूर्वान्ह 10.45 बजे से सायं 4.15 बजे तक मृतक, शिफड, डुप्लीकेट एवं आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जायेगा। यदि किन्हीं कारणों से मृतक, शिफड, डुप्लीकेट में चिन्हित मतदाताओं में से यदि कोई मतदाता उपस्थित पाया जाता है एवं जिन मतदाताओं का नाम आलेख्य नामावली में सम्मिलित नहीं है, तो ऐसे मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने हेतु फार्म 6 घोषणा पत्र के साथ प्राप्त करेंगें।

बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फार्ग-6,7 व 8 एवं घोषणा-पत्र उपलब्ध रहेगा।शनिवार को जनपद की सभी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं उ०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक की परीक्षा संचालित हो रही है। आज की तिथि हेतु मतदाता पुनरीक्षण की विशेष अभियान स्थगित रहेगा। दिनांक 18 जनवरी को पूर्ववत समस्त मतदेय स्थलों पर यह अभियान जारी रहेगा। विशेष अभियान की तिथियों में बीएलओ अपने सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर दावेध्आपत्तियां प्राप्त करेंगे। बीएलओ के कार्य के पर्यवेक्षण हेतु सुपरवाइजर्स की तैनाती की गयी है जो विशेष अभियान की तिथियों में मतदेय स्थलों का भ्रमण कर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए प्राप्त फार्मों की प्रगति की सूचना उप जिलाधिकारी /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में उसी दिन उपलब्ध करायेंगे। उक्त तिथियों में बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी एवं सुपरवाइजर्स की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु उप जिलाधिकारी ध्तहसीलदारध्खण्ड विकास अधिकारी एवं नायब तहसीलदार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य जनपदीय अधिकारियों के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया जाएगा।

## दिन में बिजली आपूर्ति की मांग किसानों ने सौंपा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता गोला को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने रात्रिकालीन आपूर्ति के स्थान पर दिन



में सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध कराने की मांग उठाई।ज्ञापन तहसील अध्यक्ष गोला के नेतृत्व में सौंपा गया। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में रात के समय दी जा रही बिजली से किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अंधेरे में खेतों तक जाना जोखिम भरा साबित हो रहा है। जिला महासचिव ने कहा कि क्षेत्र वन्यजीव बाहुल्य है। रात के समय सिंचाई करने पर जंगली जानवरों, विशेषकर बाघ के हमले की आशंका बनी रहती है। पूर्व में इस तरह की घटनाओं में किसानों की जान भी जा चुकी है। किसानों ने बताया कि ठंड के मौसम में रात्रि सिंचाई से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। लंबे समय तक ठंड में रहने से बीमार पड़ने की आशंका बनी रहती है, जिससे खेती के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने मांग की कि किसानों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कम से कम 10 घंटे दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे सिंचाई कार्य सुचारु रूप से हो सके।

# शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगीत को लेकर जागरूकता अभियान तेज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के नियमित पाठन को लेकर जागरूकता अभियान तेज हो गया है।

वंदे मातरम समिति द्वारा संचालित अभियान के प्रथम दिवस नगर के पांच प्रमुख शिक्षण संस्थानों में संपर्क कर विद्यालय प्रशासन से राष्ट्रगीत के नियमित सामूहिक गायन का आग्रह किया गया। समिति अध्यक्ष अनिकेत अवस्थी एवं सक्रिय सदस्य हर्ष भारद्वाज ने विद्यालयों का भ्रमण कर प्रधानाचार्यों व उप-प्रधानाचार्यों को ज्ञापन सौंपे तथा उनके विचार भी लिए। अभियान के दौरान अधिकांश विद्यालयों ने वंदे मातरम् के नियमित पाठन पर सहमति जताते हुए समिति को लिखित समर्थन प्रदान किया। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य कौशल किशोर मिश्रा ने कहा कि विद्यालय की शुरूआत वंदे मातरम् के बिना अधूरी है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कहा कि उनके विद्यालय में वर्षों से वंदे मातरम् का नियमित पाठन होता आ रहा है और अन्य विद्यालयों को भी इसे अपनाना चाहिए। श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने वंदे मातरम् को राष्ट्र की पहचान बताते हुए इसे प्रत्येक विद्यालय में अनिवार्य किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। चिल्ड्रंस एकेडमी के उप-प्रधानाचार्य मोहित पाठक ने बताया कि उनके विद्यालय में एक दिन राष्ट्रगान और एक दिन वंदे मातरम् का पाठ कराया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में संतुलित राष्ट्रीय चेतना विकसित होती है। गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य पूनम वर्मा ने अभियान का समर्थन करते हुए शीघ्र ही विद्यालय में वंदे मातरम् प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष अनिकेत अवस्थी ने कहा कि अभियान के तहत नगर के सभी विद्यालयों से संपर्क कर राष्ट्रगीत के नियमित पाठन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना मजबूत हो सके।

## छात्रों को दी एसआईआर की जानकारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान बीएलओ गण द्वारा छात्रों को फॉर्म-6, फॉर्म-8 सहित मतदाता बनने व संशोधन की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।

अभियान में बीएलओ ओमप्रकाश, पंकज वर्मा, सुरेन्द्र पाल सिंह, तबस्सुम एवं मधु भारती ने विद्यार्थियों को बताया कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता बनने के पात्र हैं और समय रहते आवेदन कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अपने बड़े भाई-बहन एवं परिवार के अन्य पात्र सदस्यों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय स्तर पर निर्वाचन संबंधी जानकारी देकर छात्रों को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे भविष्य में जिम्मेदार मतदाता तैयार हो सकें। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सेबी-एनएसई ने छात्रों को पढ़ाया सुरक्षित निवेश का पाठ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद गोला में सेबी एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता एवं क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसई की प्रभारी नियामक अधिकारी श्रुति शर्मा एवं महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता श्रुति शर्मा ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को वित्तीय बाजार की कार्यप्रणाली, सुरक्षित निवेश, जिम्मेदार निवेश व्यवहार और निवेशक संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव, व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन तथा सोच-समझकर निवेश करने की आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी



योजना में निवेश से पूर्व उसके जोखिमों को समझना अत्यंत जरूरी है। प्रतिभूति बाजार में 11 वर्षों से अधिक अनुभव रखने वाली श्रुति शर्मा ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से निवेश से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया, जिससे प्रतिभागियों को नियामकीय दृष्टिकोण की स्पष्ट समझ मिली। अध्यक्षीय संबोधन में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने छात्रों से बचत की आदत विकसित करने और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए योजनाबद्ध निवेश अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने निवेश से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे। समापन अवसर पर डॉ. आनंद कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरुण कुमार ने किया।

इस दौरान गेस्ट फैकल्टी डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. विश्व दीपक चतुर्वेदी, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. सतेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## वायरल वीडियो पर मुकदमा पंजीकृत

आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र में एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होना शुरू हो गया है। जिसमें दो पक्षों में मारपीट होने का मामला सामने आया है। वीडियो में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो रही है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो पक्ष आपस में गाली गलौज और मारपीट कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है आगे जो तथ्य सामने आएंगे अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महाराणा प्रताप सेना का राष्ट्रीय सम्मेलन आज

आजमगढ़। महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर महाराणा प्रताप सेना द्वारा 18 जनवरी 2026 को हरिऔध कला केंद्र के सभागार में राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम का आयोजन सुबह दस बजे से किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कारागार विभाग के मंत्री दारा सिंह चैहान, परिवहन विभाग के मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी विजय बहादुर पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्र, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् के संगठन मंत्री डा के. एन. पाण्डेय व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमाण्डर कुमार राजीव रंजन की मौजूद रहेंगे। अतिथियों की उपस्थिति में कारगिल शहीद आश्रित वीर नारियों सहित भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पहुंचकर राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने की अपील किया।

## महिला का गुस्सा देख अधिकारी को माननी पड़ी बात

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर बार-बार चक्कर काट रही एक महिला का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। महीनों से लंबित समस्या का निस्तारण न होने पर महिला का पारा चढ़ गया और देखते ही देखते वह जिम्मेदार अधिकारी से दो-टूक अंदाज में अपनी बात रखने लगी। समाधान दिवस में मौजूद लोग उस वक्त स्तब्ध रह गए, जब पीड़िता ने प्रशासनिक उदासीनता पर खुलकर सवाल खड़े कर दिए। महिला का कहना था कि वह कई बार आवेदन दे चुकी है, हर बार सिर्फ आश्वासन मिला लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहते हुए उसकी आंखों में गुस्सा और बेबसी साफ झलक रही थी। जब अधिकारी ने औपचारिक जवाब देकर बात टालनी चाही, तो महिला ने कड़े शब्दों में प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। तेज आवाज और तीखे सवालों के बीच माहौल कुछ देर के लिए गरमा गया। महिला ने साफ शब्दों में कहा कि अगर आज भी उसकी सुनवाई नहीं हुई तो वह उच्चाधिकारियों तक शिकायत ले जाएगी। उसकी दृढ़ता और आत्मविश्वास के आगे आखिरकार अधिकारी को झुकना पड़ा और मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश देने पड़े। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर आम जनता को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए क्यों आवाज ऊंची करनी पड़ती है। समाधान दिवस का उद्देश्य जहां लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण है, वहीं ऐसे मामले प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलते नजर आते हैं। फिलहाल अधिकारी के आश्वासन के बाद महिला को उम्मीद जगी है कि उसकी समस्या का समाधान अब कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि धरातल पर भी नजर आएगा।

# दबंग पट्टीदारों से परेशान पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार



मीरजापुर। जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत दूबेपुर चिन्दलिख गांव में एक ही परिवार के दो लोग खेत की मेड़ को लेकर इस तरह भिड़े की मामला कचहरी-कोतवाली के बाद अब घर पर चढ़कर अपराधिक गतिविधियों के आरोप तक जा पहुंचा है।

घटनाक्रम की शुरूआत बीते जुलाई माह से आरंभ होकर लगातार जारी है। स्थानीय थाना पुलिस ने भी पैसे वालों की मदद करते हुए चार दिन बाद सिर्फ एक पक्षीय कार्रवाई कर मामले को बढ़ाने का काम किया। मजे की बात यह है कि पुलिस के अधिकारी ने उसपर कार्यवाही की, जिसने सबसे पहले थाने में पहुंचकर घटना की सूचना दी थी, जिसका साक्ष्य पीड़ित अरविन्द अपने झोले में लेकर रोज थाना-कचहरी दौड़ रहा है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पीड़ित ने जो कुछ मीडिया से कहा उसे सुनने वाले का मन भर आया। पीड़ित अरविन्द ने बताया कि उसके और उसके परिवार के साथ बीते 13 जुलाई 25 की सुबह आठ बजे 18 जुलाई 25 को दोपहर तथा अभी पांच दिन पूर्व बीते शुक्रवार 9 जनवरी को एक बड़ी घटना होते होते टल गया, जैसा कि आरोप है। पीड़ित अरविंद कुमार पुत्र रमाशंकर दुबे ने प्रभारी निरीक्षक व पुलिस अधीक्षक को लिखे प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीते 9 जनवरी 2026 को शाम लगभग 6 बजे विपक्षी संख्या एक चाकू लेकर पीड़ित के घर चढ़ आया। गालियां देते हुए बाहर बुलाया, बाहर न निकलने पर गला काटकर जान से मारने की धमकी दी, जिसकी सूचना पर डॉयल 112 की टीम मौके पर गई। पुलिस के जाने के बाद विपक्षी संख्या एक के एक अन्य भाई विपक्षी संख्या 2 भी गुस्से में जा पहुंचे, आरोप है कि उसके हाथ में असलहा था और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच उनके दो अन्य भाई भी गाली गलौज करते हुए पीड़ित के दरवाजे पर आ धमके। जिसके चलते पीड़ित के घर भय व्याप्त हो गया, लेकिन भला हो उनके पिता का जिन्होंने मौके की नजाकत को समझा और अपने तीनों बच्चों को यह कहकर वहां से ले गए कि इसे यहां नही बाहर मारना है। इस प्रकार एक बड़ी घटना होते-होते टल तो गई लेकिन विपक्षी के पिता द्वारा बाहर मारने की धमकी से पीड़ित सहमा हुआ है। पीड़ित ने अपने बयान में ये बाते मीडिया के सामने रखते हुए जान-माल के खतरे की आशंका जताई है। पीड़ित अरविंद ने यह भी बताया कि विपक्षी परिवार में दबंग किस्म के लोग हैं, आस पास के लोग गवाही देने से डरते हैं। बताया कि विपक्षी के परिवार से एक अपने को पेशे से अधिवक्ता बताते है, उनके पिता पर थाना देहात कोतवाली में सन 2018 में एक मुकदमा घर में घुसकर महिला से मारपीट सहित जान से मारने का केस संख्या 0369 सन 2018 में तत्कालीन आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 452 दर्ज है। यह प्रकरण शनिवार को तहसील दिवस में भी पहुंचा, जहां मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसील सदर में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ने जांच के आदेश दिए हैं।

## सीआरपीएफ जवान की ट्रेन से गिरकर मौत

मीरजापुर। जिले के निवासी तथा आसाराम में तैनात एक सीआरपीएफ जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में आसाम में रेलवे ट्रैक के किनारे लाश मिलने की खबर से गांव में हड़कंप मच गया है। जिले के जमालपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम मनऊर निवासी विनय कुमार सिंह पुत्र राम ललित सिंह वर्तमान समय में सीआरपीएफ बटालियन में जीडी के पद पर आसाम के शिव सागर में कार्यरत थे। विनय कुमार सिंह 11 जनवरी 2026 को विभाग से छुट्टी लेकर घर आने के लिए निकले थे, लेकिन 13 जनवरी तक घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोग परेशान होकर यहां-वहां खोजबीन करने लगे। कहीं से कुछ पता नहीं चलने पर उनकी पत्नी रूबी सिंह 14 जनवरी को हवाई जहाज से शिवसागर, आसाम के लिए निकल गई तथा 15 जनवरी को शिवसागर, आसाम में सीआरपीएफ कार्यालय पहुंचकर पति के घर नहीं पहुंचने की जानकारी दी। तत्काल विभाग द्वारा खोजबीन शुरू किया गया तो रेलवे विभाग के हास्पिटल में एक लावारिस लाश पड़े होने की जानकारी मिली। तुरंत विभाग के साथ रुबी सिंह रेलवे अस्पताल पहुंच कर शव का शिनाख्त किया तो वो उनके पति विनय कुमार सिंह का ही था। रेलवे विभाग द्वारा बताया गया कि 11 जनवरी को लगभग दिन में ग्यारह बजे के आस-पास ट्रेन के पिछले डिब्बे में बैठे गार्ड द्वारा स्टेशन मास्टर को बताया गया कि सिमलुगुड़ी स्टेशन से लगभग दस-बारह किलोमीटर पहले लाइन के किनारे एक आदमी का बाडी पड़ा हुआ है। जानकारी होने पर तत्काल विभाग द्वारा मृत शरीर को अग्रिम कार्रवाई हेतु रेलवे के अस्पताल पहुंचा दिया गया। शव का शिनाख्त हो जाने पर सीआरपीएफ द्वारा रेलवे विभाग से शव को अपने कस्टडी में ले लिया गया तथा विभागीय कार्रवाई पुरा कर 17 जनवरी को सायं तक लगभग पांच-छः बजे तक पार्थिव शरीर ग्राम-मनऊर पहुंचने की संभावना है। विनय कुमार सिंह की नियुक्ति 2013 में सीआरपीएफ में ट्रेनर के पद पर हुई थी। पूरे परिवार में इस समय मातम पसरा हुआ है।

# कुम्भ सरीखा दिखा प्रयास का महाखिचड़ी भोज



आजमगढ़। सामाजिक संगठन प्रयास द्वारा बेलइसा मंडी में सामाजिक समरसता के कुम्भ सरीके महाखिचड़ी भोज व वस्त्र वितरण का भी आयोजन किया गया। जिसमे समाज के हर तबके के लगभग 1500 लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद उठाया। जिसका शुभारंभ मंडी सचिव सभानंद तिवारी ने किया। खिचड़ी भोज में पहुंचे मंडी सचिव सभानंद तिवारी ने प्रयास के कार्यों की सराहना करते हुए आयोजन को सामाजिक हित में आवश्यक बताया और अपने हाथों से लोगों के थाली में खिचड़ी परोसा कर सामाजिक सौहार्द्र और भाईचारगी का पैगाम दिया। जिला कोषाध्यक्ष शम्भु दयाल सोनकर ने खिचड़ी के महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि यह त्योहार सह-अस्तित्व भाव से रहने-सहने जैसी स्थिति को जीवन्त करता है। जैसे कि खिचड़ी में किसी भी खाद्य वस्तु का अपना अस्तित्व नहीं रह जाता है, सब एकरूप हो एक सुस्वादु, सुपाच्य, पौष्टिक आहार में परिवर्तित हो जीवन को ऊर्जावान बनाते हैं। उसी प्रकार से समाज में भी हम सब एक-दूसरे में ऐसे घुल-मिलकर रहे जैसे कि खिचड़ी।

राणा बलवीर सिंह ने कहाकि प्रयास ने समाज के सभी वर्गो से अनाज मांग कर यह सामाजिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है। इस खिचड़ी भोज के माध्यम से समाज से ऊंच-नीच व छूआछूत पर करारा प्रहार करते हुए समाज को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया गया। सभी वर्ग, सभी जाति के लोग जब एकजुट रहेंगे तो हमारे समाज और देश तरक्की की राह पर अग्रसरित रहेगा। इस अवसर पर मण्डी अध्यक्ष भरत प्रसाद, रामसरण सोनकर उर्फ पप्पू, रणजीत सिंह, शंभु दयाल सोनकर, चन्दू, मीरा चौहान, रेनू राय, तमाम कृषक, ठेला चालक, पल्लेदार, मजदूर आदि लोगों ने खिचड़ी का आनंद लिया।

## एसपी ने किया, 19 थानों के 94 पुलिसकर्मियों का तबादला

आजमगढ़। जिले में भ्रष्टाचार और कदाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने 16 थानों में तैनात 34 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से 19 थानों के 94 पुलिसकर्मियों का तबादला भी किया गया है।

यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों और आंतरिक जांच में आर्थिक अनियमितता, अवैध वसूली और पद के दुरुपयोग के आरोप सही पाए जाने के बाद की गई है। एसपी ने साफ शब्दों में कहा है कि जिले में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों में पासपोर्ट सत्यापन से जुड़े कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं। गंभीरपुर थाने में तैनात चार पुलिसकर्मी योगेंद्र मौर्य (पासपोर्ट सेल), आनंद पांडेय, रत्नेश और सुरेश को भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप में पुलिस लाइन भेजा गया है। गंभीरपुर थाना क्षेत्र में पासपोर्ट के नाम पर अवैध वसूली के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। इसके अलावा देवगांव कोतवाली, मुबारकपुर, पवई, दीदारगंज, मेंहनगर, बिलरियागंज, महाराजगंज, अतरौलिया, अहिरौला, तहबरपुर, निजामाबाद, जहानागंज, कप्तानगंज, सरायमीर और रानी की सराय थानों से जुड़े कुल 34 पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। एसपी द्वारा किए गए तबादलों में सिधारी, रानी की सराय, कंधरापुर, मुबारकपुर, कोतवाली, रौनापार, अतरौलिया समेत 19 थानों के 94 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें से कई कर्मचारी वर्षों से एक ही थाने में तैनात थे, जिसको लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बरदह थाने में पासपोर्ट कार्य देख रहे अजीत कुशवाहा के खिलाफ भी पासपोर्ट बनवाने के नाम पर पैसे लेने की लगातार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, जिसकी जांच अभी जारी है। इस सख्त कार्रवाई से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## अश्लील हरकत कर रहे युवक को छात्रा ने सरेआम पीटा

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ई-रिक्शा में छेड़खानी कर रहे एक युवक को छात्रा ने सरेआम पीट दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, एलवल क्षेत्र स्थित एक विद्यालय की दो छात्राएं छुट्टी के बाद ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। इसी दौरान ई-रिक्शा में पहले से बैठे एक युवक ने छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करना शुरू कर दिया।

शुरूआत में छात्राओं ने उसकी हरकतों को नजरअंदाज किया, लेकिन जब युवक नहीं माना तो उन्होंने साहस दिखाते हुए शहर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़िया मस्जिद के पास ई-रिक्शा रुकवाया। आरोप है कि इसके बाद छात्राओं ने युवक को ई-रिक्शा से नीचे उतारकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने भी युवक की जमकर धुनाई कर दी। हालांकि, वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक को वहां से भगाते हुए भी नजर आ रहे हैं। इस मामले में शहर कोतवाल यजवेंद्र पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की सच्चाई सामने आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद एक बार फिर सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं और सोशल मीडिया पर लोग छात्रा के साहस की तारीफ करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका अहम



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भारत की उभरती आर्थिक शक्ति और विकसित भारत विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए दून विश्वविद्यालय, देहरादून के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. एच.सी. पुरोहित ने कहा कि आज वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की उभरती आर्थिक शक्ति दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के बाद जहां विश्व की कई बडी आर्थिक शक्तियां गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही हैं, वहीं भारत अपनी दूरदर्शी आर्थिक नीतियों के कारण तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है।

प्रो. पुरोहित ने कहा कि बीते वर्ष किए गए आर्थिक सुधारोंकृजैसे आयकर स्लैब में परिवर्तन एवं कर छूट के दायरे का विस्तार, जीएसटी 2.0 के अंतर्गत टैरिफ में बदलाव कर दरों में कटौती, बहुप्रतीक्षित चार श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए मनरेगा के दायरे का विस्तार कर गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (जी-राम-जी) जैसे कदमकृरोजगार सृजन और ग्राम स्वराज की स्थापना की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ एवं चौधरी बंशी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी (हरियाणा) के आचार्य प्रो. एस.के. सिन्हा ने कहा कि भारत की आर्थिक मजबूती का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए अनावश्यक टैरिफ के बावजूद भारत का निर्यात निरंतर बढ रहा है। इससे स्पष्ट है कि भारत व्यापार और औद्योगीकरण के क्षेत्र में एक विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा है। अतिथियों का स्वागत डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुशील कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन डॉ. राकेश कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशा पांडे, डॉ. सुशील कुमार सिंह एवं प्रिंस सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, रोका काम



- गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाये जाने के आश्वासन पर माने ग्रामीण

जिला संवाददाता

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गूलपुर गांव से गलरा गांव तक लोनिवि द्वारा तीन किलोमीटर लंबी बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूंट पड़ा।

संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया सड़क निर्माण करवाए जाने पर शनिवार को गलरा खुटहा साधन सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर पटेल के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया। सड़क निर्माण कार्य रोके जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता सुशील कुमार ने सड़क निर्माण करवा रहे ठेकेदार छोटे लाल उपाध्याय को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कार्य करवाने का निर्देश दिया। जेई सुशील कुमार को ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा करीब आधी किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाया जा चुका है लेकिन घटिया निर्माण कार्य और सड़क की बिना सफाई करवाए और सड़क निर्माण पूर्व पानी की तराई नही किए जाने से सड़क उखड़ने लगी है। ग्रामीण हरिशंकर पटेल, ब्रह्मानंद मिश्र, सिकंदर बैद, नचकऊ वर्मा आदि ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में घटिया काम करवाए जाने पर कार्य को रोक दिया गया था। ग्रामीणों ने गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण करवाए जाने की मांग की है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाए जाने हेतु संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। यदि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन पाया गया तो ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सुंदरकाण्ड भक्ति मार्ग ही नहीं जीवन प्रबंधन का भी शास्त्र

जौनपुर। लिंग थापि विधिवत करि पूजा। सिव समान प्रिय मोहि न दूजा।। की पावन चैपाइयों के साथ मृत्युञ्जय महादेव धाम उमरछा में आयोजित सस्वर सुंदरकाण्ड प्रतियोगिता का प्रदोष तिथि का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर निर्मल मानस ग्रुप, औरैला मड़ियाहूं के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मंत्रमुग्ध कर देने वाले पाठ के उपरांत एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सुशील कुमार उपाध्याय पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जौनपुर ने कहा, सुंदरकाण्ड केवल भक्ति का मार्ग नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का जीवंत शास्त्र है। निर्मल मानस ग्रुप के युवा कलाकारों ने जिस शुद्धता और लयबद्धता के साथ प्रभु चरित का गान किया है, वह नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सनातन मूल्यों का विस्तार होता है।

विशिष्ट अतिथि यादवेन्द्र मिश्र और दीपक सिंह श्मोटेश ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा, ष्कला और भक्ति का संगम जब मंच पर उतरता है, तो वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। औरैला के इन कलाकारों ने अपनी स्वर लहरियों से आज मृत्युञ्जय महादेव धाम उमरछा को अयोध्या जैसा स्वरूप दे दिया है। प्रतिभाओं को सम्मानित करना हमारी सांस्कृतिक परंपरा का अहम हिस्सा है ष् इसी क्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा निर्मल मानस ग्रुप के कलाकार राजीव निर्मल, चादनी यादव, पंकज विश्वकर्मा चंचल शर्मा, राजेश पांडेय प्रेम आसरे पाण्डेय को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शुरूआत पंडित हीरामणी उपाध्याय के कुशल सानिध्य और वैदिक रीति-विधान से यजमान श्री आनंद उपाध्याय और एवं उनकी धर्मपत्नी जयदेवी द्वारा पूजा पाठ से किया गया ।उपस्थित दर्शकों के साथ-साथ निर्णायक मंडल के सदस्य ललित शुक्ल, कैलाश नाथ शुक्ल और सतीश कुमार उपाध्याय ने अपने निर्णय को बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा। प्रभाकर शुक्ल और दीपक सिंह मोटो के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सुनील पाठक, संतोष मिश्र, राजेंद्र मौर्य, आनंद उपाध्याय, राकेश शुक्ल, पद्माकर शुक्ल, लालमुनि उपाध्याय, उदयशंकर शुक्ल, रतनलाल गुप्त को स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

## गैंगस्टर एक्ट में चार के खिलाफ एक्शन

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान की जान लेने की नीयत से की गई फायरिंग की गंभीर घटना में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए छह अभियुक्तों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के अनुमोदन के बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार थाना निजामाबाद पर दिनांक 27 मई 2025 को मु0अ0सं0 19/26 धारा 2(ख)(1)/3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत चुनहटा निवासी सुशील यादव उर्फ बिट्ठू, दुबई यादव, पप्पू यादव, प्रियांशु यादव, अजीत यादव उर्फ मोनू और गम्भीरपुर थाना क्षेत्र के बैराडीह निवासी प्रवीण यादव के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। इस गिरोह का सरगना सुशील यादव उर्फ बिट्ठू बताया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजनरायण पाण्डेय को सौंपी गई है। इसी क्रम में शुक्रवार 17 जनवरी को थानाध्यक्ष निजामाबाद हीरेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वांछित अभियुक्तों की तलाश में थे। मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर मामले से जुड़े वांछित अभियुक्त प्रियांशु यादव पुत्र पप्पू यादव, निवासी चुनहटा, उम्र करीब 20 वर्ष, को शेरपुर तिराहे से सुबह करीब 7:45 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त प्रियांशु यादव के खिलाफ निजामाबाद थाने में पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि शेष फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों पर हमले और संगठित अपराध में शामिल अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## युवती ने मैनेजर पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

जौनपुर। जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई न होने का खामियाजा महिला कर्मचारी भुगतने को मजबूर हैं। प्रकरण खानपुर अकबरपुर क्षेत्र में संचालित एक निजी अस्पताल का है, जहां काम करने वाली एक युवती ने अस्पताल के मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो जारी किया है। युवती का कहना है कि अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारियों के साथ आए दिन शारिरिक शोषण की जाती थी, लेकिन नौकरी जाने के डर से कोई खुलकर विरोध नहीं कर पा रहा था। पीडिता के अनुसार घटना वाले दिन भोर करीब पांच बजे अस्पताल के मैनेजर ने उसे फोन कर ऑपरेशन थिएटर में इमरजेंसी का हवाला देकर बुलाया। जैसे ही वह ओटी के अंदर पहुंची, मैनेजर ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि उसने लगातार विरोध किया, खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन मैनेजर नहीं माना और शारीरिक शोषण का प्रयास करता रहां। युवती का यह भी आरोप है कि घटना के बाद मैनेजर ने उसे धमकाया और कहा कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो न सिर्फ नौकरी से निकाल दिया जाएगा बल्कि जान से भी मरवा दिया जाएगा। लोक-लाज और सामाजिक बदनामी के डर से वह लंबे समय तक चुप रही। बाद में रोते हुए उसने पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। मामला सामने आने के बाद परिजनों ने युवती को उस अस्पताल में दोबारा काम पर जाने से मना कर दिया ।पीडिता का कहना है कि उसने अस्पताल की नौकरी छोड दी, लेकिन इसके बाद भी उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। फोन कॉल और दबाव बनाकर शिकायत न करने की कोशिश की जा रही है। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल का मैनेजर विश्व हिंदू परिषद से जुडा हुआ है और अस्पताल के संचालक का भाई बताया जा रहा है, जिसके चलते वह खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। वहीं अस्पताल संचालक पंकज मौर्या ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि युवती को काम से निकाल दिया गया था, उसी रंजिश में वह इस तरह के आरोप लगा रही है। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है और आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। पुलिस के अनुसार अभी तक इस संबंध में उन्हें कोई लिखित शिकायत या तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। न ही थाने स्तर पर कोई सूचना दी गई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई जाएगी।

## 400 गरीबों को बांटे गये कम्बल



जौनपुर, समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह और पंजाबी सिंह ने शनिवार को बक्शा के गढासेनी और सिकरारा के ककोहियां गांव में गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान कुल 400 परिवारों को गर्म कंबल दिए गए, जिससे उन्हें कडाके की ठंड से राहत मिली। गढासेनी गांव में और ककोहियां में समाजसेवी प्रेम प्रकाश सिंह के आवास के पास साईं बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया। ककोहियां निवासी प्रेम प्रकाश सिंह ने अपनी उपस्थिति में बक्शा ब्लॉक के गढासेनी गांव में 100 कंबल और ककोहियां गांव में 300 कंबल वितरित किए। कंबल मिलते ही जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। प्रेम प्रकाश सिंह ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ठंड का यह मौसम किसी गरीब या असहाय व्यक्ति के लिए परेशानी का कारण न बने। उन्होंने यह भी बताया कि वे पिछले दस वर्षों से लगातार समाज की सेवा कर रहे हैं और हर साल ठंड में जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित करते हैं। उन्होंने इसे केवल कंबल वितरण नहीं, बल्कि अपनी संवेदना और जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। रोहित यादव, शेषमणि पांडेय, अशोक कुमार सिंह, स्वामीनाथ पांडेय, इन्द्रजीत गौतम, राजन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रधान ज्योति यादव, प्रधान पति अरुण यादव, सत्यप्रकाश शुक्ला, संतोष सिंह, अनुपम यादव, मंटू यादव और वंदना यादव भी उपस्थित रहे।

## छानवे विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा विशेष अभियान

लालगंज, मीरजापुर। लोकतंत्र की बुनियादी इकाई मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार, 18 जनवरी को छानवे विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मान महेंद्र सिंह के निर्देशन में मैपिंग और फोटो अपडेट संबंधित कार्यों के साथ-साथ मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन होगा ।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मान महेंद्र सिंह ने शनिवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि प्रत्येक बूथ पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बीएलओ की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इस दौरान बीएलओ निर्वाचक नामावली को जोर-जोर से पढ़कर सुनाएंगे, ताकि मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम काटे जा सकें और पात्र लोगों के नाम जोड़े जा सकें। उन्होंने विशेष रूप से फोटो अपडेट करने और मैपिंग की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं ।तहसीलदार दीक्षा पांडे ने बताया कि छानवे विधानसभा के अंतर्गत बूथवार पुनरीक्षण कार्य के लिए सभी तैयारियां शनिवार को ही पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि जो नागरिक अभी तक मतदाता नहीं बन सके हैं ।वे फॉर्म-6 भरकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रविष्टियों में सुधार के लिए फॉर्म-8 भरने की सुविधा भी बूथ पर ही मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन मतदाताओं के फोटो स्पष्ट नहीं हैं या मैपिंग में त्रुटि है। उन्हें इस अभियान के दौरान दुरुस्त किया जाएगा ।तहसीलदार ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि रविवार को अपने संबंधित मतदेय स्थलों पर पहुचकर सूची में अपना नाम अवश्य जाचें ।जिससे आगामी चुनावों में मतदान से कोई वंचित न रहे।

## पत्रकार को पत्रकार पितृ शोक

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के हुसेपुर के गांव निवासी पत्रकार विनय श्रीवास्तव के पिता लालसाहब श्रीवास्तव शुक्रवार की देर रात को निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष के थे। बताते है कि देर रात को उनको अचानक सीने में दर्द हुआ ।उसके बाद वे गिर गए ।अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।उनके निधन की सूचना पर उनके आवास पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए ।उनका वाराणसी में अंतिम संस्कार किया गया ।उद्योग व्यापार मंडल ने कबुलपुर तथा हुसेपुर बाजार को दोपहर तक बन्द रखा गया ।उनके तीन पुत्र तथा एक पुत्री है ।वे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए।

संक्षेप

## पत्रकार के निधन पर हुई पत्रकारों की शोक सभा

भटनी( देवरिया )स्थानीय नगर में स्थित पत्रकार व ज्योतिषाचार्य पंडित धनंजय पाण्डेय के निवास पर पत्रकारों की हुई आवश्यक बैठक ।जिसमें विकास खण्ड भागलपुर के धर्मेर निवासी एवं ग्रामीणपत्रकार एसोसिएशन जिला देवरिया के जिला संगठन मंत्री अवधनारायण मिश्र का हृदयाघात से आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर पत्रकारों ने अपनी शोक सम्वेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व मिश्र मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व संगठन के प्रति समर्पित थे ।आजीवन संगठन मजबूत करने व संगठित करने में लगे रहे ।इनकी मृत्यु से संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है ।अन्त मे मृतात्मा की शान्ति के लिए दो मिनट मौन होकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी साथ ही पीडित परिवार को सांत्वना देते हुए पत्रकारों ने कहा कि इ स दुःख की घडी मे संगठन आपके साथ है ।सम्पूर्णानन्द दीक्षित विजय प्रताप सिंह मारुतिनंदन मिश्र रामनवल स्आिनिल मिश्र यादवलाल कुशवाहा प्रमोद तिवारी विरेन्द्र यादव प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

# समाधान दिवस में 54 शिकायतें मिलीं, 6 निपटीं

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के पडरौना तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण का निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

जिलाधिकारी श्री तंवर ने एक-एक कर सभी प्रार्थनापत्रों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त प्रार्थनापत्रों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थनापत्रों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस से जुड़े मामलों में पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 54 मामले प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 31, पुलिस विभाग के 12, विकास विभाग के 08, अन्य विभागों के 03 प्रकरण शामिल रहे। इनमें से मौके पर ही राजस्व विभाग के 06, मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष 48 प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील दिवस पडरौना में उपस्थित समस्त अधिकारियों/ कर्मचारी एवं आम जनमानस को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाया गया साथ ही हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कर किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पीयूष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, बीएस राम जियावन मौर्य, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी ऋषभ पुंडीर सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला कारागार का औचक निरीक्षण

देवरिया । आज राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला कारागार देवरिया मे निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा यू0टी0आर0सी0 कैंपेन 2026 के प्रथम चरण के अन्तर्गत चिन्हित बंदी तथा अन्य बंदियों के प्रकरणों पर व्यक्तिगत रूप से से मुलाकात कर उनके मामलों में विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर भी विचार-विमर्श किया गया। तथा जिला कारागार में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें ।

## परीक्षा को तनाव नहीं बल्कि प्रेरणा के रूप में स्वीकार करें छात्र : अनिरुद्ध सिंह



**देवरिया।** परीक्षा सतत विकास को प्राप्त करने की प्रक्रिया है और यह जीवन में तनाव नहीं प्रेरणा का विषय है इसे आगे बढ कर सीखने और अपने अधिगम को अभिव्यक्त करने की योजना के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए ना कि इसे तनाव, अवसाद के रूप में लेना चाहिए।उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में आयोजित‍ परीक्षा पर चर्चा‍ विषयक कार्यशाला में अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा।अपने संबोधन में प्रधानाचार्य जी ने छात्रों को परीक्षा हेतु सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन भर मनुष्य सीखने की प्रक्रिया से गुजरता है और जीवन के हर सोपान पर विभिन्न परीक्षाओं से सामना करना पड़ता है।आने वाली परीक्षा जो आपके जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, आने वाले जीवन की परीक्षाओं से परिचित भी कराती है और भविष्य के लिए तैयार भी करती हैं, इसलिए आपको इसका सामना उजार्वान और सकारात्मक रह कर करना है।

कार्यशाला में विभिन्न विषयों के संभावित प्रश्नों के स्वरूप और आदर्श उत्तर के लेखन पर विभिन्न विषयाचार्यों ने अपने सुझाव दिया।जीव विज्ञान के वरिष्ठ प्रवक्ता और विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित जी ने जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के उत्तर में चित्र आरेखण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला वहीं गणित विभाग के प्रवक्ता श्री दिलीप श्रीवास्तव जी ने गणित के प्रश्न के उत्तर में सोपानों के अनुकरण के महत्व को स्पष्ट किया।इसी प्रकार अंग्रेजी, हिंदी, अर्थशास्त्र और वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान के आचार्यों ने अपने सुझाव दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य मौजूद रहे।

## खतौनी में अंश निर्धारण त्रुटि सुधार के लिए रोस्टरवार विशेष अभियान

**कुशीनगर।** राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा दिये गए निर्देश के अनुपालन में तहसील पडरौना अंतर्गत समस्त राजस्व ग्रामों में खतौनी में खातेदार/सह-खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों के सुधार हेतु 02 माह का रोस्टरवार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।यह अभियान 10 जनवरी, 2026 से 15 मार्च, 2026 तक कुल 06 चरणों में संपन्न कराया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों के संशोधन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।तत्पश्चात लेखपाल द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित कर भूमि प्रबंधक समिति एवं ग्रामवासियों/खातेदारों की उपस्थिति में खतौनी (ख०पू०-3) में दर्ज अंशों को पढ़कर सुनाया जाएगा।जिन खातेदारों/सह-खातेदारों के अंश में त्रुटि पाई जाएगी, उनके सही अंश दर्ज कराकर सहमति स्वरूप हस्ताक्षर अथवा अंगूठा निशान प्राप्त किया जाएगा तथा संबंधित विवरण भूलेख पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।इसके अतिरिक्त राजस्व परिषद द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह भी निर्देशित किया गया है कि जिन खातेदारों का अंश सही पाया जाए, उनसे भी उनके नाम के सम्मुख हस्ताक्षर इस प्रमाण के रूप में अवश्य कराए जाएं कि उनके अंश में कोई त्रुटि नहीं है। अगले चरण में लेखपाल द्वारा प्रत्येक आवेदन की स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कर विवादित अथवा आपत्तित प्रकरणों के संबंध में संस्तुति सहित जांच आख्या एवं साक्ष्य पोर्टल पर अपलोड कर राजस्व निरीक्षक को अग्रसारित किया जाएगा। राजस्व निरीक्षक द्वारा समस्त जांच आख्याओं का परीक्षण उपरांत अनुमोदन हेतु ऑनलाइन अग्रेषण किया जाएगा।तहसीलदार पडरौना द्वारा समस्त राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि रोस्टरवार कार्यक्रम का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा यह प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि उनके क्षेत्र से संबंधित किसी भी खतौनी में खातेदारों के अंश निर्धारण में कोई त्रुटि शेष नहीं है। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है, किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## कुशीनगर में हस्तशिल्प कला को मिला बड़ा जन समर्थन

कसया, कुशीनगर। बिरला धर्मशाला स्थित मैदान में लगी 10 दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी के समापन अवसर पर शनिवार को वाराणसी कार्यालय से आये सीटीओ धनजीत कुमार ने प्रदर्शनी का निरिक्षण किया और हस्तशिल्पीयो के प्रयास की सराहना की।वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र वाराणसी साथ ही कुशीनगर क्रोसिया हैंडीक्राफ्ट प्रोडूसर कंपनी द्वारा जन-जागरूकता और हस्तशिल्प प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित प्रदर्शनी में इस बार विदेशियों ने भी बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनियों में उमड़ी भीड़ ने लाखों की खरीदारी की जिससे खुश हस्तशिल्पियों ने कुशीनगर आने का वादा किया।प्रदर्शनी में बनारस, सुल्तानपुर और कुशीनगर समेत विभिन्न क्षेत्रों व बिहार से आए 20 हस्तशिल्पियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।प्रमुख कलाओं में क्रोसिया, ज्वेलरी, पेंटिंग, टेराकोटा, वुड क्राफ्ट, वीड क्राफ्ट, पेंटिंग, स्टोन कार्निंग, बनाना फाइवर से बने उत्पाद और पेंटिंग व गोरखपुर की टेराकोटा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।प्रोडूसर कंपनी के डाइरेक्टर देश दीपक दूबे ने सभी हस्तशिल्पियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान जिलापंचायत प्रतिनिधि, अभिषेक भारद्वाज, दिव्या सिंह, आशा देवी, धीरज कुमार, शालिनी शर्मा उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा से दोनों आंखें गायब

**अयोध्या।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी आज अभी एक धरने में शामिल होने गांधी पार्क पहुंचे तो देखा कि महात्मा गांधी की दोनों आंख ही गायब है जबकि जानकारी हुई कि इनके आंख का चश्मा पहले ही गायब है, देख कर बहुत ही अचंभा हुआ कि गांधी जी आंख कौन निकाल लिया,जबकि यहां प्रशासन का आना जाना लगा रहता है।हम जिला प्रशासन की संज्ञान में डालते हुए मांग करता है कि तत्काल गांधी की आंख को तत्काल ठीक कराए।यह महान लोगों का अपमान है।

## बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के चैंबर में आगजनी

मथुरा। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा एडवोकेट के चैंबर में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है।घटना ठीक उसी दिन हुई, जब बार एसोसिएशन चुनाव की मतगणना शनिवार को शुरू होने वाली थी। आगजनी में चैंबर में रखा महत्वपूर्ण सामान और दस्तावेज जल गए हैं। शनिवार तड़के कचहरी परिसर स्थित चैंबर में आगजनी की इस वारदात से अधिवक्ता समाज में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है।पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह बीएसए कालेज टहलने गए थे। उसी दौरान फोन पर चैंबर में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर आग जलती हुई मिली। उनके अनुसार यह घटना पूरी तरह सुनियोजित है। कम से कम 60 महत्वपूर्ण फाइलें और कई दस्तावेज जल गए हैं।

# बहराइच में बाघ को बेहोश कर पिंजरे में कैद किया गया

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले की महसी तहसील के रेहुआ मंसूर गांव में चार दिनों से दहशत का पर्याय बन चुके एक बाघ को वन विभाग के विशेषज्ञों

- अभियान के दौरान किसी इंसान अथवा जानवर को चोट नहीं आई है

ने शनिवार को बेहोश करके पकड़ लिया और उसे पिंजरे में कैद करने में कामयाबी हासिल की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वनाधिकारी सुन्देरेशा ने बताया कि महसी तहसील के रेहुआ मंसूर गांव में बीते चार दिनों से एक बाघ दिखाई दे रहा था। इस क्षेत्र में साल 2024 में भेड़िए व पिछले वर्ष तेंदुओं द्वारा इंसानों पर हमलों को लेकर गांव के लोग दहशत में थे। सुन्देरेशा ने कहा कि हमें दुर्लभ वन्यजीव को भी बचाना था और इंसानों पर हमले की संभावनाओं का भी ध्यान रखना था। इसलिए वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों ने बाघ को बचाने का निर्णय लिया।

उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरे लगाकर लगातार बाघ की निगरानी की गई और उसे पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन घने कोहरे के कारण ड्रोन कैमरे बाघ का पता नहीं लगा पा रहे थे।बचाव अभियान को अंजाम देने के लिए बृहस्पतिवार को दुधवा बाघ अभयारण्य से डायना और सुलोचना नाम की दो प्रशिक्षित मादा हाथी लाई गईं।

इसके साथ साथ दुधवा के ा (इंजेक्शन देकर बेहोश करने वाले) विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. दयाशंकर व कतर्नियाघाट के डॉ. दीपक को बचाव अभियान की कमान दी गयी थी। ट्रैंक्विलाइजिंग गन के साथ प्रशिक्षित शूटर की बचाव टीम तीन दिन से हाथियों पर सवार होकर तलाश अभियान चला रही थी। बाघ लगातार सबको चकमा देकर कभी गन्ने के खेत में तो कभी घाघरा नदी के कछार में ओझल हो जा रहा था लेकिन दोबारा गांव के आसपास लौट भी आता था।

डीएफओ ने बताया कि शनिवार दोपहर बाद टीम ने ड्रोन की मदद से बाघ की लोकेशन का पता लगाया, हाथी पर चढ़कर ट्रैंक्विलाइजिंग गन से निशाना लगाकर उसे बेहोश करने में कामयाबी हासिल की।

बाघ के बेहोश होने के बाद उसे पिंजरे में डालकर चिकित्सीय जांच के लिए बहराइच वन प्रभाग के संभागीय कार्यालय लाया गया।

## मतदाता सूची का वाचन आज

**देवरिया ।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनपद के समस्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) दिनांक 18 जनवरी 2026 को अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर दिनांक 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे।

उन्होंने बताया कि बीएलओ प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक बूथ पर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान प्रकाशित निर्वाचक नामावली के साथ-साथ गणना अवधि में अप्राप्य (वल्लूङ्क' ]ुं ]) श्रेणी में चिह्नित निर्वाचकों की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची का भी वाचन किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि को संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम का मतदाता सूची में अवलोकन अवश्य कर लें उन्होंने यह भी बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अवधि के दौरान ऐसे पात्र नागरिक, जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, अथवा जो अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा सके हैं, वे फार्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। नाम अपमार्जन के लिए फार्म-7, नाम, आयु, लिंग, फोटो, स्थान परिवर्तन आदि में संशोधन हेतु फार्म-8 तथा एनआरआई मतदाताओं के लिए फार्म-6ए का प्रयोग किया जाएगा। संबंधित सभी फार्म बीएलओ के पास उपलब्ध है।

# मोती बीए के साहित्य संसार को सहेजने की जरूरत

**बरहज,देवरिया।** मोती बीए का नाम जेहन में आते ही एक असाधारण प्रतिभा वाले व्यक्ति का चेहरा आंखों के सामने आ जाता है। वे कवि, कलाकार के अलावा स्वाधीनता आंदोलन के सजग सिपाही भी थे। मोती बीए की साहित्यिक यात्रा जीवन मूल्यों,

- भोजपुरी के महाकवि मोती बीए की 18वीं पुण्य तिथि पर विशेष

संघर्षों और उदार विचारों की सफल गाथा रही है। मेघदूत जैसी कृति का भोजपुरी अनुवाद, शेक्सपियर के सानेट और अब्राह्म लिंकन की जीवनी का भोजपुरी में रूपांतरण किए।

हमारे बीच अपनी अमर कृतियों के साथ आज भी जिंदा हैं। साहित्यिक परंपरा में हिंदी, भोजपुरी, उर्दू के साथ अनुवाद की भी रचनात्मकता हैं। इनकी रचना संसार पर गौर किया जाए तो मुख्य रूप से भोजपुरी में सेमर के फूल, मोती के



मुक्तक, बन बन बोले ले कोयलिया काव्य संग्रह, हिंदी में अश्वमेघ यज्ञ, कवि और कविता, पायल छम, छम बाजे, आंसू डूबे गीत, हर सिंगार के फूल, इतिहास का दर्द, तुलसी रसायन के साथ ही उर्दू में रश्के गुहर, तिनका-तिनका शबनम शबनम, लव एंड ब्यूटी जैसी रचनाएं प्रसिद्ध हैं।

शेक्सपियर के सानेट का हिंदी पद्यय अनुवाद, अब्राह्म लिंकन का भोजपुरी रूपांतरण, मेघदूत का भोजपुरी पद्यानुवाद सहित करीब पचास से अधिक विविध रचनाएं हैं। कई पत्र पत्रिकाओं में आलेख, जीवंत संस्मरण और डायरी के पन्ने भी प्रकाशित हैं। उनका मानना था कि दर्द जितना इलाज उतना हो, मुश्किलें जितनी रियाज उतना हो, तंगदस्ती में हम जीयें जितना बंदा परवर नवाज उतना हो। सचमुच महाकवि और साहित्यिक सम्राट मोती जी को समझ पाने के लिए विशाल कविता संसार के सागर में गहरा गोता लगना पड़ेगा। मोती बीए हिंदी फिल्मों में भोजपुरी गीतों के प्रवर्तक के रूप जाने जाते हैं। नदिया के पार सहित सैकड़ों फिल्मों में गीतों की रचना की है।

**भोजपुरी बोली को सिनेमा हाल में लाने वाले प्रथम व्यक्ति थे मोती बीए**

बरहज,देवरिया। न अगर होती तो क्या था, पात्र हाथ से गिर जाना था, एक दिन मधुकर पीते-पीते। मुझे एक दिन मर जाना था, आखिर कुछ दिन जीते-जीतेह्व, ह्यझकोरों में पड़ा जीवन तुम्हारा गीत गाता है, भंवर का डर नहीं मुझको तुम्हारी आंख के आगेह्व, ह्यअसो आइल महुआबारी में बहार सजनीह्व व ह्यहम चले लम्बे सफर को अलबिदा ऐ दोस्तों, मौज-ए दरिया में बहो तुम अलबिदा ऐ दोस्तों... ह्व अपने इन गीतों के माध्यम से कवि मंचों पर धूम मचा देने वाले महाकवि मोती बी.ए. भोजपुरी गीतों को फिल्मी दुनिया में प्रतिष्ठित करने वाले पहले शख्स हैं। पहली बार भोजपुरी बोली को फिल्मी पर्दे पर उ कामिनी कौशल को लेकर बनाई गई थी, उसमें मीती जी ने सबसे पहले भोजपुरी गीत ह्यकठवा के नइयां, बनइहे रे मलहवा, नदिया के पार दे उतारह्व देकर भोजपुरी बोली को सिनेमा हाल में लाने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

## हादसे में किसान की मौत

अयोध्या। पड़ोसी जनपद गोंडा से गन्ना लेकर मसौधा चीनी मिल जा रहे एक किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। जिला अस्पताल के मेमो पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## 26 पेटी शराब बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा शराब तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान *ह्वआपरेशन प्रहारह्व* के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी श्री अंशुमन श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना भटनी पुलिस द्वारा आज रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चांदपार अंग्रेजी दुकान के पास से बिहार ले जायी जा रही 16 पेटी आफिसर्स चव्याइस, 05 पेटी आफ्टर डार्क ब्लू व 05 पेटी माउन्टेन कुल 1248 पाउच/शीशी (प्रत्येक शीशी/पाउच 180 एमएल कुल 224 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब के साथ अभियुक्त रंजन कुमार पुत्र रामचन्द्र राय निवासी चोरमा थाना पकड़ी दयाल जिला पूर्वी चम्पारन (बिहार) को गिरफ्तार किया गया ।स्थानीय पुलिस द्वारा बरामद शराब को कब्जे में लेकर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-12/2026 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भटनी श्री मृत्युंजय राय ,आरक्षी विकास मौर्या और आरक्षी श्रीकेश यादव थाना भटनी शामिल रहे।

# फर्जी बैनामों से जमीन हड़पने की कोशिश

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना तहसील एक बार फिर भू-माफियाओं की कारस्तानी की गवाह बनी है, जहां शातिर दलालो ने राज परिवार की जमीन को निशाना बनाकर कागजों में ही असली भू स्वामी का मालिकाना हक छीन लिया। सबब यह है कि जब राजस्व अभिलेख चीख-चीखकर

- भू माफियाओं का बढता दुस्साहस : राज परिवार की भूमि पर कागजी डकैती, फर्जी बैनामे से मचा हड़कंप।
- नाम राज परिवार का खेल माफियाओं का

मालिक का नाम बता रहे हों, इसके बावजूद किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा जमीन बेच दी जाए है तो समझ लीजिए कि माफिया राज कायम है। पडरौना में राज परिवार की जमीन पर हुआ फर्जीवाड़ा इस सच्चाई जीती जागती तस्वीर है। यह सुनियोजित फर्जीवाड़ा अब पुलिसिया जांच के घेरे में है, जिसने पूरे राजस्व तंत्र और निबंधन कार्यालय पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पडरौना बडा दरबार आनन्द भवन राज परिवार की सदस्य शरद कुमारी देवी ने सदर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में जो खुलासा किया है, वह पूरे सरकारी मशीनरी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्वास्थ्य खराब होने के कारण लखनऊ में रह रहीं शरद कुमारी देवी की गैरमौजूदगी को भू-माफिया व विचौलियो ने हथियार बनाकर 28 सितंबर 2025 को जमीन हड़पने का खेल खेला। मामला जंगल बेलवा स्थित आराजी संख्या 604, रकबा 5.3140 हेक्टेयर से जुड़ा है। यह वही भूमि है, जो वर्ष 2001 में सक्षम प्राधिकारी के अंतिम सीलिंग आदेश के तहत शरद कुमारी देवी को 'चाइस लैंड' के रूप में दी गई थी और आज तक राजस्व रिकॉर्ड में शरद कुमारी देवी के नाम दर्ज है। इसके बावजूद सुरेंद्र यादव और राजेंद्र यादव ने दबंगई और साजिश के दम पर जमीन का हिस्सा मीरा पांडेय, बबीता सिंह और सुनीता सिंह के नाम फर्जी बैनामा करा दिया। इतना ही नहीं, इस गुनाह को वैध दिखाने के लिए झूठी गवाही का गंदा खेल खेला गया। आरोप है कि सतेंद्र यादव, धनंजय



पांडेय और पारसनाथ सिंह ने जानबूझकर झूठ बोलकर अपराध को कानूनी जामा पहनाने की कोशिश की। सवाल यह है कि बिना मालिक की मौजूदगी,बिना सहमति, बिना अधिकार के बैनामा कैसे हो गया? मामले के सामने आते ही पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुरेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, मीरा पाण्डेय, प्रियंका सिंह, बबीता सिंह, सुनीता सिंह, सत्येंद्र यादव, धनंजय पाण्डेय और पारसनाथ सिंह के खिलाफ धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 329(3) बीएनएस के तहत फजीर्वाड़ा, कूटरचना, धोखाधड़ी सहित तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ मुकदमा दर्ज कर लेना काफी है या फिर जमीन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जायेगी? कहना ना होगा कि मामला सिर्फ एक जमीन का नहीं है बल्कि प्रशासनिक लापरवाही , माफिया तंत्रों की दुस्साहस और कानून की साख की है। ऐसे कहना मुनासिब है कि राज परिवार की जमीन सुरक्षित नहीं है, तो फिर आम आदमी की संपत्ति की सुरक्षा की क्या गारंटी है? अब देखना दिलचस्प है कि कानून के लंबे हाथ भू माफियाओं पर भारी पड़ता है या फिर कागजी लुटेरे अपने रसूख के दम पर बच निकलते है?

# एकीकृत बागवानी मिशन के तहत कृषकों का प्रशिक्षण उपरान्त भ्रमण

जिला संवाददाता

देवरिया । एकीकृत बागवानी विकास मिशन 2025-26 योजनान्तर्गत चयनित 60 कृषकों का प्रशिक्षण उपरान्त भ्रमण कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ। कृषकों के इस दल को सहायक उद्यान निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा द्वारा कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी,द्वारा भ्रमण के प्रथम चरण में कृषकों को प्रगतिशील कृषक जय सिंह कुशवाहा, ग्राम-कैथवलिया, विकास खण्ड-तरकुलवा के प्रक्षेत्र पर ले जाया गया। यहाँ कृषकों ने पपीता, अमरूद, आम, ड्रैगन फ्रूट एवं विभिन्न सब्जी फसलों की उन्नत खेती का अवलोकन किया। श्री कुशवाहा द्वारा औद्यानिक फसलों से होने वाले लाभ, लागत एवं उत्पादन की जानकारी दी गई तथा कृषकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर कृषकों ने उनकी नर्सरी का भी अवलोकन किया।

श्री पत्रिका सिंह द्वारा जायद ऋतु की सब्जीवर्गीय फसलों की जानकारी देते हुए इच्छुक कृषकों सपोर्टल पर अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने का अनुरोध किया गया। द्वितीय भ्रमण स्थल पर कृषकों को प्रगतिशील कृषक श्री जयराम शर्मा पुत्र श्री चन्दन शर्मा, ग्राम-बघड़ा महुआरी, विकास खण्ड-पथरदेवा के केले के बाग में ले जाया गया। यहाँ शर्मा द्वारा केले की वैज्ञानिक खेती एवं उससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी गई। सहायक उद्यान निरीक्षक रणजीत यादव द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत केले की खेती पर दिये जाने वाले अनुदान के संबंध में कृषकों को अवगत कराते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया गया।

इसके पश्चात कृषकों को ग्राम-बरियारपुर, विकास खण्ड-रामपुर कारखाना स्थित कृषक सुरेन्द्र चौहान के प्रक्षेत्र में लगे आलू एवं फूलगोभी की फसलों का भ्रमण कराया गया। साथ ही बरियारपुर के ही कृषक अष्टमूर्ति बहादुर शाही के पॉलीहाउस एवं उनके प्रक्षेत्र में उगाई गई विभिन्न औद्यानिक फसलों एवं सब्जियों का भी अवलोकन कराया गया।

## राज्यकर विभाग ने किया व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**बाराबंकी।** जनपद व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा जीएसटी 2.0 के प्रति जागरूकता को लेकर व्यापारियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ राज्यकर विभाग सभागार मे व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों के मध्य जीएसटी 2.0 के सुधार, पंजीयन लाभ, रिटर्न दाखिला, समाधान योजना, टीडीएस, टीसीएस से सम्बंधित रिटर्न व्यवस्था, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना आदि विषयों की जानकारी दी गई। तथा करदाताओं व उद्यमियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा के लाभार्थी फर्म श्री बालाजी कृषक सेवा केन्द्र प्रोप्राइटर के भाई जितेन्द्र सिंह को अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने 10 लाख की बीमा धनराशि का चेक सौपा। बैठक मे अपर आयुक्त ग्रेड-2 अपील, राज्यकर अयोध्या संजय पाठक, उपायुक्त अंजू उपाध्याय, राज्य कर उपायुक्त प्रेरणा सिंह, उपायुक्त राज्य कर विकास कुमार सेठ, उपायुक्त राज्य कर अंजू उपाध्याय, उपायुक्त राज्य कर सोनिका, सहायक आयुक्त शिव शंकर शुक्ला, सहायक आयुक्त ज्योत्स्ना सिंह, सहित समस्त अधिकारी, टैक्स बार एसोसिएशन पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## युवक का मिला शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग पर स्थित काजीपुर बंगर गांव को जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसको ग्रामीणों ने देखा तो हलचल मच गई। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जिसपर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर एक लगभग चालीस वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक अर्धविक्षिप्त भिखारी लगता है जो नीले रंग की लोवर और पुराना रंगीन स्वेटर और चप्पल पहने हुए था। ग्रामीणों में शव देखने वालों की भीड़ लगी रही लेकिन पहचान नहीं हो पाई। ग्रामीणों और प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क किनारे मिला युवक , डाक्टरों ने किया मृत घोषित

हरगांव, सीतापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र में हरगांव दतेली मार्ग पर ग्राम गुरधपा के पास सड़क के किनारे गंभीर अवस्था में घायल युवक पडा मिला।ग्रामीणों ने स्थिति से डायल 108 को अवगत कराया मौके पर मौके पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव भिजवाते हुए परिजनों को सूचना दी। घायल के अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थानान्तर्गत बुधवार की देर रात कुछ लोगों ने एक युवक को गंभीर हालत में घायल अवस्था में सड़क किनारे पडा देखा।घायल की पहचान पच्चिस वर्षीय अनुराग तिवारी पुत्र अमरनाथ तिवारी निवासी मोहल्ला लक्ष्मणनगर वार्ड गुरूदेव नगर आदर्श नगर पंचायत हरगांव के रूप में हुई। ग्रामीणों ने तत्काल 108 एबुंलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव भेज कर परिजनों को सूचना दी।सूचना पाकर परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव पहुंचे। लेकिन वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पाकर पहुंची हरगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर व पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

सीतापुर।कोतवाली देहात अन्तर्गत बाबूगंज के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार संदना निवासी रमेश अपने साथी विनय के साथ बाइक से खैराबाद स्थित बहन के घर से अपने गांव संदना लौट रहे थे। देर रात बाबूगंज के पास जैसे ही उनकी बाइक पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में रमेश को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं विनय गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल विनय को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अज्ञात वाहन की पहचान कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नालियां जाम होने से ग्रामीण परेशान

सकरन, सीतापुर। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत पिपरी में नालियां जाम होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रास्तों पर दूषित पानी और कीचड़ फैल गया है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। गंदगी और कीचड़ के कारण रास्तों से निकलना मुश्किल हो गया है। इस दूषित पानी के जमाव से खतरनाक वायरस पनपने और नई बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है, जिससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान उमेश पर इस समस्या की अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। कमलेश कुमार अनुराग ने भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सलीम, मुकेश और उमेश सहित अन्य ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से इस कीचड़ की समस्या का तत्काल समाधान करने और गांव में उचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 245 शिकायतें आयीं, महज 13 का निस्तारण



हसनगंज, उन्नाव। तहसील सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 245 मामले आए, जिनमें राजस्व विभाग से 97, पुलिस विभाग से 29, विकास विभाग से 31, आपूर्ति विभाग से 17, विद्युत विभाग से 21 और अन्य विभागों से 50 शिकायतें शामिल रहीं।

मौके पर मात्र 13 मामलों का ही निस्तारण हो सका। जिलाधिकारी के आगमन की सूचना मिलते ही फरियादियों की लंबी कतार लग गई। जिलाधिकारी और एसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर पंचायत मोहान के अध्यक्ष समरजीत यादव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1080 लाभार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 781 को तत्कालीन लेखपाल द्वारा अपात्र घोषित कर दिया गया। उन्होंने आवासों की पुनः जांच कराने की मांग की। वहीं, सैरपुर निवासी ओमकार सिंह ने शिकायत की कि लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग से सैरपुर गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग 15 दिनों से नवीनीकरणाधीन है, लेकिन नवीनीकरण के तुरंत बाद ही यह उखड़ने लगा है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। अशोक कुमार निवासी मोहान ने बताया कि वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत ऊंचाद्वार (विकास खंड हसनगंज) द्वारा निर्मित चकरोड पर लखनऊ निवासी कुसुमा गोयल द्वारा अवैध कब्जे की नीयत से निर्माण सामग्री डाली गई है, जिससे कभी भी चकरोड पर अतिक्रमण का खतरा है।

### डीएम एसपी ने सेनानियों को सम्मानित किया

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सात स्वतंत्रता सेनानियों को आयुष्मान कार्ड और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा 10 लोगों को मत्स्य पालन हेतु तालाब पट्टों के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रज्ञा पाण्डेय, तहसीलदार अविनाश चौधरी, नायब तहसीलदार प्रीति सिंह, दीपक गौतम, हरिनंदन प्रसाद सीएमओ, डॉ. नितिन अधीक्षक, एडीओ पंचायत प्रवीण दुबे, कोतवाली प्रभारी शरद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के बाद बार एसोसिएशन हसनगंज के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम और एसपी को प्रतिक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## एसडीएम ने समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं, पांच मौके पर निपटायीं



पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी की गैर मौजूदगी में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने तहसीलदार मनीष द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह की मौजूदगी में अध्यक्षता की। जहां मौके पर राजस्व के 29, पुलिस 07, विकास 02 व अन्य 05 सहित कुल 43 फरियादियों से रुबरू हुए। जहां मौके पर कुल 05 मामलों का निस्तारण संभव हो सका।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी के न आने से फरियादियों में मायूसी दिखी। शेष लम्बित 38 वादों को निर्धारित समय में निस्तारण कराने के निर्देश मातहतों को दिये। ग्राम गंगदासपुर निवासिनी सरिता पत्नी धर्मपाल ने बताया कि उसके घर के सामने गांव के ही चंद्रशेखर राजकुमार बा जबरदस्ती घरों का कूड़ा वह गाय का गोबर डाल रहे हैं जिसमें संक्रमण फैलने का डर है ।मना करने पर लड़ाई झगड़ा पर अमादा हो जाते हैं। रविशंकर एडवोकेट ने बताया कि 16-1- 26 को एक बैनामा रजिस्टर में लगाया था जिस पर वहां मौजूद रजिस्टर शिवपाल सिंह द्वारा बैनामा नहीं किया गया और हमें जाति सूतक शब्दों से गाली दी तथा फौजदारी पर आमादा हो गए वहां पर मौजूद एडवोकेट राजकिशोर द्वारा शांति व्यवस्था कायम कराई गई। अनीता पत्नी लक्ष्मी शंकर ने बताया कि उसकी एक पुत्री आकांक्षा है मेरे पति की मृत्यु 21/12/2023 को हो गई थी। जमीन पति के नाम थी जिस पर पा का 11 करने के लिए ऑनलाइन कराकर कागजात लेकर लेखपाल को दिया लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी पाका 11 नहीं हो सका। मौके पर खंड वि0 अधिकारी डा0 संतोष श्रीवास्तव, ईओ संदीप कुमार व सीएचसी प्रभारी डा0 प्रमोद कुमार सहित राजस्व, पुलिस व विद्युत आदि विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कोतवाल की कार्यशैली से नाराज किसान संगठन ने विरोध जताया, दिया ज्ञापन

पुरवा, उन्नाव। तहसील प्रांगण में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन बैसवारा के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस, विद्युत, राजस्व आदि विभागों की कार्यशैली से नाराज होकर धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों द्वारा बाबा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से पुलिस, प्रशासन के विरोध में नारों के साथ विशाल रैली निकाली गई। जोकि तहसील प्रांगण में आयोजित धरना स्थल तक पहुंची। उन्होंने पुरवा कोतवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि कोतवाल द्वारा किसानों के कई प्रकरणों को अनदेखा कर दिया गया। पुरवा पुलिस शांति भंग जैसे छोटे मामलों में भी तीन, चार दिनों तक थाने में बैठाए रखती है। साथ ही रुपयों की उगाही के बाद छोड़ा जाता है। उन्होंने धरना स्थल पर कोतवाल को बुलाने की मांग की। इसी बीच धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ तेज बहादुर सिंह ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान कोतवाल पुरवा को मौके पर बुलाने पर अड़े रहे। जिसपर सीओ ने कोतवाल अमरनाथ यादव को मौके पर बुलाया। जिसके बाद किसान माने पर 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव व सीओ तेज बहादुर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बेसहारा मवेशियों को संरक्षित रखने, किसानों से सरकारी कर्मचारियों व पुलिस द्वारा अवैध वसूली ना करने, पुरवा कोतवाल के कार्यशैली से किसानों में असंतोष होने के चलते प्रभावी कार्रवाई करने आदि मांगे शामिल रही। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव व सीओ तेज बहादुर सिंह ने जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान बीडीओ संतोष श्रीवास्तव, एसडीओ विद्युत एतबार अहमद सिद्दीकी, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष, अनुराग सोनी, प्रभा शंकर मिश्रा, उमेश द्विवेदी, भूपेंद्र यादव, बबलू, पीयूष, जीत बहादुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## समाधान दिवस में 124 शिकायतें दर्ज



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के क्रम में जनवरी माह के तृतीय शनिवार को तहसील बिन्दकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा आवेदन प्राप्त किए। समाज कल्याण विभाग में वृद्धा पेंशन आवेदन, दिव्यांग जन सशक्तिकरण में उपकरणदिव्यांग प्रमाण पत्र पेंशन, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े आवेदन, श्रम विभाग में आवेदन, बैंक सीएम युवा उद्यमी योजना में आवेदन दर्ज किए गए। आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग ने मरीजों को दवा वितरित की, जबकि होम्योपैथिक विभाग ने मरीजों को दवा प्रदान की। कृषि विभाग को जिला पंचायत राज विभाग को आवेदन प्राप्त हुए। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत निराश्रित महिला पेंशन के आवेदन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा बाल सेवा योजनाओं पर भी स्टॉल लगे, जहां जनमानस ने लाभ की जानकारी ली तथा आवेदन जमा किए।शिकायत निस्तारण पर जोरआज के समाधान दिवस में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा, दिव्यांग निराश्रित महिला पेंशन, सिंचाई, नलकूप, राजस्व आदि विभागों से शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से शिकायतों का मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया। शेष 101 प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारण के सख्त निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में निर्देशित किया। उन्होंने कहा, फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और उनकी संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की सभी लाभार्थी योजनाओं का लाभ हर पात्र गरीब तक पहुंचे, कोई वंचित न रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस संबंधी शिकायतें सुनीं तथा थाना प्रभारियों को गंभीरता से निस्तारण के निर्देश दिए।

## 28 शिकायतें आयीं, 3 निपटीं

लहरपुर, सीतापुर। स्थानीय तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न।



संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते मात्र 28 लोगों ने अपनी शिकायतों के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 25 शिकायतों को संबंधित विभागों को देकर पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी दौरान तहसील क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर मजरा बेलवा से सुरेंद्र जायसवाल, मुकीद जलीस, चांद बाबू और मोईद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एक महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके गांव की आबादी लगभग 500 है, लेकिन आजादी के बाद से अब तक गांव का विद्युतीकरण नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने तत्काल गांव में बिजली पहुंचाने की मांग की।समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार, उपवन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार, नायब तहसीलदार अशोक यादव, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, वन दरोगा अरविंद गिरी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामनरेश वर्मा और जयप्रकाश वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा, अवर अभियंता राजकीय नलकूप अभिनव सिंह, पशुधन प्रसाद अधिकारी डॉ. भारतेंदु वर्मा, गन्ना विकास निरीक्षक परमेश्वर सिंह सहित कई तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने एसआईआर को लेकर फैल रही भ्रांतियों पर स्थिति स्पष्ट की

सफीपुर, उन्नाव।एसआईआर मतदाता सूची एवं ग्राम पंचायत मतदाता सूची को लेकर फैल रही भ्रांतियों पर एसडीएम ने प्रभारी तहसीलदार की मौजूदगी में



विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की। उपजिलाधिकारी सफीपुर शिवेंद्र वर्मा ने अपने कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार देवेंद्र कुमार की मौजूदगी में विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता के दौरान एसआईआर मतदाता सूची एवं ग्राम पंचायत सूची को लेकर फैल रही भ्रांतियों को बताया कि एसआईआर मतदाता सूची और पंचायत मतदाता सूची दोनों अलग-अलग हैं और इनका उद्देश्य व उपयोग भी भिन्न है। उन्होंने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची का उपयोग विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के लिए है, जबकि पंचायत मतदाता सूची का प्रयोग पंचायत स्तर के चुनावों में होता है। दोनों सूचियां अलग - अलग नियमों और प्रक्रियाओं के तहत तैयार की जाती हैं, इसलिए इनमें नामों का अंतर होना स्वाभाविक है। कहा कि मतदाता सूची में छूटे नामों को बढ़ाया जा सकता है लेकिन एसआईआर सूची के एपिक नंबर के आधार पर ही नाम बढ़ाए जाने है।उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों सूचियों के नियम और मानक अलग होने के कारण नाम, उम्र या पता में अंतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से किसी मतदाता का नाम एक सूची में हो सकता है और दूसरी में नहीं। लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि मतदाता सूची से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या आपत्ति हो तो संबंधित कार्यालय में आवेदन देकर उसका समाधान कराएं। एसडीएम ने भरोसा दिया कि मतदाता सूची से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी तरीके से की जा रही हैं।

## विधायक से अभद्रता पर लेखपाल निलम्बित

सीतापुर। तहसील सिधौली के अंतर्गत ग्राम पाकन नारायणपुर में जमीन के बंटवारे को लेकर पिछले तीन महीनों से परेशान एक पीड़ित किसान को आखिरकार न्याय मिल गया। सरकारी तंत्र की लापरवाही और जनप्रतिनिधि के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आने के बाद उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए क्षेत्रीय लेखपाल सुधीर कुमार शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि ग्राम पाकन नारायणपुर निवासी किसान रामस्वरूप अपनी पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर बीते करीब तीन महीनों से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि संबंधित लेखपाल सुधीर कुमार शुक्ला द्वारा उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय लगातार टालमटोल किया जा रहा था। रामस्वरूप ने सिधौली विधायक मनीष रावत से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई। विधायक ने जनसमस्या के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से संबंधित लेखपाल से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान लेखपाल ने न केवल शासकीय मयार्दा और प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया बल्कि विधायक से अभद्र भाषा में बातचीत भी की। लेखपाल के इस रवैये से आक्रोशित विधायक मनीष रावत सैकड़ों समर्थकों और कार्यकताओं के साथ सीधे तहसील सिधौली पहुंच गए। उन्होंने उपजिलाधिकारी राखी वर्मा से मुलाकात कर लेखपाल की कार्यशैली, लापरवाही और अभद्र व्यवहार की लिखित एवं मौखिक शिकायत की। विधायक ने स्पष्ट कहा कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 12वीं वाहिनी पीएसी ने धूमधाम से मनाया 56वां स्थापना दिवस

फतेहपुर, ।जनपद स्थित 12वीं वाहिनी पीएसी ने शनिवार को अपने 56वें स्थापना दिवस पर हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन वाहिनी के लंबे सफर और समर्पित सेवा को याद करने का विशेष अवसर साबित हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह ने फीता काटकर, गुब्बारे आकाश की ओर उड़ाकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। सिंह ने वाहिनी के जवानों की सराहना करते हुए कहा कि पीएसी की यह वाहिनी जिले की कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने युवा जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अनुशासन और समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है ।शुभारंभ के बाद मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई विभिन्न स्टॉलों एवं प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इन स्टॉलों में पीएसी की ऐतिहासिक उपलब्धियां, आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रदर्शन तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े पोस्टर शामिल थे। निरीक्षण के अंत में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की घोषणा कर सम्मानित भी किया गया, जिससे आयोजन में भाग लेने वाले सभी उत्साहित नजर आए ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में जवानों ने लोक नृत्य, गीत-संगीत तथा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं, जो दर्शकों को खूब भाए। कार्यक्रम में सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी मनोज कुमार अवस्थी ने सभी का स्वागत किया तथा सहायक सेनानायक अजय कुमार त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सैन्य सहायक प्रतिमा सिंह, शिविरपाल विजय कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल वाहिनी के गौरवपूर्ण इतिहास को जीवंत करता है।

## हरिकरन नाथ दीक्षित व नीरज मिश्रा ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन



महोली/ सीतापुर बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष व महासचिव पद के लिए शनिवार तक चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए। वही कोषाध्यक्ष पद के लिए एकल दावेदार होने से कोषाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन होना तय हैं। महोली बार एसोसिएशन के चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। जानकारी अनुसार अध्यक्ष पद हेतु नीरज मिश्रा व हरिकरन दीक्षित मैदान में हैं वहीं महासचिव पद के लिए राकेश कुमार यादव व विजय कुमार त्रिपाठी के मध्य मुकाबला होना है। कोषाध्यक्ष पद हेतु अवनीश भास्कर का एकल पर्चा दाखिल होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। । चुनाव को देखते हुए प्रत्याशियों ने अपनी अपनी गोटी बिछाना शुरू कर दिया है। सभी दावेदार प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अधिवक्ताओं से संपर्क कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में अधिवक्ताओं का रुख किस करवट बैठेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। वैसे अध्यक्ष व महामंत्री के पदों के बीच कडा मुकाबला होने की संभावना है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष व महामंत्री पद हेतु मतदान 2 फरवरी को होगा। उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## डीएम ने किया सीएचसी पहला का औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता

पहला, सीतापुर।जिलाधिकारी डॉ राजा ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षक के दौरान जिलाधिकारी को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अनिल सचान अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। इसके साथ उन्होंने पर्चा काउंटर एवं मरीजो को दी जाने वाली दवाओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने संबंधित से स्टाफ की जानकारी ली एवं एक्सरा कक्ष देखते हुए बंद पाए जाने पर चिकित्सक कंचन भारती का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने प्रयोगशाला कक्ष एवं टी0बी0 यूनिट कक्ष देखा एवं रजिस्टर का अवलोकन भी किया।जिलाधिकारी ने टी0बी0 मरीजो का डेटा न दिखाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। लेबर रूम पहुंचकर लेबर रूम रजिस्टर का अवलोकन किया। आशा से गांव में लगाई जाने वाली वैक्सीन के बारे में दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। टीकाकरण की जानकारी करते हुए प्रसव रजिस्टर का अवलोकन किया एवं 600 प्रसव में से 150 महिलाओं के प्रसव होने पर बी0सी0पी0एम0 मयंक का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। रेफर रजिस्टर देखा एवं रेफर किए गए मरीजों से वार्ता की। तीन दिन पहले रेफर किए गए मरीज का फीडबैक नर्स कल्पना देवी द्वारा न लिए जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर किए गए मरीजो का फीडबैक नर्स अवश्य प्राप्त करें यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने मरीज के खाने एवं पीने योग्य पानी की जानकारी करते हुए निर्देश दिए कि यदि टंकी का पानी पेयजल के लिए इस्तेमाल किया जा रहा हो तो आर0ओ0 अवश्य लगवाएं।

## मंत्री ने किया कृषि केन्द्र का निरीक्षण

सीतापुर।प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सिधौली क्षेत्र स्थित कृषि विज्ञान केंद्र अंबरपुर का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में संचालित विभिन्न योजनाओं, शोध कार्यों और किसानों के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और आधुनिक खेती की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। इसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान और सिधौली भाजपा विधायक मनीष रावत उपस्थित रहे। राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान, कृषि मंत्री ने केंद्र परिसर, प्रयोगशालाओं और प्रशिक्षण कक्षों का भी अवलोकन किया। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। हमारे रेउसा प्रतिनिधि के अनुसार कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही का रेउसा स्थित अटल चैक पर स्वागत किया गया। वे एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका अभिनंदन किया। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अटल चौक पर स्थापित भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विधायक ज्ञान तिवारी ने मंत्री को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के दौरान विधान परिषद सदस्य पवन सिंह और भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला भी मौजूद रहे। स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अटल चौक पर शभारत माता की जय और अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें के नारे लगाए गए। विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का मार्गदर्शन क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण रहा है।



## खिचड़ी खाने आये पति की बेरहमी से हत्या

कमलापुर,सीतापुर। कमलापुर क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सक्रिय हुई टीम ने महज 48 घंटों के भीतर युवक की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए उसकी पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य सहयोगी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि लखनऊ के नगराम निवासी पप्पी देवी की शादी आठ माह पूर्व राजू के साथ हुई थी। पप्पी का विवाह से पहले ही मानपुर क्षेत्र के एक झोलाछाप डॉक्टर तफजील उर्फ मीनू चैधरी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद भी पप्पी अपने प्रेमी के संपर्क में थी, जिसे लेकर राजू और पप्पी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बीती 14 जनवरी को राजू अपनी पत्नी पप्पी के साथ ससुराल (बलदेवनगर, मानपुर) खिचड़ी खाने आया था। अगले दिन पप्पी ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाया और राजू उसे दवा दिलाने प्रेमी डॉक्टर की क्लीनिक पर ले गया। यहीं पर पप्पी, डॉक्टर तफजील और उसके कंपाउंडर आनंद कुमार ने मिलकर राजू को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची। जब राजू अपनी पत्नी के साथ वापस घर लौट रहा था, तभी खैराबाद टोल टैक्स पार करने के बाद कुंवरपुर के पास डॉक्टर और कंपाउंडर ने उन्हें रोक लिया। प्रेमी डॉक्टर ने राजू के सिर पर लोहे की रॉड से तीन बार हमला किया। जब राजू लहूलुहान होकर गिर गया, तो तीनों ने मिलकर राजू के ही मफलर से उसका गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। साक्ष्य छिपाने के लिए लाश को सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में कमलापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड, मृतक का मफलर और आरोपी पत्नी की शॉल बरामद कर ली है। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर तीनों का चालान न्यायालय भेज दिया है।

संक्षेप

## जंगल में मिला अज्ञात युवक का शव, दहशत

**बांदा।** नदी किनारे जंगल में अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली पुलिस ने बताया कि पहचान का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नही हो सकी और इसे मर्चरी में रखा जाएगा। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव में केन नदी के रास्ते में लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का छत-विक्षत अवस्था में शव झाड़ियों के पास मिला। गांव के चरवाहों ने शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को देखा और देखने बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल की। शव की तलाशी ली लेकिन पॉकेट में कुछ नहीं मिला। शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश पुलिस ने की लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला। इंचार्ज कोतवाली निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि शव को देखकर उसके चेहरे और शरीर में चोट के आधार पर उसकी धारदार हथियार से हत्या की गई है। मृतक का चेहरे और सिर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई का पता चल सकेगा।

## ढाबा संचालक से मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** मसौरा बैरियल के पास रहने वाले शिवनारायण पटेल पुत्र लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मसौरा बैरियल पर दाऊ भोजनालय के नाम से ढ़ाबा का संचालन करता है। बताया कि इस समय नेशनल हाई-वे वालों का अतिक्रमण चल रहा है। इसी सापेक्ष में उसका ढ़ाबा भी उसने स्वयं हटा लिया है। उसी ढ़ाबे का कुछ मटेरियल मौके पर पड़ा था, जिसकी रखवाली के लिए वह 15 जनवरी को रात करीब 10 बजे अपने घर जाने लगा तो उपेन्द्र अवस्थी, मिन्टू अवस्थी पुत्रगण मुन्ना अवस्थी व इनका एक भाई अज्ञात व्यक्ति के साथ शराब के नशे में उससे उलझने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने लकड़ी की बल्ली का टुकड़ा जो टूटा पड़ा था उससे उस पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं मौजूद गनेश कुशवाहा व राहुल पटेल, अमित पटेल ने मौके पर आकर उन्हें बचाया। तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संदिग्धावस्था में फांसी से लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** एक किसान का शव शनिवार सुबह खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जैतवारा निवासी 42 वर्षीय मनोहर राजपूत पुत्र आशाराम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मनोहर शनिवार सुबह करीब चार बजे खेत में सिंचाई करने के लिए गया था। सुबह लगभग 8 बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे, तो उन्हें मनोहर मोटर के पास मृत अवस्था में पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, मनोहर अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और उसके दो पुत्र हैं। वह खेती-किसानी का काम करता था। घटना स्थल पर ग्राम प्रधान रानू राजा बुंदेला भी पहुंचे। किसान की मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल पाएगा।

## सेंध लगाकर मेडिकल स्टोर में हजारों की चोरी

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र फिर चोरों के निशाने पर है। बीते वर्ष ठंडक में ही क्षेत्र में दर्जन भर स्थानों पर चोरों ने वारदात कर पुलिस को चुनौती दी थी। चैकी इंचार्ज तो बदलते रहे लेकिन घटनाओं का खुलासा आज तक नहीं हो पाया। इसी कड़ी में बीती शुक्रवार की रात फिर चुनौती देते हुए चोरो ने बसहा चैराहा स्थित मुन्ना का पुरवा गांव निवासी राजेश सिंह के मेडिकल स्टोर में दुकान के पीछे सेंध लगाकर चोरी करके कई हजार का माल पार कर दिया। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह तब हुई जब दुकान खोली गयी। चैकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि चोरी की अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। संज्ञान में आने से पुलिस छानबीन में लगी है।

# जनसामान्य की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता और प्राथमिकता से किया जायेः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# दूरस्थ तहसील मडावरा में सुनी गयी समाधान दिवस पर समस्याएं

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शासन की मंशानुसार शनिवार को जनपद की दूरस्थ तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। उन्होंने एक-एक कर शिकायकताओं

- डीएम ने समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित

को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें।

शेष बची शिकायतों के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करायें। शिकायतकताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की जरुरत व पात्रता के हिसाब से सम्बंधित योजनाओं सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से उन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराये। तहसील मड़ावरा में कुल 46 शिकायती प्राथना पत्र प्राप्त हुए। तहसील तालबेहट में कुल 36 शिकायती प्राथना पत्र प्राप्त हुए। तहसील ललितपुर में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 05, पुलिस विभाग का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस के 02, विकास विभाग का 01, पूर्ति विभाग का 01, विद्युत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चैहान, एसडीएम मड़ावरा शैलेन्द्र चैधरी, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी मतदाता नोटिस के संबंध में जानकारी

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एंव राजस्व) उप जिला निर्वाचन अधिकारी, वान्य ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर बीएलओ द्वारा नो मैपिंग में चिन्हित मतदाताओं के निर्गत नोटिस के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर उन्हें अवगत कराया गया कि जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 06 जनवारी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक कोई भी मतदाता अपने पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारी (ठस्व) के पास, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर, तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जाकर अपनी दावे/आपत्तियां दर्ज करा सकता है। इसके अतिरिक्त समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निम्न बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराते हुए आयोग द्वारा दिये गये निदेर्शों से निम्नानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त राजनैतिक दलों को जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बूथवार बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारियों की सूची हार्ड कॉपी में उपलब्ध करायी गयी। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल - 89822 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है तथा इन मतदाताओं को विधानसभावार नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई स्थान के संबंध मे सूचना उपलब्ध करायी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 06 जनवरी से 12 जनवरी तक प्राप्त दावे आपत्तियों की सूची प्रारूप की सूची उपलब्ध करायी गयी है यदि कोई मतदाता जिसका नाम किसी कारणवश वोटर लिस्ट में नहीं हैं वह अपना प्रारूप-6 (घोषण पत्र के साथ) भरकर, प्रारूप-7 नाम अपमार्जित हेतु, प्रारूप-8 (घोषण पत्र के साथ) पहचान पत्र में संशोधन के लिए, संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

# एम.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने शिविर का शुभारंभ किया



**नगीना, बिजनौर।** एम0एम0 इंटर कॉलेज नगीना के एक इकाई विषय में शिविर कार्यालय तहसील नगीना के ग्राम कस्बा कोटरा में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कालेज प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर तथा सुरेश चंद्र परिभारिकी अधिकारी (सेवा निवृत) संयुक्त रूप से दीप प्रजलित करके किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शहजाद अहमद ने किया तथा कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार गौतम ने सभी आमंत्रित अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा कार्यक्रम संचालन में महिला स्टाफ से उपस्थित रही। नूरजहां, सभीहा, पूनम रानी अन्य ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के विषय बिंदु स्वच्छता अभियान पर शिक्षक जहीर अनवर, राम कुमार सिंह गौतम, मोनिस हिलाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में सलंग्न सेवक/सेविकाओं को स्वच्छता के महत्व पर गहराई से जानकारी प्रदान की तथा कैंप कार्यालय के ग्राम कस्बा कोटरा में जन साधारण को स्वच्छता के महत्व के संबंध जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया।

# चौड़ीकरण के खिलाफ में व्यापारियों का अनशन जारी

**बांदा।** बबेरू कस्बे में मुख्य चैराहे के चैड़ीकरण व सुंदरीकरण को लेकर लोक निर्माण व राजस्व विभाग के नोटिस जारी करने के बाद व्यापारियों का चैथे दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा। आशियाना बचाने के लिए व्यापार संघ चैराहा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारियों को पहले ही दिन से सपा व बसपा ने व्यापारियों को समर्थन दिया है। संघर्ष समिति के बैनर तले भूपेंद्र कुमार, सुनील, महेश सोनी, राहुल, दिनेश चैरसिया को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष के के महंत ने क्रमिक अनशन कारियों को माला पहनाकर व्यापारियों में जोश भरा। कहा कि मुख्य चैराहे को ही केंद्र बिंदु माना जाए, व्यापारियों के साथ गलत नहीं होने देंगे। समाजवादी पार्टी की सांसद कृष्णा सिंह पटेल ने व्यापारियों की लड़ाई में समर्थन देते हुए कहा कि व्यापारियों के आशियानों को उजाड़ा न जाएं। कहा कि यह सरकार व्यापारियों, को उजाड़ने का काम कर रही है। उन्होने कहा कि यदि कार्यवाही की गई तो आखिरी दम तक व्यापारी की लड़ाई लड़ी जाएगी। बसपा के जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति ने व्यापारियों की लड़ाई में पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान अरविंद कसौंधन, के के महंत व कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# मंत्री की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को कड़े निर्देश



**बांदा।** प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन व जिले के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता, नन्दी ने अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। उन्होंने खराब ट्रान्सफार्मरों को समय से बदले जाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिये। उन्होंने धान खरीद की समीक्षा करते हुए धान खरीद सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिये। जानकारी दी गयी कि 25 हजार मैट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है एवं 5 अतिरिक्त धान क्रय केन्द्र खोले गये हैं। उन्होंने गॉव में सफाई कार्य को सुगमता के साथ सघन रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रमुख भीड़ वाले चैराहों पर सामुदायिक शौंचालय की व्यवस्था के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्डों में पेंशन राशन कार्ड, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, किसान सम्मान निधि के पात्रों के चयन के लिए कैम्प लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने वरासत के मामलों का समय से निस्तारण, पुलिस विवेचना समय से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं उद्यमी योजना के पात्र लाभार्थियों को बैंको से ऋण शीघ्र स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौवंशों का जीओ टैग, टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध खनन के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने तथा मध्य प्रदेश से आने वाले ओवरलोड वाहनों की सघन चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन वाले क्षेत्र के गॉवों की सड़कों की मरम्मत कराये जाने के भी निर्देश दिए। निर्माण कार्यों के शिलान्यास में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। हर घर नल जल योजना की समीक्षा में गॉवों में जलापूर्ति के निर्देश दिये। दाखिल-खारिज का समय से निस्तारण किये जाने तथा वरासत के मामलों का शीघ्र निस्ताण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व सांसद आर0 के0 सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष बबेरू विवेकानंद गुप्ता, जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी दिवस के लिए सांसद अनुराग शर्मा बनाए गए राज्य प्रतिनिधि

ललितपुर। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को देश के 20 राज्यों में आयोजित होने वाले भव्य समारोहों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंत्रियों, सांसदों एवं विधान परिषद सदस्यों को राज्य प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। इस सूची में लोकसभा एवं राज्यसभा के लगभग 12 सांसदों को सम्मिलित किया गया है। इसी क्रम में झांसी-ललितपुर से लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा को विशेष स्थान देते हुए राज्य प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। सांसद अनुराग शर्मा को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के लिए राज्य सरकार का प्रतिनिधि बनाया गया है, जहाँ वे कार्यक्रम में राज्य प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित होंगे। सांसद अनुराग शर्मा को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाना झांसी-ललितपुर ही नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

# विकसित भारत जी राम जी विधेयक की प्रभारी मंत्री ने गिनायीं खूबियां




**बांदा।** विकसित भारत-गारंटी रोजगार, आजीविका मिशन ग्रामीण को लेकर प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी पत्रकारों से रूबरू हुए। कहा कि विकसित भारत-जी राम जी विधेयक सोंच और संकल्प दृष्टि का दर्पण है। यह विधेयक 2047 विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप परिवर्तनकारी बदलाव के साथ ग्रामीण रोजगार की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। पूरे देश के श्रमिक. सम्मान के साथ आजीविका और रोजगार की गारंटी के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दे रही है। उन्होंने कहा कि विधेयक में विपक्ष के दुष्प्रचार और शोरगुल से हटकर एक समृद्ध और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की गारंटी है। इस विधेयक में ग्रामीण परिवार को मिलने वाला निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। इसी प्रकार 180 दिनों की गारंटी देता है। इसमें किसी के हितों की सुरक्षा की गई है जिसमें फसल बोने और काटने के प्रमुख मौसमों के दौरान अधिनियम के अन्य कार्यों को रोका जायेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यदि ग्रामीणों को काम की माँग के 15 दिनों के अंदर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जायेगा साथ ही इस अधिनियम के अन्तर्गत मांगे गए काम के 7 दिनों में यदि काम का भुगतान नहीं मिलता तो ब्याज सहित भुगतान कराया जायेगा। इस दौरान जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, राजर्षि शुक्ला के अलावा समर्थित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सदर विधायक कप 2026 का आगाज




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यो के चलते सदर क्षेत्र की जनता में लोकप्रिय बने हुये है, तो वहीं सदर विधायक के पुत्र श्रीकांत कुशवाहा भी निरंतर युवाओं को जोडने के लिये और उनके अंदर

- रामराजा क्रिकेट क्लब बांसी को हराकर राज क्रिकेट क्लब चीरा में जीत करायी दर्ज
- पिता की राह पर चलकर बेटा बना युवाओं का चहेता

छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिये क्रिकेट टूनामेंट, बॉडी बिल्डिंग शो और अन्य ग्रामीण स्तरीय खेलों कराकर युवाओं के दिलों में अपनी एक पहचान स्थापित कर उनके चहेते बनते जा रहे है। काफी लम्बे समय से चल रही विधायक कप तैयारी पूर्ण होने के बाद सदर विधायक कप का उद्वघाटन तुवन मंदिर ग्राउंड में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने फीता काट कर किया। प्रथम दिन राज क्रिकेट क्लब चीरा व रामराजा क्रिकेट क्लब बांसी के बीच कड़ा मुकावला हुआ। 16-16 ओवर के हुये क्रिकेट मैंच में चीरा क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज करायी है। पिछले वर्ष सदर विधायक कप की शुरूबात होने के बाद जनता द्वारा विधायक पुत्र श्रीकांत द्वारा किये जा रहे आयोजन की जमकर सराहना की गयी थी। विगत वर्ष से और अच्छे क्रिकेट के आयोजन की तैयारी काफी समय से तुवन मंदिर परिसर में की जा रही थी। सदर विधायक कप की शुरू होने का इंतजार समाप्त हो गया। शनिवार को तुवन मंदिर परिसर में प्रथम दिन सदर विधायक रामरतन द्वारा फीता काट कर क्रिकेट मैंच में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम व खिलाडियों को मिलने वाले पुरस्कार व सील्ड से कपड़ा हटाकर युवाओं की प्रतिभा का निखारने के लिये हर सम्भंव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। तो वही प्रथम दिन 2026 सदर विधायक कप में प्रतिभाग करने वाली टीम राज क्रिकेट क्लब चीरा व रामराजा क्रिकेट क्लब बांसी के बीच टॉस फेंका गया, टॉस जीतने के बाद राज क्रिकेट क्लब चीरा ने गेंद बाजी करने का फैसला किया, 16-16 ओवर के हुये क्रिकेट मैंच में बल्लेवाजी कर रही रामराजा क्रिकेट क्लब बॉसी 102 रन बनाकर दस खिलाड़ी आउट हो गये, सात गेंद शेष रही। दूसरी पाली की शुरूबात करते हुये राज चीरा क्रिकेट क्लब ने दस ओवर में छह विकेट से जीत दर्ज करायी है। मैनऑफ दा मैंच राज क्रिकेट चीरा क्लब के खिलाड़ी शोभाराम ने 30 गेंदों में 56 रन बनाकर हासिल किया है। कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक पुत्र श्रीकांत द्वारा खिलाडियों के उत्साहवर्धन के लिये चैके व छक्के लगाने वाले खिलाडियों ने नगद राशि देकर भी पुरस्कृत किया गया है। इस दौरान मुख्यअतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, आईपीएल प्लेयर अनिकेत वर्मा के साथ साथ युवाओं की प्रतिभा को निखारने वाले सदर विधायक के पुत्र के सैंकडो युवा समर्थको, मीडिया कर्मी व जनता ने क्रिकेट मैंच का भरपूर्ण आनंद लेते हुये सदर विधायक व उनके पुत्र द्वारा किये जा रहे आयोजनों की सराहना की है। विधायक कप के प्रथम दिन पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन चूना, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश लिटौरिया, संदीप राजा, शीतल राजपूत, प्रकाश कुशवाहा, दीपचन्द्र कुशवाहा शामिल रहे।

## यह है कप की समिति में शामिल युवा

रिक्की कुशवाहा, सौरभ नायक, नीलू कुशवाहा, कन्हैया कुशवाहा, राकेश त्रिवेदी, धर्मेन्द्र परमार, दीपक मिश्रा, दीपक चैरसिया, परषोत्तम कुशवाहा, दीपक राठौर, देशपत कुशवाहा, नीतेश निरंजन, अभिषेक सोनी, दीपेश राय, धर्मवीर कुशवाहा, करन कुशवाहा, सुजान कुशवाहा, राहुल राजपूत, चन्द्रकांत कुशवाहा, अरस्तु उपाध्याय, सत्यपाल यादव, वाला सेन, मिलन सोनी, विशाल पंथ व कंचन कुशवाहा को पूरे सदर विधायक कप के आयोजन की जिम्मेदारी दी गयी है।

# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की ओर से दिव्यांगों को निःशुल्क उपकरण बांटे



जिला संवाददाता (vol)

**स्योहारा, बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा शनिवार को नूरपुर- स्योहारा मार्ग पर पारकर पब्लिक स्कूल बुढनपुर में कम्बल, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर वैशाखी व अन्य उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय

- दिव्यांग व असहायों को आत्मनिर्भर बनाना मेरी जिन्दगी का मकसदः एमआर

विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा दिव्यांगों, वृद्ध, विधवा, गरीब मजदूरों को 1300 कम्बल एवं दिव्यांगों को 04 व्हीलचेयर, 10 ट्राई साइकिल, वैशाखी व अन्य उपकरण का वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लोकप्रिय भाजपा विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मनोज वर्मा, जीएम अवध शुगर मिल स्योहारा सुखवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चैहान, पूर्व चेयरमैन स्योहारा अख्तर जलील, डीपीसीआरसी सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेन्द्र शर्मा, राज्य प्रशिक्षक ईशांत शर्मा, स्कूल प्रबंधक उमेश राणा, भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक द्वारा दिव्यांगों, वृद्ध, विधवाओं, मजदूर गरीब एवं दिव्यांगों को 1300 कम्बल, 04 व्हीलचेयर, 10 ट्राई साईकिल, वैशाखी व अन्य उपकरण को इनके हाथों वितरण की गई। इस मौके पर विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि एमआर पाशा वर्षों से निःस्वार्थ भाव से दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और गरीब मजदूरों की सेवा में लगे हुए हैं। उनका संगठन समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए जिस प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। सीडीओ रणविजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले निशुल्क वितरण कार्यक्रम दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। सहायक उपकरणों और आवश्यक सामग्री के माध्यम से दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह समाज में एक मजबूत संदेश देता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम, नसीम अहमद व पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट मास्टर ट्रेनर, कवि इशांत शर्मा व इकराम ठेकेदार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक, सरताज अंसारी, जिला अध्यक्ष मौ शाकिर, मौ0 आजम अंसारी, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, मौ0 शाहे आलम, सुशील, नकुल, विदेश, मास्टर अफजाल, नाजिम मलिक, फहीम रायपुर, दिलशाद कोटकादर, अजमल, सितारे आलम, इंतजाम, इकराम ठेकेदार, मौलाना फहीम उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्यों में लायें गतिः आयुक्त



**बांदा।** निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। आयुक्त अजीत कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाएं लंबित नहीं रहने पाएं, उन्हें गुणवत्ता व तेज गति के साथ पूर्ण किया जाए। कहा कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की जो परियोजनाएं लंबित एवं देरी से संचालित हो रही हैं उनका विशेष ध्यान रखते हुए कार्य में तेजी लाएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने हमीरपुर के जल निगम ग्रामीण अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम विकास विभाग के राजापुर कमासिन मार्ग से भगतपूर तक की सड़क निर्माण के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के हमीरपुर बाईपास में यमुना बेतवा सेतु तथा रोहन नाल सेतु का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के वृहद गो संरक्षण केंद्र मंगरौत हमीरपुर के निर्माण कार्य में प्रगति धीमी होने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएनडीएस कार्यालय संस्था द्वारा चित्रकूट मानिकपुर तालाब के अमृत सरोवर का विकास कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित संस्था को दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा गिरवां होते हुए सोडा घाट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनपद चित्रकूट से बांदा बबेरू कमासिन राजपुर मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। सिंचाई जल संसाधन के अंतर्गत जनपद चित्रकूट में नहरी भूमि की सीमांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत नहर प्रणाली के पुनरुद्धार योजना के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कार्य संस्थाओं को दिए। इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद कुमार, जनपद व मंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को प्रमाण पत्र, वृद्धजनों की पेंशन हुई स्वीकृत

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन. सिंह की जन-कल्याणकारी नीतियों और संवेदनशील पहल के अंतर्गत, शनिवार को तहसील घोरावल में आयोजित ह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्य केवल शिकायतों के निस्तारण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के लिए वरदान साबित हुआ। जिलाधिकारी के विशेष निदेशों पर तहसील परिसर में ही दिव्यांगजनों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था और वृद्धजनों को तत्काल पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया था कि दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों, पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, उन्हें सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही कैम्प लगाकर सरकार संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज मौके



पर ही दिव्यांगजनों का परीक्षण कर तत्काल दिव्यांगता प्रमाण पत्र जिलाधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र प्राप्त लाभार्थियों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी झलक रही थी और प्रशासन द्वारा की गयी इस व्यवस्था पर उन्होंने काफी प्रसन्नता व्यक्त की। 4 लाभार्थियों को आज दिव्यांग प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया, 4 लाभार्थियों का वृद्धा पेंशन, 22 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड, 5 दिव्यांगजनो को कृत्रिम उपकरण तथा दो पात्र अभ्यर्थियों द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के फार्म जमा कराये गये हैं।

योजनाओं का लाभः समाज कल्याण विभाग के स्टाल पर वृद्धजनों की समस्याओं को सुनते हुए, अपूर्ण आवेदनों को मौके पर ही दुरुस्त कराया गया, कई पात्र वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। त्वरित निस्तारण की मिशाल, जिलाधिकारी ने स्वयं कई फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक बिना किसी विलंब के पहुँचना चाहिए, प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर करना है। दिव्यांगजन और वृद्ध समाज के सबसे सम्मानित और संवेदनशील हिस्से हैं। उन्हें सरकारी दफ्तरों की दौड़ न लगानी पड़े, इसीलिए ह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्य को सेवा दिवस के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया है। इस पहल से क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष का माहौल है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, राशन कार्ड सम्बन्धित योजनाओं से जुड़े विभागों द्वारा शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। स्थानीय जनता ने जिलाधिकारी के इस मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और संवेदनशीलता का संचार हुआ है।

## ब्लैकआउट मार्क ड्रिल के तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित होने वाले ब्लैकआउट मार्क ड्रिल के तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार एवं चीफ डिप्टी कंट्रोलर प्रदीप यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

अपर जिलाधिकारी( न्यायिक ) ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के गरिमामयी अवसर पर आगामी 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित होने वाली ब्लैकआउट मार्क ड्रिल की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।उन्होंने समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें ताकि ब्लैकआउट मार्क ड्रिल का यह विशेष आयोजन भव्य और प्रेरणादायक बन सके।

## समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी ने उठायी आवाज

जौनपुर। जौनपुर में राष्ट्रवादी पार्टी ने शनिवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले की विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई है। पार्टी ने प्रशासन से इन मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया। ज्ञापन में पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार में महिलाओं के लिए शौचालय की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी ने बताया कि प्रतिदिन 50 से अधिक गांवों के लोग इस बाजार में आते हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल होती हैं। शौचालय न होने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पडता है, इसलिए जनहित में सुलभ शौचालय की तत्काल आवश्यकता है। मछलीशहर तहसील के देवकली ग्रामसभा से मिश्राइनपट्टी स्थित भोलेनाथ मंदिर से पाल बस्ती तक लगभग 200 मीटर का रास्ता अभी तक नहीं बना है। इस कारण आपातकालीन स्थितियों में ग्रामीणों को एम्बुलेंस जैसी सुविधाओं से वंचित रहना पडता है। पार्टी ने इस सडक के निर्माण पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। जिले में नीलगाय की समस्या भी गंभीर बनी हुई है, जिससे हर साल किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। किसानों के हित में उचित व्यवस्था की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, सुजानगंज बाजार स्थित ग्राम तिलहुओं में नाले पर बनी अधूरी पुलिया का निर्माण कार्य पूरा करने की भी मांग की गई है। यह पुलिया ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। पार्टी ने बताया कि पिछले ज्ञापन में भी यह मुद्दा उठाया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौहान, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुभद्रा सिंह, मीडिया प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संतोष पाल और मछलीशहर तहसील अध्यक्ष रितेश कुमार जैन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## 11 दोषियों को 2-2 वर्ष की कैद

सोनभद्र। करीब 25 वर्ष पूर्व जाड़े के महीने में एक गरीब व्यक्ति का घर गिरकर परिवार को बेघर करने के मामले में सीजेएम आलोक यादव की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर 11 दोषियों को दो-दो वर्ष के कैद की सजा सुनाई। प्रत्येक पर साढ़े चार हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। तीन अभियुक्तों की दौरान विचारण मौत हो गई। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 25 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगा। अभियोजन पक्ष के मुताबिक इजराइल अहमद पुत्र सुबहान निवासी परासी पांडेय, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने 5 जनवरी 2001 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव के लन्दर पुत्र शिवनाथ से 8000 रुपये देकर एक बिस्वा जमीन खरीद कर अपना कच्चा मकान बनवाकर उसमें परिवार बच्चों के साथ रह रहा था। 5 जनवरी 2001 को शाम 4 बजे उसके घर पर गांव के समई, प्रभु, हरी, सुरेश उर्फ गुड्डू, नरेश, मुन्ना, राजमनी, जियावन, गोपाल, कल्लू बेचू, रामसूरत उर्फ जगत्तर, वंशी व राममूरत चढ़ आए और परिवार व बच्चों को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर सामान घर से बाहर निकाल कर रख दिया और घर को गिरा दिया। जब रॉबर्ट्सगंज से मजदूरी करके शाम को घर पहुंचा तो इसकी जानकारी हुई। घटना को गांव घर के कई लोगों ने देखा व सुना है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। दौरान विचारण तीन अभियुक्तों राजमनी, बेचू व बंशी की मौत हो गई। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर गंभीर प्रकृति का अपराध मानते हुए दोषसिद्ध पाकर 11 दोषियों समई, प्रभु, हरी, सुरेश उर्फ गुड्डू, नरेश, मुन्ना, जियावन, गोपाल, कल्लू, रामसूरत उर्फ जगत्तर व राममूरत को दो-दो वर्ष की कैद की सजा सुनाई। प्रत्येक पर साढ़े चार हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर प्रत्येक को एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 25 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सतीश वर्मा ने बहस की।

## दुद्धी की टीम ने हिंडालको रेणुकूट की टीम को 48 रनों से हराया

दुद्धी, सोनभद्र। 39वें अंतरार्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दुद्धी और हिंडालको टीम के बीच मैच खेला गया। टॉस हिंडालको के कप्तान ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए दुद्धी की टीम टीम ने 19.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 180 रन बनाये। जिसमे आयुष ने 70 रन बनाये, सागर ने 28 रन तथा मंतोष ने 21 रन की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए हिंडालको टीम के खिलाड़ी संजीव ने 4 विकेट, जी एन सिंह ने 3 विकेट और विनय व विपुल ने 1-1 विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए हिंडालको की टीम ने 15.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी।जिसमे अभिषेक ने 38 रन बनाये तथा विपुल ने 29 रन तथा सचिन ने 21 की पारी खेली।गेंदबाजी करते हुए दुद्धी टीम के गेंदबाज धर्मेंद् ने 3 विकेट हासिल किया जबकि सृजन, मंतोष और ओमकार ने 2-2 विकेट हासिल किया।इस तरह से दुद्धी की टीम ने हिंडालको रेणुकूट की टीम को 48 रनों से हराकर मुकाबला जीत लिया। दुद्धी टीम के खिलाड़ी आयुष को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।आज के मैच के निर्णायक गौस मुहम्मद व इकबाल कुरैशी रहे। कमेंटेटर की भूमिका में इरफान खिलाड़ी व सुनील जायसवाल एवं स्कोरर की भूमिका में अयाज रहे। अगला मैच 18 जनवरी को दुद्धी और सिंगरौली के बीच खेला जाएगा।

## घरेलू विवाद में डंडा मारकर पत्नी की हत्या

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले के थाना तिलहर क्षेत्र में कथित तौर पर घरेलू विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर डंडे से प्रहार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के गांव जोधपुर नवादिया की रहने वाली माया देवी (45) का अपने पति महाराज सिंह से विवाद चल रहा था। माया देवी अपने छोटे बेटे अतुल के साथ रहती थी, जबकि पति महाराज सिंह अपने बड़े बेटे हरिशरण के साथ रहता है। दोनों घरों का निकास एक होने के कारण भैंस निकालते समय माया देवी का बड़े बेटे हरिशरण से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर महाराज सिंह ने आवेश में आकर अपनी पत्नी के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## संक्षेप

### पुलिस ने वापस कराये ठगे गये 48 हजार

दुद्धी, सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक महोदय सोनभद्र द्वारा साइबर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान एवं अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र एवं थाना स्थानीय के साइबर टीम के द्वारा फ्राड किए गए 48000 रुपए वापस कराने में सफलता हासिल किया हैं। कोतवाल डी के सिंह ने बताया कि आवेदक मनीष कुमार पुत्र अनन्त राम निवासी ग्राम धनौरा थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किराना का सामान कम पैसे मे खरिदने पर ज्यादा मुनाफा कमाने के नाम पर क्युआर कोड के माध्यम से कुल 48,800/- रुपये ट्रांसफर कराकर फ्राड कर लेने के संबंध में एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत किया था। पंजीकृत शिकायत में आवश्यक साक्ष्य संकलित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित बैंको से पत्राचार किया गया तथा विपक्षी से वार्ता करके 48,800/-रुपये आवेदक मनीष कुमार पुत्र अनन्त राम उपरोक्त को सफलतापूर्वक वापस कराया गया। जिस पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एंव क्षेत्राधिकारी दुद्धी के साथ साथ प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी एवं साइबर क्राइम टीम थाना के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी। टीम में प्र0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, का0 मन्तोष कुमार, म0का0 संध्या यादव थाना दुद्धी सोनभद्र शामिल रहे।

### रंगाई-पुताई की फर्जी तस्वीरें पेश करने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

बलिया। जिले के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के भवन में रंगाई-पुताई के काम के लिए, फर्जी, कंप्यूटरीकृत तस्वीरें पेश करने के आरोप में प्रभारी प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि जिले के मनियर शिक्षा क्षेत्र के दत्तपुर गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शशि कांत गौतम को शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्वाई का आदेश दिया गया है। गौतम पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई जिला कार्यबल की बैठक में स्कूल भवन में रंगाई-पुताई के कार्य के लिए फर्जी कंप्यूटरीकृत तस्वीरें पेश करने का आरोप है। जिला शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को कहा कि यह अनुशासनहीनता, वित्तीय अनियमितता, और कर्तव्यों में गंभीर लापरवाही और उदासीनता का मामला है। नगरा ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी राम प्रताप सिंह को इस मामले का जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है और उन्हें मामले की रिपोर्ट 15 दिन में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया

### ट्रक की टक्कर से पिकअप सवार तीन मजदूरों की मौत

सुलतानपुर। जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रायबरेली से आजमगढ़ जा रहे पिकप वाहन को एक अज्ञात ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पिकप में बैठे तीन मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। सभी घायलों को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया और अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि एक मजदूर की अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 153.500 किलोमीटर सूचक के पास घने कोहरे के कारण हुई। सभी मजदूर रायबरेली से आजमगढ़ जा रहे थे। पिकअप वाहन चालक वीरू के अनुसार वह रायबरेली से 14 मजदूरों को लेकर आजमगढ़ जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात ट्रक ने उसके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गई। इस दुर्घटना में रायबरेली के गंभीरपुर निवासी अजय कुमार (30) व किशन पाल (30) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रजोली (35), निवासी गंभीरपुर, रायबरेली ने अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य घायलों को अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोस्तपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है।

## प्रायोगिक ज्ञान पैदा करता है वैज्ञानिक सोचः कुलपति



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर परिसर में विद्यार्थियों को विज्ञान से प्रत्यक्ष रूप से जोडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शनिवार को हुई।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित साइंस बस प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा किया गया। यह साइंस बस प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में एक माह तक संचालित की जाएगी।जिससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रयोगात्मक और व्यावहारिक पक्ष को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।साइंस बस प्रदर्शनी में आई.आई.टी. कानपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान से जुडे विभिन्न प्रयोगों एवं आधुनिक उपकरणों की जानकारी अत्यंत रोचक एवं सरल तरीके से दी जा रही है।

प्रदर्शनी में टेलीस्कोप, 3-डी प्रिंटर, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान से संबंधित अनेक प्रयोगों का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसे विद्यार्थी बड़े उत्साह और जिज्ञासा के साथ देख रहे हैं। इन प्रयोगों के माध्यम से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने के साथ-साथ उनके वैचारिक और विश्लेषणात्मक कौशल को भी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, नवाचार की प्रवृत्ति तथा तार्किक सोच के विकास में प्रायोगिक ज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। साइंस बस जैसी पहल विज्ञान को पुस्तकों की सीमाओं से बाहर लाकर विद्यार्थियों के दैनिक जीवन से जोड़ती हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय का यह निरंतर प्रयास रहा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों के युवाओं तक विज्ञान की पहुँच सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया जाए।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि साइंस बस प्रदर्शनी के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में एक माह तक विज्ञान-प्रचार की गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी, जिसमें विश्वविद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है । प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह, उप कुलसचिव बबीता सिंह, डॉ. एस. पी. तिवारी, डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. काजल डे, डॉ. सुजीत चौरसिया सहित शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन व नारेबाजी




दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि तीन प्रान्तों से घिरा दुद्धी तहसील क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। दुद्धी तहसील का बॉर्डर सोनभद्र जनपद मुख्यालय से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके साथ ही दुद्धी जिला बनने के सभी मानक को भी पूरा कर रहा है और सरकार को भारी मात्रा में रेवेन्यू दुद्धी से मिलता है फिर भी दुद्धी को जिला नही बनाया गया।

वक्ताओं नेकहा कि दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग पिछले तीन दशकों से किया जा रहा है।इसके साथ ही चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। इसलिए चुनावी वादा पूरा करते हुए दुद्धी को जिला बनाया जाए और विकास कराया जाए। दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्षों से जिला बनाए जाने की मांग की जा रही है उसके बावजूद शासन स्तर से कोई सकारात्मक और ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जबकि प्रशासनिक स्तर से जिले बनाए जाने संबंधित रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। इस मौके पर रामपाल जौहरी, अशोक गुप्ता, सुभेष मौर्या, प्रेमचंद गुप्ता, अमरावती देवी, राकेश, अभिनाथ यादव, अभिनव सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## गड्ढे में गिरी कार इंजीनियर की मौत

नोएडा। नोएडा में नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर 150 के पास शुक्रवार देर रात एक कार के अनियंत्रित होकर पानी से भरे करीब 20 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 12 बजकर 15 मिनट पर सूचना मिली थी कि सेक्टर 150 के पास कार एक निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट के लिए खोदे गए पानी से भरे करीब 20 फुट गहरे गड्ढे में गिर गई है। गोताखोरों की मदद से कार तथा चालक की तलाश शुरू की गई। तड़के करीब चार बजे कार बरामद कर ली गई और चालक कार के अंदर मृत पाया गया। मृतक की पहचान युवराज मेहता (27) के रूप में की गई है जो सेक्टर 150 स्थित एक सोसाइटी में रहता था और एक नामी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था।

## निकली कलश यात्रा, नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ शुरू

सोनभद्र। विजयगढ़ क्षेत्र स्थित झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में कलश यात्रा के साथ ही चल रहे नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ के चैथे दिन शनिवार को मिजार्पुर/ सोनभद्र एमएलसी विनीत सिंह पहुंचे। जहां भिखारी बाबा ने उनका सम्मान किया और यज्ञ स्थल पर स्थित झरियवां धाम महादेव मंदिर का सुंदरीकरण कराए जाने की मांग उठाई। एमएलसी ने शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। प्रतिदिन 251 जदयू बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है, जिससे वातावरण शुद्ध रहे। इसके साथ ही प्रतिदिन हो रही रामकथा, रात्रि में रासलीला के साथ ही चल रहे विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भिक्षुक भिखारी बाबा उर्फ जंगली दास उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नक्सल



प्रभावित आदिवासी क्षेत्र विजयगढ़ स्थित ग्रामसभा केवटम के झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ 14 जनवरी से कलश यात्रा के बाद कलश स्थापना के साथ शुरू हो गई है। 22 जनवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। प्रतिदिन रामकथा हो रही है। रात्रि में वृंदावन से आयी रासलीला मंडली के जरिए रासलीला तथा रोज विशाल भंडारा चल रहा है।

भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में पहली बार विराट रूद्र महायज्ञ हो रही है। आचार्य राधेकृष्ण तिवारी, योगेश तिवारी व कौशल तिवारी के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कराई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयगढ़ राजा चंद्र विक्रम पदम् शरण शाह हैं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह व राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ हैं। संरक्षक घोरावल विधायक डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य, छात्रशक्ति रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह व सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार पाठक, हरीश अग्रवाल, भरत सिंह, अजय सिंह, सुशीला पाठक, चिंता मौर्य, किरन मोदनवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष भोला सिंह, मुख्य यजमान दिनेश सिंह मौर्य शामिल हैं। नगवां ब्लाक के पूर्व प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, प्रधान संतोष जायसवाल, आचार्य राधेश्याम पांडेय, उषा देवी, श्री राम यादव, शांति देवी, सत्येंद्र मौर्य, दुर्गा देवी, विमला देवी, अवधराज सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, रामखेलावन, सत्यनारायण, बाबूलाल, रामसूरत, मुन्ना बाबा, मनोज केसरी, शंकर बाबा, परमानंद, शुभराम, प्रदीप आदि मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## कांट्रेक्टर समेत 5 लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश

सोनभद्र। करीब दो माह पूर्व कंपनी के कांट्रेक्टर की मिली भगत से आदिवासी व्यक्ति सुरजमन चेरो की गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने प्रभारी निरीक्षक कोन को कांट्रेक्टर समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने व सीओ से मामले की विवेचना कराने के साथ ही परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है। यह आदेश कोन थाना क्षेत्र के गिधियाँ गांव के टोला डोड़वाखाड़ निवासी अरुण चेरो पुत्र स्वर्गीय सुरजमन चेरो द्वारा अधिवक्ता रोशनलाल यादव के जरिए दाखिल 173(4) बीएनएसएस प्रार्थना पत्र पर दिया गया है।

दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि 8 अक्तूबर 2025 को 8 बजे रात की घटना है। गांव के अरविंद गुप्ता व विनय गुप्ता पुत्रगण मानिकचंद गुप्ता, पंकज गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता व धीरज गुप्ता पुत्र सुभाष चंद गुप्ता एकराय होकर उसके घर पर आए और कहा कि महाराष्ट्र की एक कंपनी में काम करने चलना है। तुम बाप बेटा तैयार हो जाओ तुरंत चलना है। चोपन से ट्रेन पकड़ना है। जब जाने से मना कर दिया तो चारों लोग पिता पुत्र को मारने पीटने लगे और जबरन घसीटकर दो बाइक पर बैठाकर कोन बाजार ले गए। विनय गुप्ता, पंकज गुप्ता व धीरज गुप्ता वापस लौट गए। अरविंद गुप्ता शक्तिपुंज ट्रेन से पिता पुत्र को जबलपुर ले गया। वहां से पिता पुत्र को नागपुर फिर महाराष्ट्र के चंद्रपुर ले गया। रास्ते भर पिता पुत्र को धमकी देता रहा कि अगर किसी से बताओगे तो जान से मरवा दूंगा। भयवश पिता पुत्र चुपचाप उसके साथ बस से एक कंपनी में घुघुस चला गया। जहां 12 अक्तूबर 2025 को पिता पुत्र को कंपनी में काम पर लगा दिया और पिता पुत्र की निगरानी करने लगा।

कंपनी में काम करने वाला व्यक्ति अगर चोरी छिपे भागने की कोशिश करता तो उसे अरविंद गुप्ता व कंपनी के लोगों द्वारा मारापीटा जाता था। घटना 10 नवंबर 2025 की है। जब उसके पिता सुरजमन चेरो चोरी छिपे घर भागकर आने की कोशिश कर रहे थे तो अरविंद गुप्ता ने उसके पिता को पकड़ लिया और साइड रूम में ले गया तथा कंपनी के लोगों की मदद से उनका गमछा से गला दबाकर हत्या कर दिया। उसके बाद मौके से अरविंद गुप्ता फरार हो गया। जब अरविंद गुप्ता के साइड रूम में गया तो वहां पर पिता की लाश पड़ी थी और अरविंद गुप्ता मौके पर नहीं मिला। तक इसकी सूचना कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड को दिया और स्थानीय पुलिस की मदद से पिता की लाश सरकारी अस्पताल चंद्रपुर भेज दी गई। जिसका 12 नवंबर 2025 को पोस्टमार्टम कराया गया। उसी दिन शव एम्बुलेंस से घर लेकर पहुंचा और अंतिम संस्कार किया गया। घटना की सूचना कोन पुलिस को दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कि गई। इसीबीच 28 नवंबर 2025 को अभियुक्त ने मोबाइल पर फोन कर धमकी दिया कि एक लाख रुपये ले लो और कहीं सूचना मत देना नहीं तो तुम्हें भी जान से मरवा दूंगा। पिता की हत्या साजिश कर अभियुक्तगणों ने किया है। 11 दिसंबर 2025 को घटना की सूचना एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से भेजा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता रोशनलाल यादव के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर गम्भीर प्रकृति का अपराध मानते हुए पुलिस द्वारा विवेचना कराया जाना आवश्यक मानते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया। साथ ही कम्पनी के कांट्रेक्टर समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के साथ ही सीओ से विवेचना कराने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

सोनभद्र। अपर आयुक्त राज्य कर सूर्यभान सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार द्वारा शुनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर सोनभद्रयोगेश द्विवेदी, विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के कर अधिवक्तागण, चार्टेड एकाउन्टेन्ट, व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण मीडिया बन्धु एवं व्यापारीगण उपस्थित रहें।

मंच संचालन कर रहे सीताराम राज्य कर अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में 01 जुलाई, 2017 से लागू जी0एए0टी0 (गुड एण्ड सर्विस टैक्स) अधिनियम 2017 के सम्बन्ध में जानकारी एवं पूर्ववर्ती कर पद्धती की तुलना में व्यापार की सुगमता एवं सरलीकरण तथा एक राष्ट्र एक कर के सम्बन्ध में उपस्थित व्यापारीगण एवं स्टेक होल्डर्स को जानकारी दी गयी। जी0एस0टी0 में पंजीयन लेने की प्रक्रिया, पंजीयन के लिए आवश्यक प्रपत्र एवं पंजीयन से होने वाले लाभों के सम्बन्ध में राम विजय सहायक आयुक्त राज्य कर सोनभद्र द्वारा चरण बद्ध तरीके से अवगत कराया गया। पंजीकृत व्यापारियों को मिलने वाले मुख्य मंत्री दुर्घटना बीमा जिसकी धनराशि वर्तमान में रुपए दस लाख है, के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी।



समाधान योजना के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया तथा योजना हेतु पात्रता एवं रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया बताई गयी। अधिवक्तायतीश मिश्रा तथा सीए अखिलेश पाण्डेय द्वारा व्यापारियों को रिटर्न दाखिल किये जाने सम्बन्धी जानकारी दी गयी। जी0एस0टी0 2.0 (जी0एस0टी0 सुधार) जिसके द्वारा कर ढांचे का सरलीकरण करते हुए 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त कर दिया गया है तथा वर्तमान में 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत की दर का मुख्य स्लैब रखा गया है। आम जनजीवन की उपयोग की अधिकतर वस्तुओं को कर मुक्त या 5 प्रतिशत के स्लैब में लाया गया है। कृषि कार्य के उपयोग में लायी जा रही अधिकतर वस्तुओं में कर की राहत दी गयी है। उत्पादों की कीमतों में बदलाव के उपरान्त परिवर्तित दरों की जानकारी के लिए सरकार द्वारा वेबसाईट लांच किया गया है। भारत सरकार द्वारा उपभोगताओं के सवालों और शिकायतों के लिए इनग्राम (इटीग्रेटेड ग्रीवेन्स रिड्रेसल मैकेनिजम) पोर्टल लांच किया गया है, की जानकारी सुधीर गौतम, सहायक आयुक्त राज्य कर सोनभद्र द्वारा दी गयी। तत्पश्चात व्यापारी बन्धुओं के प्रश्नों के उत्तर उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा दिये गये। संयुक्त आयुक्त राज्य कर सोनभद्र सुनील कुमार द्वारा उपस्थित सभी व्यापारियों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** डीएवी पब्लिक स्कूल कुमारगंज के कक्षा 12 के छात्र की शनिवार की सुबह स्कूल आते समय सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। 18 वर्षीय छात्र युवराज सिंह पुत्र बंसराज सिंह थाना बल्दीराय (सुल्तानपुर) के ग्राम भखरी से बाइक से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से कुमारगंज स्थित एनडी डीएवी पब्लिक स्कूल आ रहा था। डीह गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने छात्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी दुर्घटना में छात्र युवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान युवराज ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को जब्त करके चालक को हिरासत में ले लिया। छात्र युवराज अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था तथा उसकी दो बड़ी बहनें व पिता खेती किसानी करते हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या पुष्पा कुमारी ने बताया कि युवराज बड़ा ही होनहार और सरल स्वभाव का छात्र था, घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

# जनता की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर के साथ तहसील बीकापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे गंभीरता से संवेदनशीलता से जनता की शिकायतों को सुनें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

**● सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनी फरियाद**

तहसील बीकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम डेहरियावां, विकासखण्ड बीकापुर में रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण हटवाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एस0एच0ओ0 बीकापुर के मामले को संज्ञान में लेकर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता ग्राम गौरा विकासखंड तारुन में चकमार्ग की पटाई करने की शिकायत में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी व एस0एच0ओ0 तारुन को मामले की जांच कर कार्यवाही करने को कहा। इसी क्रम में शिकायतकर्ता ग्राम मरूई सहाय सिंह विकासखण्ड बीकापुर में रास्ते पर जबरन मिट्टी गिराकर अवरोध करने की शिकायत में जिलाधिकारी ने एस0एच0ओ0 बीकापुर को जांच करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बीकापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में मुख्यतः भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी बीकापुर, क्षेत्राधिकारी बीकापुर, खण्ड विकास अधिकारी बीकापुर, खंड विकास अधिकारी तारुन, तहसीलदार बीकापुर व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तहसील महसी में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, एलडीएम जितेन्द्र मंसद व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 45 में 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 16 में 01, कैसरगंज में 21 में 04, पयागपुर में 20 में 04, नानपारा में 30 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## दूसरे दिन चिकित्सको ने किया 27 चालक और परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत दूसरे दिन परिवहन निगम के बस अड्डा पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मे स्वास्थ्य विभाग सी0एच0सी जाटा बरौली के डॉ0 प्रियंका बैसवार, स्टाफ नर्स पूजा वर्मा, बड़ा गांव सीएचसी से अर्जुन वर्मा, नेत्र प्रशिक्षण आशीष वर्मा, लैब टेक्नीशियन अनुराग की टीम द्वारा 27 वाहन चालकों एवं परिचालकों, कर्मचारियों का ब्लड प्रेशर, शुगर समेत आंखो की जांच की गई। तथा जागरुकता पम्पलेट बांट नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर बस स्टेशन प्रभारी ए0के0 अवस्थी, केन्द्र प्रभारी लाल बहादुर श्रीवास्तव समेत अन्य कर्मचारी, चालक-परिचालक मौजूद रहे।

## बाल मंच अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओ का एमएलसी अंगद सिंह ने किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** जिला पुस्तकालय बाल मंच के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओ का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, क्विज, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन पर आधारित प्रतियोगिता मे 10 विद्यालयो के 200 विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया। तथा विजयी छात्र-छात्राओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ0सुधीर श्रीवास्तव, आशीष पाठक, रणविजय सिंह, कृत वर्मा, सीमा, ममता पांडे, नंदा श्रीवास्तव, गौतम चैधरी आदि मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर में बिजली संकट से मिलेगी राहत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं को लेकर विधायक चंद्रभानु पासवान ने प्रदेश के विद्युत मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। विधायक द्वारा रखी गई समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विद्युत मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र के लिए 54 नए ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति प्रदान कर दी। इनमें 10 केवी और 16 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार लगभग एक सप्ताह बाद क्षेत्र में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। ट्रांसफार्मर फुंकने जैसी समस्याओं से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इन ट्रांसफार्मरों से करीब एक हजार घरों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों और किसानों को भी राहत मिलेगी। विधायक चंद्रभानु पासवान ने बताया कि इस समय बोर्ड परीक्षाओं और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का दौर शुरू होने वाला है। ऐसे में छात्रों को सुचारू रूप से बिजली मिलना बेहद जरूरी है, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विद्युत मंत्री से मिलकर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मंत्री ने समस्या को गंभीरता से समझते हुए तत्काल ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति दी, जिसके लिए क्षेत्र की जनता की ओर से उन्होंने आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि मिल्कीपुर क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों में पुराने और कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के कारण आए दिन फाल्ट और ओवरलोड की समस्या बनी रहती थी।

# अनीषा के गोल्ड व ब्रॉन्ज के साथ अवध विवि ने ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पाया 15 वां स्थान




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने कर्नाटक के राजीव गांधी हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में ओवर ऑल 15 वाँ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से 303 विश्वविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया। जबकि महिला वर्ग में अवध विश्वविद्यालय को 10 वाँ स्थान एवं पुरुष वर्ग में 28 वाँ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में समापन से पूर्व अवध विश्वविद्यालय की एथलीट अनीषा पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रहकर विश्वविद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाया, वहीं 800 मीटर दौड़ में भी अनीषा पटेल ने तृतीय स्थान पर रहकर विश्वविद्यालय को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। इसी के साथ अनीषा पटेल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। वही महिला एथलीट नेहा वर्मा ने हॉफ मैराथन 6वें स्थान पर रहकर एवं पुरुष वर्ग में एथलीट सूरज यादव ने डिस्कस थ्रो में 7वें स्थान पर रहकर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया। ऑल इंडिया एथलेटिक्स इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ खेलो इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स प्रतियोगिता हेतु क्वालीफाई करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सभी पदक प्राप्त एवं उच्च प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा कि मानसिक तत्परता एवं शारीरिक खेलों में सफलता प्राप्त की जा सकती है, खिलाड़ियों के द्वारा शानदार प्रदर्शन एवं खेल उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव के पल है, विश्वविद्यालय पदक प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। टीम के साथ टीम मैनेजर डॉ. सतीश चन्द्र श्रीवास्तव एवं कोच नीरज पटेल है। यह चैंपियनशिप न केवल विश्वविद्यालय स्तर का सबसे बड़ा आयोजन है, बल्कि यहाँ के प्रदर्शन को खेलो इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के चयन के लिए भी आधार माना जाएगा।

## एआरटीओ ने किये बिना फिटनेस व अनधिकृत संचालन मिलने पर 2 स्कूली वाहन सीज, 16 चालान




**बाराबंकी।** अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय सप्ताह 15 से 21 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत अनफिट स्कूली वाहनो को सीज कर चालान किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने सुबह विभिन्न मार्गो पर बिना फिटनेस व अनाधिकृत संचालन मिलने पर 2 स्कूली वाहनो को सीज तथा 3 ओवरलोड़ वाहनो को भी मानको का उल्लंघन मिलने पर थानो मे निरुद्ध किया। तथा 16 अन्य अभियोगो मे चालान किये गये। एआरटीओ ने चालको को कोई स्कूली वाहन बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी भी हालत में बच्चों को लाने-जाने के लिए नहीं करने को लेकर निर्देशित किया। तथा उल्लंघन करते मिलने पर उनके खिलाफ प्रवर्तन कार्यवाही की चेतावनी दी।

## जेम पोर्टल से सम्बन्धित कार्यशाला का आयोजन 19 जनवरी को

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद बहराइच में जेम पोर्टल पर शासकीय कय करने वाले केता विभागों हेतु 19 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक कपूरथला परिसर स्थित मल्टीपर्पज आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में जनपद के जेम पोर्टल के सेकेंड्री यूजर्स (केता, आपूर्ति प्राप्तकर्ता व भुगतानकर्ता) को प्रतिभाग करना है। डीएम सभी सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने विभाग के जेम पोर्टल के क्रेता (बॉयर) तथा आपूर्ति प्राप्तकर्ता (कंसाइनी) के साथ ससमय कार्यशाला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद की मतदान प्रक्रिया संपन्न

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद की मतदान प्रक्रिया शातिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। सिविल कोर्ट स्थित न्याय निलयम भवन मे दिनांक 16 व 17 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया शनिवार को सम्पन्न हुई। प्रथम दिन 700 अधिवक्ताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जबकि अंतिम दिन शनिवार को 1818 अधिवक्ताओ ने प्रथम दिन का रिकार्ड तोडते हुये भारी संख्या मे मतदान मे अपना योगदान दिया।

**● अंतिम दिन 1818 अधिवक्ताओ ने किया मतदान, कुल 2518 वोट बक्से में हुए बंद**



कुल 3071 मतदाता अधिवक्ता मे 2518 अधिवक्ताओ ने बार कांउसिल सदस्य पद के चुनाव मे मतदान हेतु हिस्सा लिया। प्रथम दिन 23 बूथो के माध्यम से मताधिकार प्रक्रिया को संचालित किया गया था। जबकि अंतिम दिन अधिवक्ताओ के भारी उत्साह व चुनाव के प्रति रुझान को देखते हुये चुनाव अधिकारी द्वारा 42 बूथो को बना कर चुनाव मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

सुबह 10 बजे से ही मतदान को लेकर अधिवक्ताओ मे भारी उत्साह देखने को मिला था। लम्बी-लम्बी लाइनो मे मतदान करने को लेकर अधिवक्ताओ ने अंतिम दिन निर्धारित समय 5 बजे तक बढ़ चढकर हिस्सा लिया। भारी संख्या मे तैनात पुलिस बल भी मुस्तैद देखने को मिला। तो वही मतदान प्रक्रिया व मतदान स्थल का जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सुधा सिंह ने निरीक्षण किया। अधिवक्ताओ को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिये चुनाव कोर्डिनेटर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट असद अहमद हाशमी व चुनाव पर्यवेक्षक एसीजेएम सक्षम द्विवेदी भी लगातार सतर्कता बरतते हुये दिखाई दिये।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा बैठक



**बहराइच।** शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के लिए गत दिवस देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 60 प्रतिशत से कम संतुष्टि पाये जाने पर अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करते हुए रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि संतुष्टि का प्रतिशत कम न होने पाये। सीएम डैशबार्ड की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि जल निगम अन्तर्गत पूर्ण 33 परियोजनाओं को टीम बनाकर सत्यापन कराया जाय। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि 15वां वित्त एवं 05वां वित्त अन्तर्गत उपलब्ध घनराशि की ग्राम पंचायतों में लिस्ट चस्पा की जाय। पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि सचिव व ग्राम प्रधानों से समन्वय करते हुए आमजन को जागरूक किया जाय ताकि अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से इस योजना का लाभ उठायें। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के लक्ष्य की पूर्ति हेतु अन्य विभागों से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों के स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण कराया जाय। डीएम ने पर्यटन विभाग को निर्देश दिया कि पयागपुर अन्तर्गत अमृतेश्वर शिव मन्दिर व नानपारा के बरदहाकलां में स्थित मन्दिर का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह हेतु निर्धारित लक्ष्य का अनुश्रवण करते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाराबंकी मंडल की डाक अधीक्षक किरन सिंह को पोस्टमास्टर जनरल ने किया सम्मानित




**बाराबंकी।** भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित आगाज कॉन्टेस्ट मे लखनऊ परिक्षेत्र स्तर पर जनपद ने प्रीमियम खाते, सीईएलसी, जनरल इंश्योरेंस, मर्चेंट श्रेणियो मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ परिक्षेत्र सुनील कुमार राय ने समीक्षा बैठक के दौरान बाराबंकी मण्ड़ल की अधीक्षक श्रीमती किरन सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इसके अतिरिक्त बाराबंकी मण्डल के अंतर्गत आने वाले उपमण्डलों मे हैदरगढ ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये पुरस्कार उपमण्डलीय निरीक्षक कपिल वर्मा व रामनगर उपमण्डल मे तृतीय स्थान प्राप्त करते हुये पुरस्कार उपमण्डलीय निरीक्षक हिमांशु मिश्रा ने प्राप्त किया है। तो वही आईपीपीबी मण्डलीय शाखा स्तर पर वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। उपमण्डल अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो मे शाखा डाकपाल आदेश वर्मा, न्योक्षना शाखा डाकघर प्रिन्स वर्मा, जरगावां शाखा डाकघर के मो0 शमीम व बदोसराय शाखा डाकघर के डाकपाल रिंकू मौर्या को भी सम्मानित किया गया।

# आबकारी विभाग ने तस्करों के खिलाफ बनाया कार्रवाई का खाका

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** अवैध ठिकाने बनाकर कच्ची शराब का गोरखधंधा करने वालो की अब खैर नही। आबकारी विभाग अब मुखबिरो के माध्यम से शराब की अवैध तस्करी व नकली शराब तैयार करने वालो के खिलाफ खाका बनाकर कार्यवाही करता हुआ देखा जा रहा है। विभाग ने गोपनीय सूचना के आधार पर राजस्व को नुकसान पहुचाने वाले व अवैध शराब की ब्रिकी कर विभाग को बदनाम करने वालो को रंगेहाथ दबोचते हुये कच्ची शराब तैयार करने वाले उपकरणो को भी बरामद किया है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर की विभागीय सख्ती का असर लगातार देखने को मिल रहा है।

**● तराई इलाको में दी गई दंबिश, मौके पर 2 रंगेहाथ गिरफ्तार**

अलग-अलग सर्किलो मे लगातार पैनी नजर रखते हुये जनपद मे कच्ची शराब का गोरखधंधा समाप्त करने की मुहिम भी अब दूर नही है। आबकारी मुखिया श्री दिनकर के अनुसार आज सर्किल रामसनेहीघाट मे तैनात आबकारी निरीक्षक लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने तराई इलाके स्थित थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम बेलखरा, खेतासरांय, आल्हनमऊ सहित 15 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी। मौके पर लगभग 40 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। साथ ही लगभग 800 किलोग्राम तैयार महुआ लहन को बरामद करते हुये तत्काल मौके पर नष्ट कराया गया। अवैध कारोबार मे लिप्त 2 आरोपियो को गिरफ्तार करते हुये जेल भेजा गया।

साथ ही तराई इलाके मे बसे ग्रामो के ग्रामीणो को अवैध शराब से होने वाली बीमारियो व परेशानियो के प्रति जागरुक करते हुये अवैध शराब की ब्रिकी करने वालो की सूचना दिये जाने की अपील भी की।

# विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन, हिंदू विरोधी गतिविधियों से सावधान रहने का किया आह्वान



**रुपईडीहा बहराइच।** शनिवार को चर्दा जामोग बाजार के बाबा बलदेव मंदिर परिसर में सनातन धर्म हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में हिंदू जन सैलाब देखने को मिला आपको बताते चलें कि इस विशाल हिंदू सम्मेलन में आए हुए अतिथियों एवं पत्रकारों को बैच लगाकर स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस विशाल हिंदू सम्मेलन के

मुख्य अतिथि वीरेंद्र गिरी महराज रहे गिरि महाराज ने अपने संबोधन में हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सनातनियों को मस्जिद मदरसा व मिशनरियों से सावधान सावधान रहना है और हिन्दूओं को संगठित होकर एवं एक जुट रहने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाराज श्री वीरेंद्र गिरी ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया वहां पर उपस्थित हिंदुओं का जन सैलाब एक स्वर में भारत माता की जय वंदे मातरम जय श्री राम जय जय श्री राम उद्घोष से पंडाल एवं बाबा बलदेव मंदिर परिसर गूंज उठा ज्ञातव्य हो कि कार्यक्रम की शुरूआत अनूप मिश्रा ने करते हुए कहा सनातन धर्म के हिंदुओं जागो अगर बाटोगे तो काटोगे अगर समय पर एकजुट नहीं हुए तो बांग्लादेश जैसी यहां भी आ जाएगी सतर्कता दिखाना जरूरी है इसी क्रम में लोकप्रिय जनप्रिय यशस्वी अध्यक्ष इन्द्र बहादुर ने हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए पहले स्वयं में परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू समाज में लोग एक साथ बैठकर खान-पान तक नहीं करते, जिससे आपसी दूरी बढ़ रही है। जब तक हम स्वयं नहीं बदलेंगे, तब तक समाज को संगठित करना संभव नहीं है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में हिंदू समाज की सुरक्षा को लेकर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं, जिनका मूल कारण सामाजिक भेदभाव और आपसी बिखराव है। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म के लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है जहां मस्जिद मदरसा बन रहा हो मिशनरियों के लोग दिखाई दे रहे हो सावधान रहने की जरूरत है।

## आज चुनेंगे व्यापारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का अध्यक्ष



**रुपईडीहा।** स्थानीय मिनी सिंह मार्केट में 18 जनवरी रविवार को रुपईडीहा बाजार के 8 सौ 36 मतदाता अपनी कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। आपको बताते चलें कि भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों का व्यापारी अपनी कार्यकारिणी चुनेंगे ज्ञातव्य हो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संघ का चुनाव समिति के आचार्य दयाशंकर शुक्ल, संजय बंसल, शेर सिंह कसौंधन, विवेक शुक्ल, शकील अहमद, जाफर इमाम रिजवी, संतोष शुक्ल, अजय मित्तल व दिवाकर पाठक चुनाव सम्पन्न कराएंगे। एक सप्ताह से प्रत्याशी पोस्टर, बैनर व पंफलेट द्वारा दिन रात अपने पक्ष में मतदान के लिए मतदाताओं से मिन्नतें करते देखे गए। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भी प्रत्याशियों ने भी चुनाव प्रचार के लिए दिन रात एक कार दिया। चुनाव समिति ने यह भी आग्रह किया है कि सभी व्यापारी इस चुनाव को उत्सव के रूप में लें व अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।

संक्षेप

## आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**परशदेपुर रायबरेली।** नसीराबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के पूरे तहदिल मजरे लहेंगा निवासी मोहम्मद नफीस पुत्र वाहिद ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उनके भाई तोफिक के इलाज के लिए सीएचसी नसीराबाद ले जाया गया।जहां आयुष्मान कार्ड के जरिए मरीज का इलाज होना था।वहीं सीएचसी में तैनात अमन पाल नाम के युवक ने आयुष्मान कार्ड को चेक करते हुए बताया कि आपका कार्ड लॉक हो गया है जिसे लखनऊ कार्यालय से खुलवाना पड़ेगा। आयुष्मान कार्ड को अनलॉक करने के लिए आपको 6 हजार रुपए देने होंगे। जब नफीस ने 6 हजार रुपए देने में असमर्थता जताई तो अमन पाल ने मुझसे 3 हजार रुपए ऑनलाइन पेमेंट के जरिए ले लिए।उसके बाद अमन पाल ने बताया कि आपका आयुष्मान कार्ड का लॉक खुल गया है। मामले में सीएचसी अधीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हमे नहीं है।अगर ऐसा कोई मामला मेरी जानकारी में आता है तो जांच कराई जाएगी।

## मोटर साइकिलों की भिड़ंत में युवक घायल

बछरावां रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बिशनपुर राजामऊ मार्ग पर रानीखेड़ा मोड़ के पास शनिवार दोपहर आमने-सामने दो बाईकों में टक्कर हो गई जिसमें जलालपुर गांव के रहने वाले जियाउद्दीन (41) पुत्र नूर मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर भावेश कुमार ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरा युवक बाइक मौके पर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाल श्यामलाल पाल ने बताया कि युवक का इलाज चल रहा है तथा दूसरे युवक की तलाश की जा रही है।

## सोने चांदी के जेवरात व चालीस हजार नकदी सहित युवती फरार

बछरावां रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी बीती शुक्रवार सुबह 6 बजे से गायब है गायब होने की सूचना जैसे ही उन लोगों को मिली तो खोजबीन की बाद में पता चला कि घर में रखे 25 ग्राम सोना 500 ग्राम चांदी वह 40000 नगदी लेकर उनकी बेटी कहीं गायब हो गई है पिता ने दी तहरीर में बताया कि उनके गांव के रहने वाले सुजीत पुत्र संतोष तथा रोशन पुत्र दिलीप ने उनकी बेटी को बहला फुसला कर गायब कर दिया हैं। बेटी के साथ अनहोनी होने की भी उन्हें आशंका है। कोतवाल श्याम लाल पाल ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## 21 जनवरी से 27 जनवरी तक कथा का आयोजन

सलोन रायबरेली। रामलला सरकार के भव्य मन्दिर में प्रतिष्ठित होने के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जन कल्याण के लिए नगरवासियों द्वारा श्री मद्भागवत कथा व्यास आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के द्वारा आयोजित की जा रही है। श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव श्रीरामलीला मैदान, नगर पंचायत सलोन में 21 जनवरी से 27 जनवरी तक आयोजित होगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 70 शिकायतें आयीं

## दस मौके पर ही निपटीं



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 42, पुलिस 11, विद्युत 5, समाज कल्याण 4, पूर्ति विभाग 8 कुल 70 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर में वृद्ध जनों/जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० नवीन चंद्रा, तहसीलदार ऊंचाहार आकांक्षा दीक्षित, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 25 शिकायतों में सात का निस्तारण



महराजगंज,रायबरेली। तहसील सभागार में तहसीलदार मंजुला मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में आई कुल 25 शिकायतों में पुलिस की 10, राजस्व 8, विकास की 2 व अन्य की 5 शिकायतें रही। जिनमें से मौके पर 7 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समाधान दिवस के दौरान ही दूर दराज से आए एक दर्जन से अधिक फरियादियों को तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने शासन द्वारा भेजे गए कम्बल भी वितरित किए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन, समेत कई सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## साहिनवा में मनरेगा फर्जीवाड़े पर एपीओ की भूमिका संदिग्ध

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर विकासखंड अंतर्गत साहिनवा गांव में मनरेगा योजना के तहत सामने आए फर्जीवाड़े में अब एपीओ आनंद कुमार की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों से खबर है कि मनरेगा के नाम पर फर्जी मस्टर रोल, फर्जी मजदूर और कागजी कार्य दिखाकर जो सरकारी धन निकाला जा रहा था, उसमें एपीओ आनंद कुमार की मिलीभगत अहम बताई जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान और संबंधित कर्मचारियों के साथ मिलकर मनरेगा का पूरा सिस्टम कमीशन के आधार पर चलाया जा रहा था। कागजों में मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जाती थी, भुगतान कराया जाता था और निकाली गई रकम का एक बड़ा हिस्सा कमीशन के रूप में बांटा जाता था। सूत्रों का दावा है कि एपीओ आनंद कुमार की जानकारी और सहमति के बिना साहिनवा गांव में मनरेगा से जुड़ा कोई भी भुगतान संभव नहीं था। जब इस पूरे मामले को लेकर खबर प्रकाशित हुई, तो सूत्रों के अनुसार ब्लॉक स्तर पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मनरेगा के कार्यों को बंद करा दिया गया और संबंधित फाइलों में हेरफेर की कोशिशें शुरू हो गईं।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी। जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडौली ग्राम सभा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। लगभग 32 वर्षीय युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर स्थित तालाब के किनारे पड़ा मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे तत्काल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आशीष मिश्रा पुत्र कामता प्रसाद मिश्रा, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी मंडौली ग्राम सभा, थाना संग्रामपुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच के साथ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है। युवक की मौत के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## घने कोहरे में बड़ा हादसा टला, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम और ट्रक की टक्कर



शुकुल बाजार, अमेठी। घने कोहरे के चलते एक बार फिर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के अंतर्गत 58 किलोमीटर प्वाइंट के पास तेज रफ्तार डीसीएम वाहन आगे चल रहे ट्रक से पीछे से टकरा गया। हादसा सुबह के समय हुआ, जब कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अचानक सामने चल रहे ट्रक की दूरी का सही अंदाजा डीसीएम चालक नहीं लगा सका, जिससे जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि डीसीएम और ट्रक दोनों के चालक बाल-बाल बच गए। किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिससे कुछ ही देर में यातायात को फिर से सुचारू कर दिया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए वाहनों की रफ्तार धीमी रही, लेकिन स्थिति पर जल्दी काबू पा लिया गया।

## घने कोहरे के बीच श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, कई घायल, पांच को आई गंभीर चोटें

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। श्रद्धालुओं को लेकर गंगा स्नान करने जा रही पिकअप को शुक्रवार आधी रात अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। चपेट में आकर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। सड़क हादसे में कई लोग घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस की टीम ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिसमें से पांच को गंभीर चोटे आई हैं। स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं के रहने और ठंड से बचाव की मदद की बस्ती जनपद के कलवारी थाना क्षेत्र के चरकेला गांव व उसके पास पास के करीब 50 श्रद्धालु शुक्रवार देर शाम तीन पिकअप पर सवार होकर टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रयागराज गंगा स्नान करने जा रहे थे। जैसे श्रद्धालुओं का वाहन जैसे ही जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर महमूदपुर गांव के पास पहुंची। इसी बीच घने कोहरे के चलते सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बस ने टक्कर मार दी। जिसकी चपेट में आकर आगे चल रही पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। पीछे से आ रही दो पिकअप वाहन के लोग भी मौके पर घबड़ाकर खड़े हो गए। श्रद्धालुओं की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग नींद से जागकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर राहत बचाव कार्य में जुट गए। सूचना पर सेमरी चैकी पुलिस और ग्राम प्रधान वीरेंद्र दुबे ग्रामीणों के साथ श्रद्धालुओं की मदद में जुट गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलो जियालाल शर्मा, मनीराम शर्मा ,मल्लू शर्मा ,बजरंगी लाल गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा अन्य को इलाज के लिए तीन एंबुलेंस की मदद से बिरसिंहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें से पिकअप चालक धर्मेंद्र 40 वर्ष, मनीराम 45 वर्ष, जियालाल 42, लालमती और शांति गंभीर रूप से घायल है। इस संबंध में जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर आंशिक रूप से घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें से किसी को गंभीर चोटे नहीं आई है। सभी सुरक्षित है।

# दादी-पोते की एक साथ उठी अर्थी

## गांव में पसरा मातम



**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर क्षेत्र से एक अत्यंत मार्मिक और हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां पोते की असमय मौत का सदमा दादी सहन नहीं कर सकीं और दोनों की अर्थी एक साथ उठी। शनिवार को जैसे ही यह दृश्य सामने आया, पूरे गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल छा गया।

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बभनज्या पश्चिम निवासी 39 वर्षीय गुड्डू गौतम बीते 2 जनवरी की सुबह करीब सात बजे घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा तलाश और पोस्टर जारी किए जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका। गुरुवार को गुड्डू का शव घर से लगभग 200 मीटर दूर एक सूखे तालाब में मिला, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। अंधेरा होने के कारण अंतिम संस्कार शनिवार को तय किया गया। रातभर परिजन शव के पास बैठे रहे। इसी दौरान मृतक की 75 वर्षीय दादी द्रोपदी देवी गहरे सदमे में थीं। शुक्रवार रात वे सोईं और शनिवार सुबह उठ नहीं सकीं। परिजनों का मानना है कि पोते की मौत का गहरा आघात ही उनकी मृत्यु का कारण बना। शनिवार दोपहर दोनों की अर्थी एक साथ उठी और ऊष्मा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक गुड्डू के भतीजे राम कुमार ने दादी और पोते दोनों को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देख मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। घटना की सूचना पर कादीपुर विधायक राजेश गौतम मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को 5000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत सभासद राजेश त्रिपाठी, सपा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर, रमाशंकर पाठक, अभिषेक उपाध्याय, डब्लू तिवारी सहित पुलिस के अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मृतक गुड्डू कस्बे में ठेले पर सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी किरण, बेटियां खुशी, दीपांशी, तान्या और पुत्र आकृत पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में इस हृदयविदारक घटना की चर्चा हर जुबां पर है।

## तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

सलोन रायबरेली। शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने की । तहसील दिवस में कुल 18 शिकायतें आई जिसमें से पुलिस विभाग के 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।वही सी डी ओ ने बताया कि तहसील समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण किया जाए और कहा कि समाधान दिवस में जो गंभीर शिकायतें हैं उनका निस्तारण दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रुप से कराया जाए।वही सी डी ओ ने गरीब,विधवा, निर्धनों,विकलांगों को 30 कम्बल सी डी ओ की तरफ से व 20 कम्बल तहसील प्रशासन द्वारा वितरित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र पाल, तहसीलदार दीपिका सिह व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनएसबीवीएम के बच्चों ने आईएमओ (एसओएफ)परीक्षा में फहराया परचम




रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई परीक्षा 2025-26 के गणित में 41, इंग्लिश में एक, विज्ञान में 7 विद्यार्थियों ने सेकेण्ड लेवल के लिए क्वालिफाई किया। इसी क्रम में गणित में 6, विज्ञान में 8, इंग्लिश में 2 तथा जीके में 5 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सेकेण्ड लेवल की परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को फरवरी माह में निर्धारित परीक्षा केन्द्र में परीक्षा देने का सौभाग्य प्राप्त होगा। एसओएफ की परीक्षा मे उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने फूलमालाओं के साथ मुँह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्राप्त की गई उनकी उपल्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ ही उन सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने बच्चों की तैयारी में अपना सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ड्राइवर क्लीनर हत्याकांड में गवाही दर्ज

सुलतानपुर (वीओएल)। ड्राइवर और क्लीनर की हत्या के 25 साल पुराने मुकदमे में शनिवार को अयोध्या जनपद के थानाक्षेत्र कुमारगंज के बलारमउ निवासी अभियोजन गवाह दिनेश शुक्ल ने आकर न्यायाधीश राकेश की कोर्ट में बयान दर्ज कराया जिससे अधिवक्ता संतोष पांडेय ने जिरह की। कोर्ट ने मामले में बहस के लिए 23 जनवरी की तारीख नियत की है। अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र की शिवनाथपुर निवासी राम कुमारी पत्नी राजकुमार की महिंद्रा कार को आरोपियों ने शादी देखने के लिए बुक की थी। आरोप है कि 24 जनवरी 2002 को जगदीशपुर टैक्सी स्टैंड पर मौजूद वाहन चालक इस्लाम और क्लीनर अशोक सिंह गाड़ी लेकर निकले तो रास्ते में गाड़ी लूट कर दोनों की हत्या कर दी गई और शव कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाईपास पर फेंक दिया गया। रामकुमारी के पुत्र राकेश ने मुकदमा दर्ज कराया जिसमें अयोध्या निवासी विजय कुमार उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, अजय कुमार उपाध्याय, और डॉ. वासुदेव यादव के खिलाफ पुलिस ने चार्ज शीट दाखिल की।

# रणविजय यादव की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर** (वीओएल)। समाजवादी पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता स्वर्गीय रणविजय यादव उर्फ हीरो गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को उनके पैतृक गांव बेलहरी, रेवारी में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव स्थित समाधि स्थल पर हुई श्रद्धांजलि सभा में सपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्व. हीरो यादव के संघर्ष, बलिदान और पार्टी के प्रति उनके अटूट समर्पण को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुलतानपुर सांसद रामभुवाल निषाद और आजमगढ़ विधायक डॉ. संग्राम यादव रहे। दोनों नेताओं ने समाधि स्थल पर पुष्प व माल्यार्पण कर स्व. हीरो यादव के योगदान को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संग्राम यादव ने कहा कि वर्ष 2008 में जंतर-मंतर पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव को नजरबंद किए जाने के विरोध में हीरो यादव द्वारा दिया गया आत्मबलिदान पार्टी के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए संघर्ष और निष्ठा की प्रेरणा बना रहेगा। पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने कहा कि स्व. हीरो यादव केवल एक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाजवादी आंदोलन की आत्मा थे। पार्टी के राष्ट्रीय गायक धर्मेंद्र सोलंकी ने भी उनके जीवन संघर्ष और समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्व. रणविजय यादव के छोटे भाई रजनीश यादव ने किया। इस अवसर पर सपा जिला उपाध्यक्ष संजय वर्मा, सपा नेता सलाउद्दीन, रामसहाय यादव, राम प्रताप यादव, अमित यादव, आशीष पटेल सहित अनेक वरिष्ठ नेता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि हीरो यादव का बलिदान समाजवादी आंदोलन को सदैव ऊर्जा देता रहेगा और उनकी स्मृति कभी भुलाई नहीं जा सकती।

# महिला बंदीगृह में महिलाओं को कंबल, साड़ी व फल वितरित



सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चैहान ने शुक्रवार को महिला बंदीगृह का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बंद महिलाओं से संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महिला आयोग अध्यक्ष की उपस्थिति में लायन क्लब सेंट्रल द्वारा महिला बंदीगृह में निरुद्ध महिलाओं को कंबल, साड़ियां एवं फल वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम में महिलाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर लायन क्लब सेंट्रल के सौरभ कांत, सतीश श्रीवास्तव, एडवोकेट आशीष अग्रवाल, सिमरन, तूलिका गुप्ता, राजुल कांत और सचिन चोपड़ा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला आयोग अध्यक्ष ने लायन क्लब के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की।

# प्रशासन पर पड़ रहे भारी आजाद अतिक्रमणकारी

## ऐ भाई जरा संभलकर.......

जगदीशपुर- अमेठी। समस्त नियम व कानून की धज्जियां उडाते हुए आजाद अतिक्रमणकारी सडको पर कब्जा करके प्रशासन पर भारी पडते नजर आ रहे हैं आने जाने वाले मुसाफिर भाइयों जरा संभल कर चलना क्योंकि जगदीशपुर का जाम मशहूर है जहां आए दिन वीआईपी वाहन से लेकर एंबुलेंस तक की गाडियां जाम मे फंसकर हायतौबा करते रहते हैं जिम्मेदार अधिकारीगण बेखबर हैं । थानाक्षेत्र के अंतर्गत रानीगंज चौराहा व जगदीशपुर स्थित पुलिस बूथ चौराहे से लेकर बाजार शुकुल मोड समेत अन्य सडकों पर दुकानदारों की आजादी इस तरह हावी है कि डामर रोड तक अपनी दुकान का सामान लगाकर अपना कमाऊ धंधा चटका रहे हैं दूसरी तरफ पुलिस बूथ के निकट स्थित बस स्टाप जहां हर वक्त आने जाने वाली परिवहन निगम की बसें सड़क पर खडी कर सवारियां चढाते उतारते रहते हैं इसी बीच मे ई- रिक्शा समेत अनेको डग्गामार वाहनों की भरमार होकर सडकों पर फरार्टे भरते रहते हैं जिसके चलते आए दिन जाम की विकराल स्थिति बनी रहती है जिसका खामियाजा आने जाने वाले लोगो को भुगतना पड रहा है काफी इंतजारी के बाद जब पुलिस डंडा लेकर सड़क पर दौडती है तो बामुश्किल आवागमन का संचालन होता है पूर्व मे जाम के चलते कई यात्री चोटहिल होकर अस्पताल पहुंचे तो कुछ को जिंदगी भी गंवानी पडी ।गौरतलब हो कि लगभग चार वर्षो पूर्व प्रशासन द्वारा बडा अभियान चलाकर सडक पर फैला अतिक्रमण हटाया गया था उसके उपरांत केवल अतिक्रमण हटाने का हवा हवाई एलाउंस जरूर किया गया था परंतु अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया जिसके चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंदियों पर हैं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारीगण सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं यदि यही आलम बना रहा तो प्रशासन की किरकिरी होकर यात्री जाम मे फंसकर चोटहिल होते रहेंगे। स्थानीय लोगों की माने तो जिम्मेदारों की निष्क्रियता के चलते रानीगंज चौराहे के निकट फल विक्रेता अतिक्रमण कर जाम की समस्या उत्पन्न करते हैं। इस संबंध मे उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना ने बताया कि अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



## अमेठी की पूर्व नपं अध्यक्ष की अग्रिम जमानत अर्जी निस्तारित

सुलतानपुर (वीओएल)। धोखाधड़ी कर व्यापारी नेता का मकान दूसरे के नाम दर्ज करने के चर्चित मामले में आरोपी बनाई गई अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी की अग्रिम जमानत अर्जी को शनिवार को एडीजे प्रथम राकेश पांडेय ने निस्तारित कर दिया। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि जमानत अर्जी पर बल नहीं देना है। अमेठी के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने चंद्रमा देवी और मुहल्ले के ही लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर घनश्याम का मकान उक्त लोगों के नाम दर्ज कर दिया था। परिवादी के वकील अनिल दुबे ने बताया कि आठ फरवरी 2024 को कोर्ट ने आरोपितों को विचारण के लिए तलब किया था।

# गांधी परिवार के कार्य को आगे बढ़ा रहे सांसद केएल शर्मा



अमेठी। अमेठी सिर्फ एक संसदीय क्षेत्र ही नहीं, बल्कि विचार, विकास और सेवा की परम्परा है। यह वही अमेठी है जहीं से देश को दिशा देने वाले गांधी परिवार वर्षों से जनसेवा की मिशाल पेश करता आया है। सांसद ने उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बिना थके, बिना रुके, अमेठी के सर्वांगीण विकास के लिए निस्नार प्रयारा किये हैं।'सांसद विकास निधि अन्तर्गत संसदीय क्षेत्र अमेती में कराये गये विकास कार्यों का विवरण धनराशि रूः 6 करोड़ 50 लाख की लागत से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगभग 3000 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगयायी गयी।धनराशि रू० 96 लाख की लागत से ग्रागीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगभग 48 विद्युत हाई मास्ट लाइटें लगवायी गयी।धनराशि लगभग रू० 83 लाख की लागत से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 10 इण्टरलाकिंग एवं 01 सी.सी. रोड का निर्माण कराया गया।धनराशि र० 24 लाख की लागत से सैनिक स्कूल, फौहार, ब्लाक-शाहगढ़ को एक 32 सीटर बस उपलब्ध करायी गयी।धनराशि रु० 12 लाख की लागत से संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज को अत्याधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध कराया गया।धनराशि लगभग रु० 66.5 लाख की लागत से 250 के.बी.ए. के 07 विद्युत ट्रान्सफार्मर मय ट्राली उपलब्ध कराया गया।धनराशि लगभग 60 50 लाख की लागत से कई ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण का कार्य कराया गया।धनराशि रु० 10 लाख की लागत से दो ओपेन जिम उपलब्ध कराया गया।धनराशि रू० 13 लाख का प्रस्ताव दो विद्यालयों में अलंकार योजनान्तर्गत कायाकल्प एवं मरम्मतीकरण के लिए दिया गया है।

अन्य कार्य पी.एम.जी.एस.वाई. योजनान्तर्गत करोड़ों रुपये की लागत से लगभग 30 सम्पर्क मार्गों का कार्य प्रगति पर है।एन.एच. 128 (रायबरेली-टाण्डा मार्ग) को फोरलेन किये जाने के राम्बन्ध में लोकसभा में प्रश्नकर किया गया, जित्त क्रम में डी.पी. आर. बनने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

संक्षेप

## 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**मथुरा।** कोसीकलां पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को उत्तर प्रदेश में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को कोटवन बॉर्डर पर संयुक्त चेकिंग के दौरान एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से हरियाणा मार्का की 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसे वह दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे के रास्ते तस्करी कर ले जा रहा था।

मुखबिर की सूचना पर चैकी कोटवन एनएच-19 के पास घेराबंदी की गई थी। शाम को दिल्ली की ओर से आ रही एक संदिग्ध ह्लकिया सोनेटह्ल कार को रोका गया।

तलाशी लेने पर वाहन के अंदर से अवैध अंग्रेजी शराब की 13 पेटियां बरामद हुईं। पकड़े गए तस्कर की पहचान हरियाणा के पलवल जिले के गुलावद निवासी रविंद्र के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि रविंद्र पहले भी शराब तस्करी के मामलों में संलिप्त रहा है।

उसके विरुद्ध थाना कोसीकलां में पहले से ही आबकारी अधिनियम के तहत एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें



जिला संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए।उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 34 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई है तथा 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

### समाधान दिवस आयोजित

फिरोजाबाद।आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में किया गया,समाधान दिवस में जिलाधिकारी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ-साथ समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति भी रही, इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें कानून व्यवस्था विद्युत विकास सफाई राजस्व इत्यादि की आईं, जिलाधिकारी ने इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जन शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय दें, शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।

साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान हेतु लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी पंचायत भवन पर बैठें, जिससे प्रारंभिक चरणों में ही विवादों का निस्तारण हो जाए, इस दौरान रेखा नामक युवती द्वारा शिकायत की गई कि उसके पिता की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा की गई, परंतु परिजनों को कोई सूचना नहीं दी गई, इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी, इसी तरह चरण सिंह नामक प्रार्थी ने यह शिकायत की की लता यादव उसके घर में 3000 रू0 में किराए पर रहती है, परंतु उनके द्वारा किराया नहीं दिया जा रहा है और न ही उनका घर खाली किया जा रहा है, साथ ही साथ मुझे लगातार धमकाया भी जा रहा है, इस पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण मामले की जांच थाना अध्यक्ष और राजस्व निरीक्षक को सौंपी ताकि मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके। इसी तरह शिकायतकर्ता कुसुम देवी ने शिकायत की की ग्राम प्रधान द्वारा जबरन रास्ते पर ब्रेकर बनाया गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, इस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संपूर्ण मामले की जांच करने के निर्देश दिए, इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में 51 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष आई और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया।

### प्राप्त 27 शिकायतों में 6 का मौके पर ही निस्तारण

**टूंडला।** तहसील टूंडला में उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में प्राप्त 27 शिकायतों में 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के अविलंब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी ने अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान अधिकतम बिजली साफ सफाई, कानून व्यवस्था आदि की अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा तहसीलदार नायब तहसीलदार पुलिस क्षेत्राधिकारी खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने 10 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण का किया भूमि पूजन



**टूंडला।** विधानसभा टूंडला क्षेत्र के बजहेरा गाढ़ घाट से भीकनपुर एलई होते हुए नियामतपुर के लगभग साढ़े छह किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण जिसकी लागत लगभग दस करोड़ के निर्माण कार्य का भूमि पूजन टूंडला भाजपा विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद बजहेरा पर हुआ। कार्यक्रम में विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया कि इस क्षेत्र को दूसरे दलों के पूर्व के जन प्रतिनिधिओ द्वारा अनदेखा किया तो जिससे यह क्षेत्र विकास से अछूता रहता था। परन्तु जब से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, तभी से समूचे उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहने लगी है। वर्तमान में इस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ चुका है।और जो भी सड़के अधूरी है, उनका भी कार्य अतिशीघ्रपूर्ण होगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दावन गुप्ता,सुशील पोनियां, योगेश उपाध्याय पुरन सिंह निषाद रामतीर्थ सिंह चक संजय परमार, तरुण शर्मा लोकेश जादौन किशोर चौधरी, महिपाल निषाद राम सिंह शास्त्री बंशीधर निषाद देवेन्द्र बैनीवाल,भवानी सिंह, जगदीश वर्मा, प्रमोद बघेल, देवेंद्र बघेल, कोमल सिंह प्रधान शैलेन्द्र सिंह एडवोकेट, नारायण सिंह सहित ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## स्वस्थ पर्यावरण स्वस्थ जीवन और स्वास्थ्यः सुनील जैन




**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन चयनित गांव देवखेड़ा में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओ ने रैली निकालकर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया रैली का शुभारंभ डाक्टर जितेन्द्र त्यागी, मुहम्मद सोहिल जाफरी कार्य क्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। एवं स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों से कहा कि स्वच्छता से हमें स्वयं को और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलती है। पिछले कुछ वर्षों से, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को स्वच्छ और साफ रखने पर जोर दे रहे हैं। सरकार ने स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न अभियान और मिशन शुरू किए हैं। इनमें से कुछ प्रसिद्ध अभियान हैं स्वच्छ भारत हरित भारत और स्वच्छ भारत अभियान। स्वच्छ भारत अभियान के तहत, सरकार ने घरों और समुदायों के लिए शौचालय बनवाए और कई गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाया। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखना चाहिए, जिससे भयंकर बीमारियां पनप न पाए। हमें अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता का भी ध्यान रखना चाहिए। व्यायाम शिक्षक हरिओम उपाध्याय हरिओम शर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो दिवसीय मीना मंच सुगमकर्ता कार्यशाला का हुआ समापन



**फिरोजाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संचालित स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पॉवर एंजेल्स का सशक्तिकरण सेल्फ एस्टीम और नेतृत्व क्षमता के विकास पर आयोजित दो दिवसीय मीना मंच सुगमकर्ता कार्यशाला का शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र फिरोजाबाद पर भव्य समापन हुआ। इस विशेष कार्यशाला में ब्लॉक के सुगमकताओं ने प्रतिभाग कर बालिकाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा में समानता लाने की बारीकियों को सीखा। इस पूरे कार्यशाला के सफल आयोजन और कुशल समन्वय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय एवं खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश अकेला का विशेष योगदान और सक्रिय मार्गदर्शन रहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में इस बात पर बल दिया कि मीना मंच विद्यालयों में बालिकाओं को जागरूक करने का सबसे सशक्त माध्यम है और इसका प्रभावी क्रियान्वयन विद्यालयों में होना अनिवार्य है। ताकि बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सीमा रानी एवं मनीषा रानी ने विभिन्न महत्वपूर्ण घटकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षकों द्वारा वीरांगना पोर्टल के माध्यम से बालिकाओं को आत्मरक्षा का पाठ पढ़ाने, अरमान मॉड्यूल के जरिए जीवन कौशल विकसित करने और प्रगति के पंख गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का गहन प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न ग्रुप गतिविधियों के माध्यम से यह सिखाया गया कि कैसे रोचक तरीके से विद्यालय स्तर पर मीना मंच का सशक्तिकरण किया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में बालिकाओं की प्रगति के लिए अग्रदूत बनकर कार्य करेंगे।

## वरिष्ठ साहित्यकार रामदेव शर्मा 'राही' को काशी हिंदी विद्यापीठ ने दी मानद उपाधि



**छाता(मथुरा)।** नगर के वरिष्ठ कवि/साहित्यकार रामदेव शर्मा ह्लराहीह्ल को काशी हिंदी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा उनके हिंदी साहित्य में सराहनीय लेखन के लिए ह्लविद्या वाचस्पतिह्ल( डॉक्टरेट,पीएचडी) की मानद उपाधि प्रदान करके सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ दीघार्यु जीवन की कामना की। यह सम्मान काशी हिंदी विद्यापीठ के कुल सचिव इंद्रजीत तिवारी ह्लनिर्भीकह्ल द्वारा कुलपति डॉ. संभाजी राजाराम बावस्कर के निर्देश पर प्रदान किया गया। यह सम्मान प्रतिष्ठित साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है।रामदेव शर्मा ह्लराहीह्ल को पहले भी दो बार ह्ल ऑफिशियल वर्ल्ड रिकॉर्ड ह्ल और ह्ल गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डह्ल द्वारा ह्लभारत को जानेंह्ल और ह्लआयुर्वेद को जानेंह्ल ग्रंथों में काव्यात्मक सहभागिता के लिए विश्व रिकॉर्ड सम्मान प्राप्त हुआ है। उक्त दोनों ग्रन्थ ह्लइंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्सह्ल में भी शामिल हैं। इस प्रकार से सम्मानित होने वाले ये छाता नगर के पहले साहित्यकार हैं। रामदेव शर्मा ह्लराहीह्ल इस सम्मान को अपने नगर के वरिष्ठ जनों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करते हैं। नगर में उनके साहित्यिक योगदान और संस्थाओं द्वारा सम्मानित होने की प्रशंसा हो रही है।

## बछगांव में हुआ जनसेवा, विकास और सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक स्वागत



जिला संवाददाता

**मथुरा।** आज ग्राम पंचायत बछगॉव के जाटव मौहल्ला में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का ऐतिहासिक एवं यादगार स्वागत किया गया।मौहल्ले की सरदारी व सम्मानित समाजजनों द्वारा उन्हें 101 मीटर का भव्य स्वाफा बांधकर, फूल-मालाओं से लादकर एवं श्री राधा-कृष्ण की दिव्य प्रतिमा भेंट कर अपार स्नेह और सम्मान प्रदान किया गया। आज का स्वागत केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि जनसेवा, विकास और सामाजिक समरसता की राजनीति पर जनता की मुहर को दर्शा रहा था जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वागत पाकर जनता को संबोधित किया कि बछगॉव सहित पूरे क्षेत्र के विकास, गरीब-मजदूर, किसान, युवा और हर समाज के सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। इस ऐतिहासिक सम्मान समारोह ने बछगांव सहित पूरे मथुरा के विकास में एक नए युग का सूत्रपात किया है, जहां मथुरा के गांव अपनी प्रगति की कहानी स्वयं लिखेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में देवेंद्र प्रधान नैनूपट्टी, वेद प्रधान सींगा पट्टी, मगोर्रा, बछगॉव एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन को मिला हंसराज रतन सम्मान

जिला संवाददाता



**मथुरा।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए एक समारोह के दौरान संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता को महात्मा हंसराज रतन सम्मान से सम्मानित किया गया है। युवा दिवस पर हुए इस समारोह में देशभर की प्रमुख हस्तियों ने भाग लि ?ा।

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर विज्ञान भवन में हंसराज कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समागम विकसित भारत का संकल्प और युवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि युवा केवल भविष्य की आशा नहीं, बल्कि वर्तमान में ही विकसित भारत की असली ताकत हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए नेतृत्व, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालय का समय जीवन का सबसे निर्णायक दौर होता है, जहां व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भर सोच का निर्माण होता है। उन्होंने अपने छात्र राजनीति से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थान केवल डिग्री देने के केंद्र नहीं, बल्कि देश को दिशा देने वाले नेतृत्व की प्रयोगशालाएं हैं।

समारोह के दौरान डा. सचिन गुप्ता को दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए महात्मा हंसराज रतन सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि देश की नामचीन हस्तियों के मध्य हंसराज कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व और आभार का पल है।

शिक्षकों, विद्वानों और बदलाव लाने वालों के बीच खड़े होकर मुझे यह एहसास हुआ कि शिक्षा आज भी बदलाव लाने वाली सबसे ताकतवर शक्तियों में से एक है। हर सम्मान कोई परिणाम नहीं होता, बल्कि यह उत्कृष्टता, नैतिक नेतृत्व और शिक्षा में समावेशी प्रगति की दिशा में काम करते रहने का एक पक्का वादा होता है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं, और मूल्यों, ज्ञान और मकसद के साथ युवा दिमागों को सशक्त बनाने के विजन को आगे बढ़ाने के लिए गहराई से प्रेरित हूं। क्योंकि सच्ची पहचान अवॉर्ड में नहीं, बल्कि उस जिम्मेदारी में होती है जिसको यह प्रदर्शित करता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. जितेंद्र सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक समेत कई शिक्षाविद और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में 2 अंतर्जनपदीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा लूट चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो अंतर्जनपदीय शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में शनिवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि निहाल सिंह की पुलिया बाईपास के पास एक बिना नम्बर प्लेट के ऑटो खड़ा है जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति हैं जोकि जनपद में चोरी लूट की घटनाओं को अंजाम देनें की फिराक में हैं।

उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँच कर दबिश दी,दबिश के दौरान थाना टूण्डला पुलिस टीम को एक ऑटो दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त ऑटो तथा ऑटो में सवार संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी की गयी,खुद को पुलिस टीम से घिरता हुआ देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति ऑटो से उतर कर पुलिस टीम पर अवैध असलहा से जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लग गयी,अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 02 अवैध तमंचे 03 जिंदा कारतूस 02 खोखा कारतूस चोरी किये गये 10,020 रुपए एवं एक ऑटो बिना नम्बर प्लेट बरामद हुआ। घायल अभियुक्तों की पहचान रवि उर्फ रविया पुत्र भगवान दास निवासी हिन्दु नगर झुग्गी बस्ती थाना कोतवाली शहर जनपद एटा व किताब सिंह पुत्र रघुवीर निवासी हिन्दु नगर झुग्गी बस्ती थाना कोतवाली शहर जनपद एटा के रुप में हुई,अभियुक्तगण दिनांक 08-09-2025 को थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना के सम्बन्ध मे पंजीकृत अभियोग में वांछित हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त शातिर बदमाश है, अभियुक्त रवि उर्फ रविया के विरुद्ध जनपद एटा, कासगंज, हाथरस एवं जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानों में गम्भीर धाराओं में करीब डेढ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं, वहीं अभियुक्त किताब सिंह के विरुद्ध जनपद एटा व जनपद आगरा के विभिन्न थानों में करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अग्रिम विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला,उ0नि0 जयचन्द्र बाबू शर्मा,उ0नि0 आदेश आशीष ठेनुआ शामिल रहे।

## अधिवक्ता पर फायरिंग करने वाले प्रधान को मुठभेड़ के दौरान दबोचा

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के ग्राम जलालपुर में अधिवक्ता पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर क्षेत्र में भय आतंक पैदा करने वाले ग्राम प्रधान की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल प्रधान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जेल भेज दिया। आरोपी के पास से राइफल, कारतूस बरामद हुए। अधिवक्ता आशीष पुत्र विजय प्रकाश बुधवार को गांव में दूध लेने जा रहा था तभी वर्तमान ग्राम प्रधान मुल्तान यादव ने अपने बेटों के साथ मिलकर ताबड़तोड़ फायरिंग धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले में अधिवक्ता बाल बाल बच गया था। उक्त मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मुकदमें से बौखलाए ग्राम प्रधान ने अपने बेटों के साथ मिलकर गुरुवार को दुबारा से अधिवक्ता पर

- **गोली लगने से प्रधान घायल आरोपी प्रधान के पास से हथियार, कारतूस बरामद**

ताबड़तोड़ फायरिंग कर सनसनी फैला दी थी। आरोपी पक्ष ने कई राउंड फायरिंग की थी। उक्त मामले में पुलिस ने दुबारा से मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रधान की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसएसपी ने 3 टीमों का गठन किया था।

शनिवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव में ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाला प्रधान बाइक से नगला पोहपी रोड होते हुए नेशनल हाईवे पर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान बाइक पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस की टीम ने बाइक सवार को रोकने का इशारा किया तो बाइक पर सवार ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर वहां से भागने का प्रयास करने लगा। परंतु पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी करते हुए खुद के बचाव में जवाबी फायरिंग कर दी। जिससे पुलिस की गोली बाइक सवार के पैर में लगी। जिससे बाइक सवार गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। इसी दौरान बाइक पर सवार प्रधान का सहयोगी बाइक लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी को दबोचकर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के पास से 315 बोर की रायफल कारतूस बरामद हुए। पकड़े आरोपी की पहचान अभियुक्त ग्राम प्रधान जलालपुर मुलतान सिंह पुत्र बचान सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े प्रधान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि मुठभेड़ के दौरान भागे आरोपी का नाम सोनू पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम जलालपुर बताया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी सीओ अरुण कुमार चौरसिया मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण ने बताया कि जलालपुर के प्रधान ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था। मौके से आधा दर्जन खोखा बरामद हुए थे। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर जब आरोपी को पकड़ना चाहा तो प्रधान से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में आरोपी के पैर में गोली लगी। जिससे वह घायल हो गया। उसका साथी मौके से बाइक लेकर भाग गया।

पकड़े गए आरोपी प्रधान पर पूर्व में भी गुंडाएक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज थे।

मुठभेड़ में पकड़े गए प्रधान का नाम नाम मुलतान सिंह पुत्र बचान सिंह निवासी ग्राम जलालपुर बताया। आरोपी प्रधान के पास से एक लाइसेंसी राइफल 315 बोर, 2 खोखा, 6 कारतूस बरामद हुए।

## आईपीएस सीओ सिटी ने किया अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

जिला संवाददाता

**मथुरा।** शहर थाना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश किया है। इस संयुक्त कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चार अवैध पिस्टल बरामद

- **शहर कोतवाली पुलिस और स्वाटी टीम ने अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किए हथियार तस्कर**

की गई हैं।आईपीएस सीओ सिटी आशना चैधरी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने भूतेश्वर रेलवे स्टेशन से पहले एक चाय की दुकान के पास दबिश दी। मौके से विनोद उर्फ पेंद (19) पुत्र सुखराम सिंह, निवासी ग्राम फालिन, थाना कोसीकलां, और अंकित उर्फ अक्की डॉन (20) पुत्र नरेंद्र सिंह, निवासी गांगवान मोहल्ला, कोसीकलां, मथुरा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्तों के पास से चार अवैध पिस्टल बरामद हुईं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे ये हथियार राजस्थान के मुसेपुर गांव निवासी बिंदास नामक व्यक्ति से खरीदते थे। इसके बाद मथुरा जनपद के कोसीकलां, छाता और मथुरा शहर के विभिन्न इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस पूछताछ में इस अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क में धीरज, मनोज और अमन नामक अन्य




व्यक्तियों की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध हथियारों के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

संक्षेप

## टेक महिन्द्रा ने 1892 करोड़ एबिट दर्ज किया

मुंबई।-सभी उद्योगों में उपक्रमों को टेक्नोलॉजी परामर्श और डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की आज घोषणा की। एक एलटीएम आधार पर हासिल हमारे सौदे पिछले पांच वर्षों में हासिल किए गए सौदों में सबसे अधिक हैं जो पिछली कई तिमाहियों में सौदे हासिल करने की दर में सुधार की झलक पेश करते हैं। यह गति बिक्री, समाधान उन्मुख बाजार दृष्टिकोण में हमारे सतत निवेश और ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने में एआई आधारित पेशकश की बढ़ती प्रासंगिकता का प्रमाण है। कुल मिलाकर ये प्रयास दीर्घकालीन मूल्य सृजन के लिए एक मजबूत नीव डाल रहे हैं।

## हेलमेट सुरक्षा पर प्रगतिशील निर्णय का स्वागत

नोएडा। टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राज्यभर में हेलमेट सुरक्षा को सख्ती से लागू करने के निर्णय का हार्दिक स्वागत हुआ है और इसे दो-पहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठने वाले यात्रियों के जीवन की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानता है।उत्तर प्रदेश, भारत के उन राज्यों में लगातार शामिल रहा है जहां सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या सबसे अधिक है। वर्ष 2023 में राज्य में कुल 23,652 लोगों की सड़क हादसों में मृत्यु दर्ज की गई, जो इस बात को रेखांकित करता है कि सड़क सुरक्षा, विशेष रूप से दो-पहिया वाहन चालकों और पिलियन राइडर्स के लिए, एक गंभीर सार्वजनिक चिंता का विषय बनी हुई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अध्ययनों के अनुसार, प्रमाणित हेलमेट पहनने से घातक सिर की चोटों का जोखिम *50 प्रतिशत से अधिक तक कम किया जा सकता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हर नागरिक को असली और सुरक्षा-परीक्षित हेलमेट तक पहुंच मिलना अत्यंत आवश्यक है।

## निसान ने गगन मंगल को बनाया कम्युनिकेशंस हेड

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने गगन मंगल को कम्युनिकेशंस हेड नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 12 जनवरी, 2026 से प्रभावी हो गई है। गुरुग्राम के रहने वाले गगन मंगल एनएमआईपीएल के लिए कम्युनिकेशंस की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह एनएमआईपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स के साथ मिलकर काम करेंगे और ह्यहमारे सफर के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर निसान मोटर इंडिया में हम गगन का स्वागत करते हैं। उनके पास ऑटोमोटिव कम्युनिकेशंस के क्षेत्र में व्यापक विशेषज्ञता और भारतीय मीडिया को लेकर मजबूत समझ है।

## बॉन्डटाइट के ब्रांड एंबेसडर बने रणबीर कपूर

नयी दिल्ली। ऐस्ट्रल लिमिटेड का ब्रांड बॉन्डटाइट ने रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। अब बॉन्डटाइट अपने नए ब्रांड कैंपेन की शुरूआत के साथ एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। यह कदम भारतीय ऐडहेसिव्स बाजार में एक प्रीमियम ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है। रणबीर कपूर अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता, व्यापक लोकप्रियता और दर्शकों के बीच गहरे भरोसे के लिए जाने जाते हैं, जिसके चलते हर आयु वर्ग के लोग उनसे जुड़ाव महसूस करते हैं।उनकी ये सभी खूबियाँ बॉन्डटाइट के मूल्यों और विजन के पूरी तरह अनुरूप हैं। उनके साथ जुड़ने से बॉन्डटाइट के उस लक्ष्य को नई ताकत मिली है, जिसके तहत वह ऐडहेसिव्स की हर जरूरत के लिए घर-घर में पहचाना जाने वाला नाम बनना चाहता है। ह्लबॉन्डटाइट ने तीन दशकों से भी अधिक समय तक लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बाजार में लोगों का भरोसा हासिल किया है।

## सोनी ने नेतृत्व में बड़े फेरबदल किये

नयी दिल्ली। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने आज अपने नेतृत्व ढांचे और कामकाज के मॉडल में अहम बदलावों की घोषणा की है। इन बदलावों का मकसद कंपनी को एक ऐसी एंटरटेनमेंट कंपनी के रूप में स्थापित करना है, जो प्लेटफॉर्म की सीमाओं से मुक्त और बहुभाषी हो, जहाँ सारा ध्यान केवल बेहतरीन कंटेंट पर हो।

# पश्चिम बंगाल में फिर तनाव

### मुर्शिदाबाद में प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों को किया अवरुद्ध

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को एक बार फिर तनाव फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 और रेलवे पटरियों को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह घटना एक प्रवासी मज़दूर की मौत को लेकर हुए आंदोलनों के कारण राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच सड़क और रेल संपर्क कई घंटों तक बाधित रहने के एक दिन बाद हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेलडांगा के बरुआ मोड़ के निकट राजमार्ग पर सैकड़ों स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर यातायात ठप हो गया और फंसे हुए वाहनों की लंबी कतारें



लग गईं। सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे गेट को भी नुकसान पहुंचाया और ट्रेन सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कुछ स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिये लाठी-चार्ज किया है। ताजा विवाद की वजह यह आरोप बना कि इसी क्षेत्र के एक अन्य प्रवासी मजदूर, अनीसुर शेख, के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई।

इससे शुक्रवार की हिंसा के बाद मुश्किल से शांत हुआ जनाक्रोश फिर से भड़क उठा। पुलिस ने विरोध स्थल पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए। स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत करने के लिए प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को सामान्य करने और प्रदर्शन को फिर से हिंसा में तब्दील होने से रोकने के प्रयास जारी हैं। सुजापुर कुमारपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के निवासी 36-वर्षीय अलाउद्दीन शेख की मौत के बाद से बेलडांगा में शुक्रवार से तनाव व्याप्त है। उसका शव झारखंड में उसके किराए के मकान से बरामद किया गया था, जहां वह कबाड़ कारोबारी के रूप में काम करता था। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और बाद में उसे फांसी पर लटका दिया गया, ताकि यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो। उसका शव घर लाये जाने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया।

# जल्लीकट्टू प्रतियोगिता में सांड़ों ने मारी बाजी



एजेंसी

मदुरै (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के अलंगनल्लूर में परंपरागत जल्लीकट्टू प्रतियोगिता में शनिवार को उग्र सांडों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करके उन्हें काबू में करने के लिए मैदान में उतरे लोगों को स्तब्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता को देखने आए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने जल्लीकट्टू प्रतियोगिता में सबसे अधिक बैलों को काबू करने वाले व्यक्ति को पशुपालन विभाग में सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। उनकी घोषणा इस बात का संकेत है कि यह प्रयास जल्लीकट्टू को संरक्षण देने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

# ओडिशा सरकार को मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने शनिवार को कहा कि कोलकाता में आयोजित निवेशक सम्मेलन और रोड-शो के दौरान उसे एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वैन और मुख्य सचिव अनु गर्ग की उपस्थिति में कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार ने विभिन्न उद्योगों के साथ 27 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और 19 निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए। एक अधिकारी ने बताया कि इन 27 समझौतों के माध्यम से 81,864 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे 63,161 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, 18,453 करोड़ रुपये के 19 अन्य निवेश प्रस्तावों से 27,591 रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि हालांकि एमओयू महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सफलता का असली पैमाना परियोजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन है। उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों को ओडिशा के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि पूर्वी भारत का विकास प्रतिस्पर्धात्मक नहीं बल्कि सहयोगी होगा, जहां राज्य एक मजबूत पूर्वी औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए एक-दूसरे की क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

# कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल

### महिलाओं पर की अभद्र टिप्पणी, पार्टी ने झाड़ा पल्ला

एजेंसी

भोपाल/इंदौर। मध्यप्रदेश में कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया ने महिलाओं की खूबसूरती को कथित तौर पर बलात्कार और अनुसूचित जाति-जनजाति समाज की महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों को तीर्थ फल से जोड़कर एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है।

बरैया का यह बयान शनिवार को ऐसे समय में आया, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष दूषित जल त्रासदी के पीड़ितों और उनके परिजनों से मिलने के लिए इंदौर के दौरे पर थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्य की सत्तारूढ़ भारतीय



जनता पार्टी (भाजपा) ने बरैया की टिप्पणी की कड़ी निंदा की और उम्मीद जताई कि गांधी, कांग्रेस विधायक के खिलाफ कार्वाई करेंगे। विवाद होने के बाद कांग्रेस ने बरैया के बयान को व्यक्तिगत विचार करार दिया और इससे किनारा करते हुए उनसे स्पष्टीकरण की मांग की। हालांकि, अपने बयान पर कायम रहते हुए बरैया ने दावा कि उनकी टिप्पणी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की 40 करोड़ महिलाओं के हित में है। अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले दतिया के भांडेर से कांग्रेस विधायक बरैया ने एक मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में विवादित टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में बरैया यह दावा करते नजर आ रहे हैं कि भारत में सबसे ज्यादा बलात्कार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) की महिलाओं से होते हैं।

# 28 से हैदराबाद में शुरू होगी विमानन प्रदर्शनी विंग्स इंडिया

एजेंसी

मुंबई। भारत की प्रमुख द्विवार्षिक नागर विमानन प्रदर्शनी विंग्स इंडिया 28 जनवरी से हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर आयोजित की जाएगी।

एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय विमानन: भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना विषय के तहत किया जाएगा। इसके मुताबिक चार दिवसीय इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू करेंगे। इसमें विमानन मूल्य श्रृंखला से जुड़े प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के भाग लेने की उम्मीद है। विंग्स इंडिया 2026, भारत के तेजी से बढ़ते विमानन परिदृश्य, इसके बढ़ते वैश्विक पदचिह्न और विमानन समाधानों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की इसकी मंशा को उजागर करेगा। इस आयोजन में एक विस्तृत अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी, स्थिर विमान प्रदर्शन, उड़ान और एयरोबेटिक शो शामिल होंगे, जिसमें भारतीय वायु सेना के सूर्य किरण एयरोबेटिक दल द्वारा हवाई प्रदर्शन, एक उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सीईओ वार्ता, कारोबारी बैठकें, एक विमानन रोजगार मेला, पुरस्कार समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

# मुंबई में महापौर पद को लेकर फंसा पेंच

### ❍ होटल में ठहरेंगे शिंदे के पार्षद ❍ भाजपा- शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को स्पष्ट बहुमत

एजेंसी

मुंबई। मुंबई के अगले महापौर को लेकर गहराते रहस्य के बीच एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अपने नवनिर्वाचित पार्षदों को शनिवार को शहर के एक आलीशान होटल में स्थानांतरित करने का फैसला किया। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए हुए चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी शिवसेना (उबाठा) के मुखिया उद्धव ठाकरे ने यह कहकर अटकलों को और हवा दे दी कि अगर देवा (भगवान) की इच्छा हुई तो महापौर उनकी पार्टी का हो सकता है। शुक्रवार को हुई मतगणना में भाजपा और शिंदे के



नेतृत्व वाली शिवसेना के गठबंधन ने 227 सदस्यीय बीएमसी में स्पष्ट बहुमत हासिल किया, जिसमें उन्हें क्रमशः 89 और 29 सीट मिलीं।

शिंदे की पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्षदों को बांद्रा के एक आलीशान होटल में ले जाया जा रहा है ताकि वे व्यस्त चुनावी माहौल के बाद खुद को तरोताजा कर सकें। पार्टी के एक अन्य पदाधिकारी ने कहा कि पार्षदों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें कुछ दिन के लिए होटल में ठहराया जाएगा। इससे पहले दिन में, उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा 25 वर्षों तक बीएमसी पर शासन करने वाली उनकी पार्टी को खत्म करने में विफल रही। ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत में कहा, मुंबई में शिवसेना (उबाठा) का महापौर बनाना मेरा सपना है, और अगर देवा (ईश्वर) की कृपा रही तो यह सपना साकार होगा। ठाकरे के बयान के बारे में पूछे जाने पर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मजाक में पूछा कि क्या देवा से उनके पूर्व सहयोगी का तात्पर्य मुझसे है या ऊपर वाले भगवान से। उन्होंने कहा, मुझे भी देवा कहा जाता है, इसलिए मैं पूछ रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा ऊपर वाले भगवान ने तय किया है कि महापौर महायुति का होगा।

# इंडिगो एयरलाइन पर 22.20 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की है। दिसंबर 2025 में बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने और देरी के मामले में नियामक ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपये का भारी जुमार्ना लगाया है। एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में बैंक गारंटी देने को कहा गया है। डीजीसीए ने इंडिगो पर न केवल वित्तीय दंड लगाया है, बल्कि एयरलाइन के शीर्ष प्रबंधन को कड़ी फटकार भी लगाई है। इसमें सीईओ को चेतावनी और एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन जिम्मेदारी से हटाने का निर्देश शामिल है। यह कार्रवाई 3 से 5 दिसंबर 2025




के बीच इंडिगो की उड़ानों में आई भारी बाधा के बाद की गई है। इस दौरान एयरलाइन की 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई, जिससे हवाई अड्डों पर 3 लाख से अधिक यात्री फंस गए थे। डीजीसीए द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने पाया कि यह संकट संसाधनों के 'ओवर-ऑप्टिमाइजेशन' का परिणाम था। रिपोर्ट के अनुसार, एयरलाइन ने क्रू और विमानों के उपयोग को अधिकतम करने के चक्कर में बफर मार्जिन (सुरक्षात्मक समय सीमा) को खत्म कर दिया था।

## पेज एक का शेष

### मौनी अमावस्या

था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टर में बसाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय स्थापित किए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बसाई गई है जहां ध्यान और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। भीड़ प्रबंधन एवं सुगम यातायात के मद्देनजर इस बार 42 अस्थायी पार्किंग हैं जिनमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी

समय था जब हम दूसरे देशों में विकास देखते थे और हमारा सपना होता था कि काश हमारे देश में भी ऐसी आधुनिक ट्रेन चलें। आज वह सपना साकार हो गया। उन्होंने कहा, नयी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने मां काली की पावन भूमि को और मां कामाख्या की पवित्र धरती से जोड़ दिया है।

मोदी ने कहा कि भारत ने अपनी परिवहन सुविधाओं को आधुनिक बनाया है तथा भारत को आत्मनिर्भर भी बनाया है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आज भारत अमेरिका और यूरोप से अधिक डिब्बों का निर्माण कर रहा है। मोदी ने कहा आधुनिक भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने आज से अपनी यात्रा शुरू की है। यह नई ट्रेन देश के लोगों के लिए लंबी दूरी की यात्रा को आसान और सुगम बनाएगी। मालदा टाउन स्टेशन पर कुछ यात्रियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने नई वंदे भारत ट्रेन को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा अब मैं देख रहा हूं कि विदेशी लोग भारत में मेट्रो और अन्य ट्रेन के वीडियो बना रहे हैं ताकि वे दुनिया को बता सकें कि भारत में ट्रेन यात्रा में किस तरह क्रांति आ रही है।

### सशक्त लोकतंत्र

परिसर की लागत करीब 236 करोड़ रुपये होगी, जिसमें 37 अदालत कक्ष, अधिवक्ताओं के चैंबर, न्यायिक अधिकारियों के आवास और जनपद न्यायाधीश का आवासीय भवन शामिल होंगे। यह परियोजना अप्रैल 2027 तक पूरी होने का अनुमान है। आदित्यनाथ ने याद किया कि, अपनी एक यात्रा के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने इस बात का उल्लेख किया था कि न्याय प्रत्येक नागरिक को सहजता के साथ उपलब्ध हो सके, इसके लिए आवश्यक है कि कुछ ऐसे मॉडल बनने चाहिए जो एकीकृत हो, एक छत के नीचे हो। उन्होंने उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में अदालती परिसरों के निर्माण के लिए सहयोग और स्वीकृति देने को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को धन्यवाद दिया और कहा कि अन्य चार जिलों में अदालतों की स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू की जाएगी। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत का स्मृति चिह्न भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पंकज मिथल सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### जिला अदालत

दूंगा। मैं संबंधित राज्य सरकार और उच्च न्यायालय से आह्वान एवं अपील करूंगा कि उस राज्य में भी यही सुविधा प्रदान की जाए। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने यह भी कहा कि भारत का संविधान जिला न्यायपालिका को महत्वपूर्ण स्थान देता है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त जिला न्यायपालिका की स्थापना से न्याय तक पहुंच के राष्ट्र के सपने की पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों के पास ही अदालती सुविधाएं मिलेंगी और यदि उन्हें उनके किसी कानूनी अधिकार से वंचित किया जाता है, तो वे अपने स्थानीय न्यायालयों में उन अधिकारों के लिए लड़ सकेंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा प्रत्येक जिला न्यायालय में जहां हमारी बेटियां और बहनें वकालत करती हैं, वहां महिलाओं के लिए एक अलग बार रूम बनाया जाना चाहिए। दूसरा, मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस विशाल और सुंदर परिसर में जहां भी संभव हो, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाए। कई बार मुवक्किल और अन्य लोग अदालत आते हैं, और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, आपने जो व्यवस्थाएं की हैं, जैसे योग केंद्र और पार्क, वे उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कहा, यदि यह छोटी सी सुविधा भी जोड़ दी जाए, तो मुझे लगता है कि यह उन लोगों के लिए बहुत सुविधाजनक होगा, जिन्हें अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। यह विशेष रूप से हमारे बुजुर्ग मुवक्किलों के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह एकीकृत न्यायिक न्यायालय परिसर कम से कम अगले 50 वर्षों तक न्यायिक परिसर की आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करेगा।

### सहायक अध्यापक

ने उक्त विज्ञापन को चुनौती दी और कहा कि बीएड की डिग्री को सहायक अध्यापक (कला) के पद के लिए तरजीही योग्ता बनाई गई ना कि न्यूनतम योग्ता। उन्होंने वस्तुतः आयोग द्वारा जारी विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि उक्त विज्ञापन में कहा गया है कि बीएड केवल तरजीही योग्ता होगी ना कि अनिवार्य योग्ता।

### अल-फलाह

के बारे में कथित रूप से गलत जानकारी देने के आरोप में मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने विश्वविद्यालय की जमीन और इमारत को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है, यह संपत्ति लगभग 140 करोड़ रुपये की है और फरीदाबाद के धौज इलाके में स्थित है। अभी तक अदालत ने ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान नहीं लिया है। अधिकारियों ने ईडी के आरोपपत्र का हवाला देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सिर्फ कागजों पर ही नियुक्त थे। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें 22 दिन पंच या सप्ताह में दो दिन की शर्त के तहत नियमित शिक्षक के रूप में दिखाया गया, ताकि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) से जरूरी मंजूरी हासिल की जा सके और स्वास्थ्य सुविधा देखभाल इकाई बिना किसी बाधा के चलती रहे। अधिकारियों के अनुसार, ईडी ने विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार का बयान दर्ज किया है, जिन्होंने जांच एजेंसियों के परिसर दौरे और विश्वविद्यालय अस्पताल से जुड़े डॉ. मुज़म्मिल और डॉ. शाहीन की गिरफ्तारी को स्वीकार किया। उन्होंने अपने बयान में कहा कि 2019 में स्थापित मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को बिना किसी पुलिस सत्यापन के नियुक्त किया गया था।

### आत्मनिर्भर राज्य

बल्कि योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को निष्पक्ष अवसर प्रदान करना है, जिससे पलायन की समस्या पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है। संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने समान नागरिक संहिता लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पहल सामाजिक समानता, न्याय और महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक साहसिक कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून किसी भी वर्ग या समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का माध्यम है। व्यापक विचार-विमर्श और संवैधानिक अध्ययन के बाद इसे लागू किया गया, ताकि समाज के हर वर्ग के हित सुरक्षित रह सकें। मुख्यमंत्री ने मदरसा बोर्ड को समाप्त करने के फैसले पर कहा कि सरकार का लक्ष्य शिक्षा व्यवस्था में समानता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस निर्णय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा, कौशल विकास और राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ना है, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने दोहराया कि यह कदम किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में है। लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसे मामलों पर सरकार के कठोर रुख का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक ढांचे और जनसांख्यिकीय संतुलन की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अब तक 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी, वन एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है।

### वाणिज्यिक

आए हैं। शुक्रवार रात कई लोग ईरान से लौटे अपने रिश्तेदारों को लेने के लिए हवाईअड्डे पर पहुंचे। वापस आए कई भारतीय चिंता से घिरे हुए दिख रहे थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ईरान में मौजूद अपने सभी नागरिकों को उपलब्ध संचार माध्यमों से ढांढस बंधा रहा है, यात्रा परामर्श से अवगत करा रहा है और वापसी की प्रक्रिया के बारे में बता रहा है। ईरान से लौटी अपनी मां और चाची को लेने पहुंचे अब्बास काजमी ने कहा, हम निश्चित तौर पर चिंतित थे, क्योंकि यह एक वैश्विक मुद्दा है और जब इंटरनेट सेवाएं बंद हो गईं, तो हम काफी परेशान हो गए। काजमी ने कहा, लेकिन जैसे ही संचार व्यवस्था बहाल हुई, हमें एहसास हुआ कि स्थिति नियंत्रण में है। हमें तसल्ली मिली कि सब ठीक है। परामर्श जारी होते ही हमने दूतावास में पंजीकरण करा लिया और आगे के निर्देशों का इंतजार करने लगे। मेरी मां की उड़ान पहले से ही निर्धारित थी, इसलिए सब कुछ सुचारु रूप से हो गया और हम खुश हैं। हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। एक पिता ने अपनी बेटी को सीने से लगा लिया। इस दौरान उसकी आंखों से खुशी और राहत के आंसू छलक पड़े। तेहरान से लौटी एक छात्रा ने बताया, काफी मुश्किल दौर था। सड़कों पर हालात तनावपूर्ण थे और इंटरनेट सेवा बंद होने की वजह से हमें लग रहा था कि हम दुनिया से कट गए हैं। अब भारत लौटकर और अपने परिजनों से मिलकर हमें बड़ी राहत मिली है तथा हम सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एक अन्य छात्र शाजिद ने बताया कि स्थिति अनिश्चित थी और संचार माध्यम के ठप होने से डर का एहसास बढ़ गया था।

### गरीबों को

स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक जाड़ा पड़ेगा, राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने का हमारा अभियान चलता रहेगा। जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, अपनी मुहिम में हम हरगिज कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।






# यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को हराया

## लैनिंग और लिचफील्ड के अर्धशतक, यूपी वॉरियर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी



नवी मुंबई। यूपी वॉरियर्स ने कप्तान मेग लैनिंग (70 रन) और फीबी लिचफील्ड (61) के अर्धशतकों और दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों टीम तीन दिन में दूसरी बार आमने सामने हुईं। दोनों ही बार यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को पराजित किया। लैनिंग की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने आठ विकेट पर 187 रन बनाए।

इसके जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की आधी टीम 11वें ओवर में 69 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद अमेलिया केर (नाबाद 49 रन) और अमनजोत कौर (41 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 45 गेंद में 83 रन की भागीदारी की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यूपी वॉरियर्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर खाता खोला था। अब दोनों टीमों के पांच मैच में चार चार अंक हैं। यूपी वॉरियर्स के लिए शिखा पांडे ने 30 रन देकर दो विकेट झटके जबकि क्रांति गौड़, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और क्लो ट्रायोन को एक एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 18 रन, नटाली साइवर ब्रंट ने 15, हैली मैथ्यूज ने 13 रन और सजीवन सजना ने 10 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार पांचवें मैच में असफल रहीं और पहले ही ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बोल्ड हो गईं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की महान क्रिकेटर लैनिंग ने हमवतन लिचफील्ड के साथ महज 76 गेंद में 119 रन की भागीदारी निभाकर टीम के प्रतिस्पर्धी स्कोर की नींव रखी।

लैनिंग ने 45 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और दो छक्के जमाए जबकि उभरती हुई स्टार लिचफील्ड ने 37 गेंद में सात चौके और तीन छक्के जड़े। पर 13वें ओवर में अमनजोत कौर ने लिचफील्ड को आउट किया जिससे यूपी वॉरियर्स को 124 रन पर दूसरा झटका लगा। अगले ओवर में लैनिंग भी पवेलियन लौट गईं जिससे स्कोर तीन विकेट पर 136 रन हो गया। फिर हरलीन देओल ने 16 गेंद में 25 रन और क्लो ट्रायोन ने 13 गेंद में 21 रन बनाकर योगदान दिया। मुंबई इंडियंस का क्षेत्ररक्षण काफी लचर रहा और उसने कम से कम पांच छोड़े। उसके लिए अमेलिया केर ने 28 रन देकर तीन जबकि नटाली साइवर ब्रंट ने 22 रन देकर दो विकेट झटके। निकोला कैरी, हैली मैथ्यूज और अमनजोत कौर को एक एक विकेट मिला। यूपी वॉरियर्स ने कप्तान मेग लैनिंग (70 रन) और फीबी लिचफील्ड (61) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रन की भागीदारी से शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में आठ विकेट पर 187 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस का क्षेत्ररक्षण काफी लचर रहा और उसने कम से कम पांच कैच छोड़े। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद किरण नवगिरे (शून्य) फिर असफल रहीं और पहले ही ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बोल्ड हो गईं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की महान क्रिकेटर लैनिंग ने हमवतन लिचफील्ड के साथ महज 76 गेंद में 119 रन की भागीदारी निभाकर टीम के प्रतिस्पर्धी स्कोर की नींव रखी।

लैनिंग ने 45 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और दो छक्के जमाए जबकि उभरती हुई स्टार लिचफील्ड ने 37 गेंद में सात चौके और तीन छक्के जड़े। पर 13वें ओवर में अमनजोत कौर ने लिचफील्ड को आउट किया जिससे यूपी वॉरियर्स को 124 रन पर दूसरा झटका लगा। अगले ओवर में लैनिंग भी पवेलियन लौट गईं जिससे स्कोर तीन विकेट पर 136 रन हो गया। फिर हरलीन देओल ने 16 गेंद में 25 रन और क्लो ट्रायोन ने 13 गेंद में 21 रन बनाकर योगदान दिया। मुंबई इंडियंस के लिए अमेलिया केर ने 28 रन देकर तीन जबकि नटाली साइवर ब्रंट ने 22 रन देकर दो विकेट झटके। निकोला कैरी, हैली मैथ्यूज और अमनजोत कौर को एक एक विकेट मिला। वहीं दूसरी ओर मौजूदा चैंपियन एमआई केपटाउन ने यहां सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। सनराइजर्स (24 अंक), पार्ल रॉयल्स (24 अंक) और प्रिटोरिया कैपिटल्स (20 अंक) पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। एमआई केपटाउन के 14 अंक हैं।

# एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब जीता मेनसिक को ऑकलैंड ओपन का खिताब

**एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब जीता**

एडिलेड। तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यहां लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6- । से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं। कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता। वहीं दूसरी ओर तीसरी वरीयता प्राप्त जैकब मेनसिक ने अपनी तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश करते हुए शनिवार को यहां सेबेस्टियन बाएज को सीधे सेटों में हराकर ऑकलैंड ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज मेनसिक ने फाइनल में 6-3, 7-6 (7) से जीत हासिल करने के लिए 18 ऐस लगाए। चेक गणराज्य के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाकर अपना दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। अब वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लेंगे जहां पहले दौर में उनका मुकाबला स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा से होगा। ऑकलैंड में क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराने वाले बाएज मेलबर्न में पहले दौर में जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से भिड़ेंगे। वहीं दूसरी ओर नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे। जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के



पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व संध्या पर कहा 2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं जहां वे अभी हैं।

**संक्षेप**

## टीसीसी ने स्मैश क्लब को आठ विकेट से हराया

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच इश्तियाक अहमद (4 विकेट) की उपयोगी गेंदबाजी की बदौलत टीसीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मैच में स्मैश क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से शिकस्त दी। चौक स्टेडियम पर स्मैश क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवर में 64 रन पर आल आउट हो गया। सलामी बल्लेबाज गौरव ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन नहीं बना सके। टीसीसी से इश्तियाक अहमद ने तीन ओवर में 13 रन देकर चार विकेट की सफलता पाई। डा.प्रियेश, डा.फिरोज खान, सुमित गुप्ता व अमित पाठक को एक-एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में टीसीसी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। जीत में अफसर सिद्दीकी ने 28, मयंक ने नाबाद 19 और हनी जाफरी ने नाबाद 10 रन का योगदान किया। स्मैश क्लब से शिवांकर सक्सेना को दो विकेट की सफलता मिली।

## एंड्रीवा और मचाक ने एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब जीता

एडिलेड। तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यहां लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं। कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता। बाद में पुरुष एकल के फाइनल में थॉमस मचाक ने उगो हम्बर्ट को 6-4, 6-7 (2), 6-2 से पराजित किया।

## वीर चोटरानी क्वार्टर फाइनल में हारे

नयी दिल्ली। भारत के वीर चोटरानी अमेरिका के क्लीवलैंड में चल रहे स्क्वाश इन द लैंड 2026 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व रैंकिंग में 52वें स्थान पर काबिज चोटरानी ने इस पीएसए रजत स्तर के टूर्नामेंट के मैच में दूसरे और तीसरे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी।

# सौराष्ट्र और विदर्भ के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी

बेंगलुरु। बिना किसी स्टार खिलाड़ी के बावजूद अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सौराष्ट्र और विदर्भ के बीच रविवार को यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के मैदान पर होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है क्योंकि दोनों टीम कागजों पर एक समान नजर आती हैं। विदर्भ अपना तीसरा जबकि सौराष्ट्र पहला खिताब जीतने के लिए आमने-सामने होंगे। दोनों टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा

**विजय हजारे ट्रॉफी फाइनल**

प्रदर्शन किया है जिससे उनकी टीम मजबूत टीमों को हराने में सफल रही। सौराष्ट्र के कप्तान हार्विक देसाई 561 रन के साथ टीम के शीर्ष रन स्कोरर हैं। उन्हें विश्वराज जडेजा का अच्छा साथ मिला है जिन्होंने पंजाब के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। दूसरी ओर विदर्भ की बल्लेबाजी को टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले अमन मोखाडे (781 रन) और ध्रुव शोरे (515 रन) ने मजबूती दी है। मोखाडे पारंपरिक सलामी बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

कर्नाटक के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने जिस तरह धैर्य से शतक जड़ा उससे उनके कौशल का पता चलता है। रविकुमार समर्थ ने भी मध्य क्रम में कुछ उपयोगी योगदान देकर अपनी अहमियत साबित की है और उन्होंने अब तक कुल 427 रन बनाए हैं। बल्लेबाजी के लिहाज से इन दोनों टीमों में कोई खास अंतर नहीं है और गेंदबाजी की कहानी भी कुछ इसी तरह की है। तेज गेंदबाज अंकुर पंवार (21 विकेट) और चेतन सकारिया (15) ने सौराष्ट्र के आक्रमण को अच्छी तरह से संभाला है। इन दोनों ने नई गेंद और डेथ ओवरों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। विदर्भ ने इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी विभाग में नचिकेत भूटे (15) और यश ठाकुर (15) पर अब तक जो भरोसा दिखाया है उस पर वह पूरी तरह



से खरे उतरे हैं और फाइनल में भी इस तेज गेंदबाजी जोड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। दर्शन नालकंडे (12) भी विदर्भ को तेज गेंदबाजी विकल्प प्रदान करते हैं। सेमीफाइनल के अंतिम ओवरों में जिस तरह से उन्होंने कर्नाटक की बल्लेबाजी को ध्वस्त किया, उससे उनके कौशल और धैर्य का पता चलता है। फाइनल में टॉस महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकता है क्योंकि दूसरी पारी की शुरुआत में ओस पड़ने लगती है और जो भी टीम टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। यहां सीओई के दोनों मैदानों पर खेले गए छह नॉकआउट मैचों में से चार में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है,

जिससे विशेष पर दूसरी पारी में स्पिनरों की भूमिका भी कम हो जाएगी। हालांकि विदर्भ के युवा कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे की बल्लेबाजों को नियंत्रण में रखने की क्षमता काम आ सकती है। ऐसी परिस्थितियों में वही टीम चैंपियन बनेगी जो बेहतर धैर्य और जज्बा दिखाएगी। मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा।

## पुणे ग्रैंड टूर में सबसे बड़ा दल उतारेगा भारत

पुणे। भारत सोमवार से यहां शुरू हो रहे बजाज पुणे ग्रैंड टूर पर पहली बार यूसीआई 2.2 मल्टी स्टेज रोड रेस की मेजबानी करेगा जिससे देश के साइकिलिस्टों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए अहम अंक मिलेंगे। भारत इस पांच-दिवसीय प्रतियोगिता में 12 चालकों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल उतारेगा (जिसे भारत की राष्ट्रीय टीम और भारतीय डेवलपमेंट टीम में बांटा गया है)। यह प्रतियोगिता 23 जनवरी तक चलेगी और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफिकेशन की राह में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। रेस की शुरुआत गुडलक चौक पर 7.5 किमी के प्रोलॉग से होगी जो जनरल क्लासिफिकेशन में शुरुआती पोजिशन तय करेगा। इसके बाद पुणे और पश्चिमी घाट में चार चरण की मुश्किल परीक्षा होगी। 20 जनवरी को पहले चरण में 87.2 किमी मुलशी-मावल माइल्स और दूसरे चरण में 105.3 किमी मराठा हेरिटेज सर्किट रेस शामिल होगी। फिर 22 जनवरी को वेस्टर्न घाट गेटवे चरण होगा और रेस का समापन 95 किमी पुणे प्राइड लूप से होगा। इसे भारतीय साइकिलिंग के लिए एक अहम पल बताते हुए भारतीय महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा, यूसीआई 2.2 मल्टी-स्टेज रेस हासिल करना आसान नहीं था।

# अंडर-19 : भारत ने बांग्लादेश को हराया, वैभव व अभिज्ञान की फिफ्टी

एजेंसी

बुलावायो। भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने शनिवार को बांग्लादेश को बारिश से प्रभावित मैच में 18 रन से हराया। बुलावायो में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत पहले खेलते हुए 48.4 ओवर में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को 49 ओवर में 239 रन का टारगेट दिया, जिसे बारिश के कारण रिवाइज करके 29 ओवर में 165 रन कर दिया गया। आखिर में बांग्लादेशी टीम ने 28.3 ओवर में 146 ही बना सकी।

भारतीय टीम के लिए विहान मल्होत्रा ने 4 विकेट झटके। भारतीय टीम से अभिज्ञान कुंडू (80 रन) और वैभव सूर्यवंशी (72 रन) ने फिफ्टी लगाई। वैभव सूर्यवंशी ने सूर्यकुमार यादव जैसा कैच पकड़ा वैभव सूर्यवंशी ने बांग्लादेश की पारी के 26वें ओवर में बाउंड्री पर ठीक वैसा कैच पकड़ा, जैसा सूर्यकुमार यादव ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में पकड़ा था। वैभव के कैच से मोहम्मद समियुन बसीर रतुल 2 रन बनाकर आउट और दबाव बना। मैच के बाद दोनों टीमों ने हाथ मिलाया मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आपस में



हाथ मिलाया। इससे पहले टॉस कराने आए बांग्लादेश के उपकप्तान जवाद अबरार ने भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे से हाथ नहीं मिलाया।

इस पर इउइ ने कहा- 'प्रतिद्वंद्वी कप्तान से हाथ न मिल पाना अनजाने में हुआ। अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी ने जुझारू अर्धशतक लगाये लेकिन तेज गेंदबाज अल फहाद के पांच विकेट की मदद से बांग्लादेश ने अंडर 19 विश्व कप के मैच में शनिवार को भारत को 48 . 4 ओवर में 238 रन पर आउट कर दिया। बांग्लादेश ने वर्षाबाधित मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और अनुशासित गेंदबाजी से भारत को लगातार दबाव में बनाये रखा। आक्रामक युवा सलामी बल्लेबाज वैभव भी चिर परिचित अंदाज में नहीं खेल पाये और उन्हें 72 रन की पारी में 67 गेंद खेलनी पड़ी। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये।

## जडेजा की फॉर्म चिंता का विषय नहीं : सिराज

इंदौर। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सीनियर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का समर्थन करते हुए शनिवार को यहां कहा कि वह जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगे और रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बाएं हाथ के स्पिनर को अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने के लिए केवल एक विकेट की जरूरत होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में जडेजा विकेट लेने में नाकाम रहे थे। इससे पहले वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में भी केवल एक विकेट ले पाए थे। सिराज ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं लगता कि जडेजा की फॉर्म किसी तरह से भी चिंता का विषय है। यह केवल एक विकेट की बात है। एक बार वह विकेट मिल जाए तो आपको एक बिल्कुल अलग तरह का गेंदबाज देखने को मिलेगा। सिराज ने कहा कि दोनों वनडे में दबाव में होने के बावजूद गेंदबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरे वनडे में कुछ मौके गंवाए जिससे न्यूजीलैंड तीन मैच की श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा। उन्होंने कहा हमने दोनों मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। पहले वनडे में हमारी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों ही शानदार रहीं। दूसरे मैच में शुरुआती विकेट गिरने के बावजूद केएल राहुल ने अच्छी बल्लेबाजी की और नितीश रेड्डी ने भी योगदान दिया।

# भारत का फीफा विश्व कप खेलने का सपना अब भी जीवंत है : आशालता

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल की दिग्गज खिलाड़ी आशालता देवी का कहना है कि फीफा महिला विश्व कप में देश को खेलते हुए देखने का सपना अब भी जीवंत है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अंतर को पाटने के लिए जमीनी स्तर पर निरंतर प्रगति महत्वपूर्ण है। आशालता ने कहा, विश्व कप में खेलने का हमारा सपना अभी भी जीवित है। हमें इस समय और भी ज्यादा मेहनत करनी होगी।

इस अनुभवी डिफेंडर ने कहा कि तीनों राष्ट्रीय टीमें अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम एएफसी एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जिससे 2026 भारत में महिला फुटबॉल के लिए एक निर्णायक वर्ष साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम पहले ही एएफसी (प्रतियोगिताओं) के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। अगर हम वहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो जाहिर है कि विश्व कप का हमारा सपना पूरा हो सकता है। हमारा यह सपना अभी भी जीवित है। भारत की तरफ से 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली आशालता ने कहा कि सीनियर टीम लगातार अच्छी प्रगति कर रही है लेकिन अभी वह विश्वस्तरीय मानकों से काफी पीछे है। उन्होंने कहा हम लंबे समय से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन फिर भी विश्वस्तरीय मानकों तक नहीं पहुंचे हैं।

मुझे खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहेंगे। आशालता ने कहा कि खेल की जमीनी स्तर पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा समस्या यह है कि हम बुनियादी बातों को छोड़ देते हैं और सीधे तकनीकी पहलुओं पर चले जाते हैं। मैंने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया था। अब कई खिलाड़ी 10 या 11 साल की उम्र में शुरू करते हैं। लेकिन अगर हम पांच या छह साल की उम्र में शुरू करें तो खेल की बारीकियां अच्छी तरह से सीख सकते हैं।

# न्यूजीलैंड से श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी

इंदौर। अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर

**इतिहास रचने उतरेगा न्यूजीलैंड**

इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है।

उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवतः सबसे अच्छा अवसर है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर नहीं चाहेंगे कि उनके नेतृत्व में घरेलू मैदान पर टीम को एक और श्रृंखला में हार का सामना करना पड़े। विशेषकर तब जबकि उन्होंने कई अनचाहे रिकॉर्ड बनाए हैं। गंभीर के कोच रहते हुए भारत ने घरेलू मैदान पर



पांच टेस्ट मैच हारे हैं और पहली बार श्रीलंका में वनडे श्रृंखला गंवाई। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में भारत की हार किसी एक असाधारण पारी के कारण नहीं बल्कि न्यूजीलैंड का बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखने के कारण हुई। डैरिल मिचेल का नाबाद शतक सुनियोजित आक्रामकता पर आधारित था। उन्होंने विशेषकर भारत के स्पिनरों को निशाना बनाया। यह एक ऐसा विभाग है जिसमें भारत हाल के दिनों में संघर्ष करता नजर आ रहा है। इंदौर के होलकर स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और गेंदबाजों को विकेट से बहुत कम मदद मिलने के कारण गलती की गुंजाइश और भी कम हो जाती है। स्पिन गेंदबाजी का सामना करने की भारत की क्षमता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# साइ ने सहायक कोच के 323 पदों के लिए आवेदन मंगाए

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने अपने उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) और अन्य प्रशिक्षण स्थलों में सहायक कोच के लिए आवेदन मंगाए हैं। साइ ने 26 खेलों में सहायक कोच के 323 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिनमें से 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

इन खेलों में निशानेबाजी, एथलेटिक्स, तैराकी और कुश्ती भी शामिल हैं। साइ ने कहा कि इन सहायक कोच की भारत भर में फैले उसके विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और प्रशिक्षण केंद्रों में तैनाती की जाएगी। संस्था ने अपनी नवीनतम अधिसूचना में कहा है, भर्ती दो चरणों वाली प्रक्रिया में पूरी की जाएगी। इनमें कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा यानि कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और कोचिंग योग्यता परीक्षा (सीएटी) शामिल हैं। इसमें आगे कहा गया है, भर्ती पद्धति में कोचिंग योग्यता परीक्षा के लिए 60 प्रतिशत अंक और कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए 40 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। एथलेटिक्स और निशानेबाजी में 28-28 पद रिक्त पड़े हैं जबकि तैराकी में 26 पद भरे जाएंगे।



कुश्ती के लिए 22 कोच की नियुक्ति की जाएगी। मुक्केबाजी में 19 सहायक कोच की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा भारोत्तोलन, तीरंदाजी, बैडमिंटन और टेबल टेनिस आदि खेलों में भी पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा दिल्ली, लखनऊ चंडीगढ़, भोपाल, गांधीनगर, मुंबई, कोलकाता, भुवनेश्वर, हैदराबाद, बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और इम्फाल में आयोजित की जाएगी।

साइ ने कहा, उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों की संख्या को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। वही उम्मीदर इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जिनकी उम्र कम से कम 30 वर्ष हो तथा जिनके पास साइ एनएस-एनआईएस पटियाला या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय से कोचिंग में डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता हो।

# पीएम आज गुवाहाटी में रोडशो का करेंगे नेतृत्व

## काले रंग की एक एसयूवी में आगे की सीट पर बैठे मोदी ने हाथ हिलाकर किया उत्साहित भीड़ का अभिवादन

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां एक रोडशो में शामिल हुए और राज्य के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन असम के विविध सांस्कृतिक तत्वों का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री शनिवार शाम को राज्य की राजधानी पहुंचे। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान वह लगभग 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। यह रोडशो यहां लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एलजीबीआईए) के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर स्थित गोलचक्कर से शुरू हुआ और लगभग चार किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अजारा में समाप्त हुआ। काले रंग की एक एसयूवी में आगे की सीट पर बैठे मोदी को उत्साहित भीड़ की ओर हाथ हिलाते हुए देखा गया।

वह दस हजार से अधिक कलाकारों द्वारा बोडो समुदाय के पारंपरिक बागुरुम्बा नृत्य को देखने के लिए सरुसजाई में अर्जुन भोगेश्वर बरुआ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अंदर इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम गए। जैसे ही उनका काफिला रोडशो स्थल पर पहुंचा, वाहन की गति धीमी हो गई और इस बीच मोदी जी जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे सड़कों पर गूंजने लगे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता रोडशो के दौरान मोदी के



साथ मौजूद थे। यह रोडशो असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ताकत का प्रदर्शन था, जहां इस साल मार्च-अप्रैल में राज्य विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए चार किलोमीटर लंबे रोडशो के रास्ते में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने असम की विविध जातीय संस्कृति का अनुभव किया। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से आये सैकड़ों कलाकारों के प्रदर्शन के लिए सड़क किनारे कई मंच बनाए गये थे। उन्होंने कहा, हमने अपनी जातीय और स्वदेशी जनजातियों के नृत्य, गीत और वाद्य यंत्र बजाने के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी की गई थी और प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शहर में उनकी सुगम आवाजाही के लिए विस्तृत इंतजाम किये गये थे।

### गुवाहाटी-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर का वाणिज्यिक परिचालन जल्द होगा : रेलवे

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा से पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद रेल मंत्रालय ने कहा कि आम यात्रियों के लिए इसका वाणिज्यिक परिचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, फिलहाल आम यात्रियों के लिए इस ट्रेन में बुकिंग उपलब्ध नहीं है। लेकिन बुकिंग प्रणाली में इसे शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम यात्रियों के लिए ट्रेन उपलब्ध होने की तारीख अभी तय नहीं की गई है। प्रधानमंत्री द्वारा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की डिजिटल रूप से शुरुआत किए जाने के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए असम के कामाख्या रेलवे स्टेशन पहुंचे कई लोगों ने कहा कि रेलवे को जल्द से जल्द ट्रेन का वाणिज्यिक परिचालन शुरू करना चाहिए ताकि जरूरतमंद यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

# कश्मीर में कड़ाके की सर्दी जारी, अगले कुछ दिनों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान

श्रीनगर। कश्मीर में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से यहां ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में विशेष रूप से घाटी के ऊपरी इलाकों में बारिश या बर्फबारी का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार, श्रीनगर में शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात दर्ज किए गए तापमान (शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे) की तुलना में कम है।



दक्षिण कश्मीर का शोपियां, घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा गिरकर शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच गया। वहीं, पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के तापमान के बराबर ही था। इसके अलावा, उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में तापमान शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जो पिछली रात के दर्ज तापमान (शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे) के मुकाबले कम था। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। शुक्रवार को यहां मध्यम बर्फबारी भी हुई थी। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में पारा शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। वहीं, कोकरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में इस समय चिल्ला-ए-कलां का दौर जारी है।

## संक्षेप

### पाक ने बलूचिस्तान के 12 आतंकवादी किए ढेर

कराची। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों की कार्वाई में अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में दो बैंक और एक पुलिस थाने पर हमला करने वाले 12 आतंकवादी मारे गए। सेना ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। सेना के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी बयान के अनुसार, करीब 15-20 आतंकवादियों ने खारान कस्बे में दो बैंक और एक पुलिस थाने पर हमला कर कुछ कर्मियों को बंधक बना लिया था। इन कर्मियों को बाद में एक अभियान के दौरान सकुशल बचा लिया गया।

इसमें कहा गया कि आतंकवादियों ने 15 जनवरी को बैंकों से 34 लाख पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) लूटकर भागने की कोशिश की तथा इस घटना के बाद हुई तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में उनमें से 12 आतंकवादी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि खारान कस्बे पर हमले में शामिल आतंकवादी प्रांत में अन्य आतंकी हमलों में भी शामिल रहे थे। उसने कहा कि खारान और आसपास के इलाकों में आतंकवादियों को खोजने का अभियान अब भी जारी है।

# सबका साथ-सबका विकास की भावना से गांवों को सशक्त कर रही है सरकार : सीएम

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना से गांवों को सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने यहां ग्राम पंचायतों के प्रशासकों के साथ संवाद किया। शर्मा ने कहा कि सरपंच गांव की आवाज और ग्राम पंचायत शासन की पहली सीढ़ी है। पंचायतों के सशक्त होने से ही प्रदेश मजबूत होगा क्योंकि विकास का पथ गांवों से होकर ही गुजरता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र - सबका साथ, सबका विकास को साकार करते हुए गांवों का सशक्तिकरण कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि सरपंच कोई पद नहीं, बल्कि सेवा और संकल्प का माध्यम है। सरपंच वह पहला व्यक्ति होता है, जिसके पास गांव का हर नागरिक उम्मीद लेकर आता है। किसान सम्मान निधि, पेंशन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, पेयजल, बिजली, आवास, शौचालय निर्माण, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र जैसी जरूरतों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए गांव सर्वप्रथम सरपंच की ओर ही देखता है।

# संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर होनी चाहिए

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर होनी चाहिए, न कि विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव में। न्यायालय ने यह भी कहा कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर समझौते करते समय अपनी कर संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए, निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए और दुरुपयोग को रोकना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की ये टिप्पणियां उस फैसले के दौरान आईं, जिसमें शीर्ष अदालत ने घरेलू राजस्व अधिकारियों के उस निर्णय को बरकरार रखा, जिसके अनुसार अमेरिका स्थित निवेशक कंपनी टाइगर ग्लोबल द्वारा 2018 में फ्लिपकार्ट से बाहर निकलने पर उत्पन्न पूंजीगत लाभ भारत में कर योग्य है। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने एक अलग लेकिन सहमति वाला फैसला लिखा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर संधियों के प्रति किस तरह का व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कर संधियां, अंतरराष्ट्रीय समझौते, प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपाय अत्यंत सहभागी, पारदर्शी होने चाहिए और उनमें समय-समय पर समीक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही संधि से बाहर निकलने के मजबूत प्रावधानों के साथ पुनः वार्ता की शक्ति भी होनी चाहिए, ताकि अनुचित परिणामों से बचा जा सके, राष्ट्र के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की रक्षा हो, कर आधार के क्षरण तथा लोकतांत्रिक

❍ विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव में न आयें न्यायालय

नियंत्रण के नुकसान या कमजोर पड़ने को रोका जा सके और संप्रभु के कराधान अधिकार की रक्षा के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल किए जा सकें। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर की जानी चाहिए।

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर समर्थन नहीं करने वाले देशों को दी चेतावनी

एजेंसी

कोपेनहेगन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका के नियंत्रण का समर्थन न करने वाले देशों को वह शुल्क लगाकर दंडित कर सकते हैं। अमेरिकी संसद के द्विदलीय प्रतिधिनमंडल ने ट्रंप से डेनमार्क के साथ तनाव कम करने का अनुरोध किया है, जिसके बाद ट्रंप ने यह बात कही। ट्रंप महीनों से ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण होने की बात कहते आ रहे हैं, जिसपर फिलहाल डेनमार्क का नियंत्रण है। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका के नियंत्रण के अलावा कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को अपने कार्यालय व्हाइट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि उन्होंने औषधियों के मामले में यूरोपीय देशों को किस तरह धमकाया था। उन्होंने कहा मैं ग्रीनलैंड के लिए भी ऐसा कर सकता हूं। मैं ग्रीनलैंड के मामले पर समर्थन न देने वाले देशों पर शुल्क लगा सकता हूं।

# निर्वाचन आयोग खो रहा विश्वसनीयता

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) अपनी विश्वसनीयता और जनता का भरोसा खो रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से उठाये गये मुद्दों का समाधान किया जाना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग को अपनी खोई हुई विश्वसनीयता को फिर से हासिल करने के लिए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करना होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी गांधी के उस बयान के एक दिन बाद आई है



जिसमें उन्होंने कहा था कि वोट चोरी एक राष्ट्र विरोधी कृत्य है और निर्वाचन आयोग पर नागरिकों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

गांधी की यह टिप्पणी महाराष्ट्र महानगरपालिका चुनावों में मार्कर पेन में इस्तेमाल की गई स्याही की गुणवत्ता को लेकर हुए विवाद के बाद आई है। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने कहा है कि वह महानगरपालिका चुनावों में इस्तेमाल किये गये मार्कर पेन की स्याही की गुणवत्ता की गहन जांच करेगा, क्योंकि विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया है कि मतदाता की उंगली पर लगे निशान को आसानी से मिटाया जा सकता है, जिससे फर्जी मतदान की आशंका है।

शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव मतदाताओं का विश्वास और भरोसा जगाने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने दावा किया, निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और न्यायसंगत दिखना चाहिए।

# भारत में जाति अभी भी सबसे बड़ा प्रवेश फॉर्म

एजेंसी

नयी दिल्ली। दलित छात्र रोहित वेमुला की मौत के दस साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के युवाओं की स्थिति में

❍ भेदभाव विरोधी कानून की जरूरत : राहुल

कोई बदलाव नहीं आया है और देश में भेदभाव विरोधी कानून की सख्त जरूरत है। हैदराबाद विश्वविद्यालय के 26 वर्षीय छात्र रोहित ने संस्थान में कथित उत्पीड़न के बाद 17 जनवरी 2016 को खुदकुशी कर ली थी, जिसके बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवाद के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन शुरू हो गया था। इन विरोध-प्रदर्शनों में राहुल सहित कांग्रेस के कई नेता भी शामिल हुए थे। राहुल ने एक्स



पर एक पोस्ट में कहा, आज रोहित वेमुला को गए 10 साल हो गए। लेकिन रोहित का सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है : क्या इस देश में सबको सपने देखने का बराबर हक है? उन्होंने लिखा रोहित पढ़ना चाहता था, लिखना चाहता था। वह विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था। लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, औकात दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार-यही वह जहर था, जिसने एक होनहार युवा को उस मुकाम तक धकेल दिया, जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया। उन्होंने लिखा, और आज? क्या दलित युवाओं की हकीकत बदली है? शिक्षण संस्थानों में वही तिरस्कार, छात्रावास में उसी तरह से अलग-थलग किया जाना, कक्षा में कमतर समझा जाना, फिर वही हिंसा-और कभी-कभी वही मौत। क्योंकि जाति आज भी इस देश का सबसे बड़ा प्रवेश फॉर्म है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'डॉन-3' में शाहरुख खान की होगी वापसी

मुंबई। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन-3' एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। नई रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी में शाहरुख खान की वापसी हो सकती है। बताया जा रहा है कि फरहान अख्तर और किंग खान के बीच फिल्म को लेकर दोबारा बातचीत शुरू हो चुकी है। टेली

❍ फरहान अख्तर के सामने एक्टर ने रखी शर्त; पहले रणवीर सिंह लीड रोल निभाने वाले थे




चक्कर की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान ने फिल्म में लौटने के संकेत तो दिए हैं, लेकिन एक खास शर्त के साथ। एक्टर चाहते हैं कि 'डॉन-3' का निर्देशन साउथ के चर्चित डायरेक्टर एटली करें। शाहरुख ने फरहान के सामने यह प्रस्ताव रखा है कि अगर एटली इस प्रोजेक्ट से जुड़ते हैं, तो वह फिल्म में वापसी पर विचार कर सकते हैं। बता दें कि शाहरुख औ एटली जवान में साथ काम कर चुके हैं। एटली के निर्देशन में शाहरुख की ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। शाहरुख स्टारर 'डॉनः द चेज बिगेन अगने' साल 2006 में आई थी। ये फिल्म 1978 में आई अमिताभ बच्चन की फिल्म 'डॉन' की रीमेक थी। गौरतलब है कि फरहान अख्तर पिछले तीन सालों से डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म पर काम कर रहे हैं, लेकिन कास्टिंग को लेकर यह प्रोजेक्ट लगातार अटका हुआ है। शुरूआत में फिल्म के लिए रणवीर सिंह को कास्ट किया गया था, लेकिन 'धुरंधर' की सफलता के बाद उन्होंने खुद को फिल्म से अलग कर लिया। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि रणवीर को उनकी कथित अनुचित मांगों की वजह से फिल्म से हटाया गया। रणवीर सिंह के बाहर होने के बाद ऋतिक रोशन को भी 'डॉन-3' ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने भी फिल्म करने से इनकार कर दिया। मूवी टॉकीज की रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक इन दिनों 'कृष-4' से डायरेक्टोरियल डेब्यू की तैयारी में हैं और उनके पास कई बड़ी पैन इंडिया फिल्में भी लाइनअप में हैं। इसी वजह से उनका आने वाला शेड्यूल पूरी तरह पैक है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या डॉन-3 में शाहरुख खान की दमदार वापसी होती है।

# तमन्ना के आइटम नंबर 'आज की रात' ने बनाया रिकॉर्ड

मुंबई। स्त्री-2 में तमन्ना भाटिया का डांस नंबर 'आज की रात' ने एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस गाने ने यूट्यूब पर ऑफिशियली 1 बिलियन यानी कि 100 करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। एक्ट्रेस

❍ यूट्यूब पर गाने को 100 करोड़ व्यूज मिले

ने इस अचीवमेंट्स पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने गाने की शूटिंग के कुछ क्लिप शेयर करते हुए लिखा- पहले व्यू से लेकर 1 बिलियन व्यूज तक। आप सभी के प्यार के लिए शुक्रिया। शेयर किए गए वीडियो क्लिप में तमन्ना कोरियोग्राफर विजय गांगुली और टीम के बाकी सदस्यों के साथ नजर आ रही हैं। दूसरे और तीसरे क्लिप में वो



परफॉर्म करते दिख रही हैं। 'आज की रात' गाने की बात करें तो ये श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म स्त्री-2 का गाना है। इस आइटम डांस नंबर को तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है। गाने को मधुबंती बागची और दिव्या कुमार ने आवाज दी है।

# फिल्म : 'ओ रोमियो' का पहला गाना रिलीज

मुंबई। विशाल भारद्वाज की मच अवेटेड फिल्म 'ओ'रोमियो' अपने दमदार टीजर के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। मेकर्स ने टीजर के बाद अब फिल्म का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे' रिलीज कर दिया है। गाने में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के

❍ 'हम तो तेरे ही लिए थे' में शाहिद तृप्ति की शानदार केमिस्ट्री दिखी




बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने के बीच में एक झलक अविनाश तिवारी की भी मिलती है, जो बेहद ही अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। गाने के बीच अविनाश की आवाज में डायलॉग सुनाई देते है, जिसमें वो कहते हैं- आएगा, तेरा रोमियो आएगा। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की केमिस्ट्री इस गाने की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरती है।

# 'मर्दानी 3' में रानी मुखर्जी की लड़ाई सबसे ज्यादा खतरनाक

मुंबई। 'राजा की आएगी बारात' से लेकर 'मर्दानी' तक रानी मुखर्जी ने हमेशा समाज को झकझोरने वाली कहानियां चुनीं। इस बार रानी मुखर्जी की लड़ाई फिल्म ह्यमर्दानी 3' में सबसे ज्यादा खतरनाक होने वाली है। यह फिल्म 30 जनवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज होगी। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि ऐसे किरदार निभाने की हिम्मत काली और दुर्गा से मिलती है। रानी मुखर्जी कहती हैं 'मर्दानी' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, ये एक जिम्मेदारी है। शिवानी शिवाजी रॉय लोगों के दिलों में बस चुकी है। हर बार जब मैं इस किरदार में लौटती हूं, तो दबाव होता है कि पहले




से ज्यादा सच्चाई और ताकत के साथ आऊं। इस बार लड़ाई और भी खतरनाक है, विषय और भी डरावना है। लेकिन ऐसी कहानियां बार-बार कही जानी चाहिए, क्योंकि जब तक दर्शक इन्हें देखेंगे नहीं, तब तक ऐसी फिल्में बनती नहीं रहेंगी। रानी मुखर्जी ने 'राजा की आएगी बारात' से लेकर 'मर्दानी 3' तक ऐसे मुश्किल टॉपिक्स चुने हैं, जो समाज को झकझोर कर रख देते हैं। रानी मुखर्जी कहती हैं- ऐसे किरदार निभाने की हिम्मत मम्मी और काली- दुर्गा से मिलती है। हम लोग बचपन से काली और दुर्गा को पूजते आए हैं। दुर्गा-काली की कहानियां सुनकर बड़े हुए हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K